RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 299 ■ मुंबई, बुधवार 21 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह




बलूचिस्तान के बाद अब सिंध की भी आजादी!
पेज-4



वैश्विक धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर और मजबूत होगा उत्तर प्रदेश
पेज-6



बच्चों के कद को बढ़ाने वाले व्यायाम
पेज-8



दिग्वेश राठी और अभिषेक शर्मा पर गिरी गाज
पेज-9

Short News एक नजर

### प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को राहत नहीं मिली। सोनीपत की जिला अदालत ने मंगलवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में प्रोफेसर को रविवार को गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डालने सहित कई गंभीर आरोपों में 2 प्राथमिकी दर्ज हैं। सुप्रीम कोर्ट भी प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जता चुका है, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट के लिए अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

### अरविंद केजरीवाल को एक और झटका!

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद राजधानी में आम



आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब दिल्ली नगर निगम की एकमात्र किन्नर पार्षद बॉबी किन्नर ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी है। बॉबी किन्नर ने आम आदमी पार्टी छोड़कर नवगठित इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का दामन थाम लिया है। बॉबी किन्नर से पहले आम आदमी पार्टी के 15 पार्षद अरविंद केजरीवाल का साथ छोड़ चुके हैं।

### शराब घोटाले के मामले में आईएएस गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शराब घोटाले के मामले में आईएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया है। चौबे झारखंड आबकारी विभाग के तत्कालीन सचिव थे। सितंबर 2024 में छत्तीसगढ़ एसीबी ने उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया था। छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर झारखंड एसीबी ने मामले की जांच के लिए पीई दर्ज की थी।

### परमाणु साइंटिस्ट एम आर श्रीनिवासन का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम पर काम करने वाले



साइंटिस्ट MR श्रीनिवासन का मंगलवार 20 मई को तमिलनाडु के ऊटी में निधन हो गया। वो 95 साल के थे। उनकी बेटी शारदा श्रीनिवासन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को वो अचानक बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल लेकर जाया गया। मंगलवार सुबह 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

### कल्याण में जर्जर बिल्डिंग का स्लैब गिरा

# छह की मौत, छह घायल




**महानगर संवाददाता**
**कल्याण**

कल्याण पूर्व स्थित मंगलराघो नगर इलाके में एक जर्जर इमारत सप्तश्रृंगी का स्लैब गिरने से 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल का स्लैब अचानक ताश के पत्ते की तरह सीधे नीचे जमीन पर जा गिरा। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जानकारी के मुताबिक, सप्तश्रृंगी बिल्डिंग करीब 35 साल पुरानी है। बिल्डिंग में रिपेयरिंग का काम भी हाल ही में शुरू किया गया था। इमारत का स्लैब गिरने के बाद, अग्निशमन विभाग, टीडीआरएफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पुलिस बल और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा राहत कार्य शुरू किया गया। लगभग 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू बंद किया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रशासन द्वारा हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे की यह घटना फिर एक बार जर्जर इमारतों की हालत और मनपा की लापरवाही को उजागर करती है।

| मृतकों के नाम | |
|---|---|
| प्रमिला साहू | (58) |
| नामस्वी शेलार | (1.5) |
| सुनीता साहू | ( 37) |
| सुजाता पाडी | (32) |
| सुशीला गुजर | (78) |
| व्यंकट चव्हाण | (42) |

| घायलों के नाम | |
|---|---|
| अरुणा रोहिदास गिरनारायण | (48) |
| शरवील श्रीकांत शेलार | (04) |
| विनायक मनोज पाधी | (45) |
| यश क्षीरसागर | (13) |
| निखिल खरात | (27) |
| श्रद्धा साहू | (14) |




### अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2025 का फाइनल

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2025 के प्लेऑफ का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके अनुसार, अब इस सीजन का खिताबी मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डेंस की जगह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते आईपीएल का मौजूदा सीजन एक सप्ताह के लिए स्थगित हुआ था जो 17 मई से दोबारा शुरू हुआ है।

संबंधित खबर पेज-9 पर

### गृह निर्माण नीति 2025 को मंजूरी

# सभी को मिलेगा घर

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र कैबिनेट ने मंगलवार को राज्य गृह निर्माण नीति 2025 को मंजूरी प्रदान की। इस नीति में सरकार ने "मेरा घर-मेरा अधिकार" घोषवाक्य का अनुसरण करते हुए वर्ष 2030 तक राज्य के प्रत्येक नागरिक को टिकाऊ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल घर देने का वादा किया है। यह नीति डेटा-आधारित निर्णय लेने, आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग, गतिशीलता और पारदर्शिता पर जोर देती है। इसमें 70,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ झुग्गी पुनर्वास से लेकर पुनर्विकास तक की एक व्यापक योजना शामिल है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीति का उद्देश्य 'मेरा घर-मेरा अधिकार' के तहत आम आदमी के लिए आवास मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि नीति में

### पांच साल में बनाए जाएंगे 35 लाख मकान




निम्न आय वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, औद्योगिक श्रमिकों और छात्रों को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस नीति में 70,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ झुग्गी पुनर्वास को लेकर एक व्यापक कार्यक्रम शामिल है। फडणवीस ने कहा कि कामकाजी महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और छात्रों के लिए किफायती और समावेशी आवास पर विचार किया गया है। उन्होंने बताया कि किराए के आवास और भूमि बैंक बनाने के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों और योजनाओं को एक ही पोर्टल 'महा आवास' पर लाया जाएगा। सरकारी भूमि का मान चित्रण किया जाएगा और उसे आवास के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। आवास की मजबूती एक महत्वपूर्ण कारक होगी और इसे आधुनिक तकनीक के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नयी नीति में ग्रामीण और शहरी इलाकों में आवासों की जरूरत पर विचार किया गया है।

## छगन भुजबल मंत्रिमंडल में शामिल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल की मंत्री के तौर पर वापसी हुई है। मंगलवार सुबह 10 बजे राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्हें खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग दिए जाने की संभावना है। राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार के पहले विस्तार में छगन भुजबल को मंत्री नहीं बनाया गया था, इससे वे खासे नाराज हो गए थे। नागपुर में हुए शपथ ग्रहण समारोह के बाद वे सीधे नाशिक जा पहुंचे थे, जबकि उस वक्त विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा था। भुजबल ने अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की थी, यहां तक कि उन्होंने राकांपा छोड़ने तक के संकेत दिए थे। बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में राकांपा के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद मार्च 2025 में मुंडे ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके



बाद से ही भुजबल के फिर से मंत्री बनने की संभावना जताई जा रही थी। शपथ ग्रहण समारोह में विधान परिषद के सभापति राम शिंदे, विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व उपमुख्यमंत्री अजित पवार उपस्थित थे। मंत्रिमंडल में भुजबल के शामिल होने के साथ ही यहां राज्य सरकार में अब कुल 39 मंत्री हो गए हैं, जिनमें भाजपा के 19 मंत्री, शिवसेना के 11 और राकांपा के नौ मंत्री शामिल हैं। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद भुजबल ने कहा कि अंत भला तो सब भला। उन्होंने कहा कि वह किसी विशेष विभाग की आकांक्षा नहीं रखते।

## वक्फ कानून : अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज ऑगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने




के लिए बुधवार को सुनवाई तय की है। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पहचाने गए तीन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित करने का अनुरोध किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि तीन मुद्दों में अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और वक्फ कानून का विरोध करने वाले अन्य लोगों ने कहा कि कोई भी सुनवाई टुकड़ों में नहीं हो सकती। अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सिब्बल ने दलील दी कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वक्फों की रक्षा के लिए बनाया गया है, लेकिन वास्तव में यह एक गैर-न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ अल्लाह को दिया गया दान है और इसके अनुसार संपत्ति को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है- एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ।

### भवानी मंदिर में उमर अब्दुल्ला की पूजा-अर्चना



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को गांदरबल जिले में खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। खीर भवानी मेला कश्मीरी पंडितों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इस वर्ष जून के पहले सप्ताह में इस मेला को आयोजित किए जाने की संभावना है। देश के सभी हिस्सों से कश्मीरी पंडित रागन्या देवी के मंदिर (खीर भवानी मंदिर) में इकट्ठा होते हैं। सीएम अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'गांदरबल के बाकुरा में जलापूर्ति योजना का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जो 4,000 से अधिक लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करेगी। इस खास अवसर पर माननीय मंत्री सकीना इटू, जावेद अहमद राणा और सलाहकार नासिर सोगामी भी मौजूद थे। यह सभी के लिए बुनियादी सुविधाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## नाकाम पाक सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर का प्रमोशन

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**




ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चार दिनों के सैन्य संघर्ष में भारत से मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान की सरकार ने वहां के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर को प्रमोशन देते हुए फील्ड मार्शल बना दिया है। शहबाज शरीफ सरकार ने एक कैबिनेट मीटिंग में इसका फैसला लिया। जनरल मुनीर का यह प्रमोशन ऐसे वक्त पर हुआ है, जब पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देने के मुद्दे पर भारत की कार्रवाई पर पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 20 मई, 2025 को पाकिस्तान की संघीय सरकार ने सेना प्रमुख (COAS) जनरल आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया है। फील्ड मार्शल अयूब खान के बाद अब मुनीर पांच सितारा रैंक प्राप्त करने वाले दूसरे पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी बन गए हैं। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद पाकिस्तानी सशस्त्र बलों में सबसे ऊंचा पद है। अब जनरल मुनीर देश के इतिहास में दूसरे फील्ड मार्शल बन गए हैं। इससे पहले अयूब खान 1959-1967 के बीच इस पद के कार्यरत थे।

### रक्षा कानूनों में बदलाव की वकालत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने अपने एक अध्ययन पत्र में केंद्र सरकार को सलाह दी है कि भारत को अब अपनी रक्षा से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला को न सिर्फ मजबूत बनाना होगा, बल्कि इसे साइबर खतरों और वैश्विक दबावों से भी सुरक्षित रखना होगा। इसके लिए आयोग ने 1962 के रक्षा अधिनियम को तत्काल अपडेट करने की जरूरत बताई है। अध्ययन में कहा गया है कि मौजूदा समय में दुनिया भर में भू-राजनीतिक हालात बदले हैं, साइबर जासूसी और डेटा हैकिंग जैसी घटनाएं बढ़ गई हैं। ऐसे में भारत को अपनी रक्षा लॉजिस्टिक प्रणाली को जुझारू, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना होगा। नीति आयोग ने साफ कहा है कि देश को विदेशी सप्लायर्स पर निर्भरता कम करनी चाहिए और घरेलू उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# मुर्शिदाबाद हिंसा में TMC नेता की भूमिका

## हाईकोर्ट कमेटी की रिपोर्ट : हिंदू समुदाय को निशाना बनाया



**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अप्रैल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (TMC) के स्थानीय नेता की भूमिका थी। हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया।

इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। पश्चिम बंगाल में 11-12 अप्रैल को नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गई थी। इसके बाद मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई। इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे।

### रिपोर्ट के 4 अहम पॉइंट्स...

1. मुख्य हमला 11 अप्रैल, शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे के बाद हुआ।
2. पार्षद महबूब आलम उपद्रवियों के साथ आए थे। इसके बाद हिंसा भड़की।
3. बेटबोना गांव में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा।
4. बेतरतीब आगजनी, लूटपाट और दुकानों व मॉल्स को निशाना बनाया गया।

### बंगाल गवर्नर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेज चुके

पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी. वी. आनंद बोस ने 4 मई को मुर्शिदाबाद दंगे पर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कट्टरपंथ और उग्रवाद को पश्चिम बंगाल के लिए बड़ा खतरा बताया था। गवर्नर ने कहा था कि बंगाल को दोहरा खतरा है, खासतौर पर बांग्लादेश से सटे मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में ज्यादा है, क्योंकि यहां हिंदू आबादी अल्पसंख्यक है। उन्होंने नॉर्थ दिनाजपुर को भी संवेदनशील जिला बताया था।

## खरगे के दावे की सलमान ने निकाली हवा

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



'किसी की ओर से कोई मध्यस्थता नहीं हुई'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बड़ा बयान दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उनकी वजह से भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ था। इसके बाद से मोदी सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर है। हालांकि अब सलमान खुर्शीद ने कहा है कि किसी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया, कोई मध्यस्थता नहीं हुई।

**सलमान खुर्शीद का बड़ा बयान**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री की ब्रीफिंग के बाद कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "भारत और पाकिस्तान के बीच समझौते में किसी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया, कोई मध्यस्थता नहीं हुई। लेकिन जब दुनिया में ऐसी चीजें होती हैं तो अलग-अलग लोग संदेश भेजने की कोशिश करते हैं। लेकिन जो कुछ भी हुआ है, वह सिर्फ दो देशों के बीच हुआ है। जब मामला बढ़ा तो यह हमारे दो देशों के बीच था। जब यह खत्म हुआ तो यह दोनों देशों के बीच खत्म हुआ। इसकी शुरुआत पाकिस्तान के डीजीएमओ ने की। उन्होंने कहा कि हमें इसे खत्म कर देना चाहिए। हमने कहा कि अगर वे तैयार हैं तो ऐसा किया जाना चाहिए।"

विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पर सलमान खुर्शीद ने कहा, "देश के अंदर राजनीति हमारा अधिकार है, हमारा कर्तव्य है, यह अलग बात है। लेकिन देश के बाहर, हमें जो कहना है, वह अलग बात है।"

**खड़गे ने लगाया था आरोप**

बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्रंप के दावों को लेकर मोदी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। खड़गे ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह कहकर हमारे देश का अपमान किया है कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम करवाया और इसे कम से कम 7 बार दोहराया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए एकजुट था, लेकिन मोदी जी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों के बारे में देश की जनता को स्पष्टता न देकर इस मुद्दे को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। अब सलमान के बयान ने खरगे को झूठा बना दिया है।

### शशि थरूर को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता शशि थरूर से भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर की ओर से उनके खिलाफ दाखिल किए गए मानहानि के मामले में जवाब देने को कहा।



जस्टिस रविंदर डुडेजा ने 4 फरवरी को राजीव चंद्रशेखर के आपराधिक मानहानि मामले को खारिज करने के मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई रीविजन पिटिशन पर शशि थरूर को नोटिस जारी किया। अदालत का कहना था कि मामले में विचार करने की जरूरत है।

# भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई जयचंद-मीर जाफर तक आई

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता



पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया।

**कांग्रेस ने लिखा- जयशंकर नए दौर के जयचंद**

**भाजपा ने दूसरे पोस्टर में लिखा था-राहुल नए दौर के मीर जाफर**

अमित मालवीय ने लिखा- राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर PM शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं-तेज आवाज में पूछो।

# मुंबई में बारिश होने का अनुमान



▸ अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र

▸ समुद्र में उथल-पुथल की संभावना

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र और गोवा के नजदीक अरब सागर में 21 मई को एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 24 मई तक यह कम दबाव का क्षेत्र तेज होकर उत्तर की तरफ बढ़ सकता है। कम दबाव क्षेत्र के राज्य के तट से एक सुरक्षित दूरी पर रहने का अनुमान है तथा इसका राज्य पर सीधा असर होने का अनुमान नहीं है। हालांकि इसके प्रभाव से 21 से 24 मई के बीच अरब सागर में उथल-पुथल देखने को मिल सकती है तथा पश्चिम तट पर बारिश के साथ हवा की रफ्तार बढ़ सकती है।

## 23 मई तक बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई और महाराष्ट्र के कई जिलों में 23 मई तक बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने इस दौरान मछुआरों को सावधानी बरतने की अपील की है। 21 और 22 मई को सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी और रायगड जिलों के पास समुद्र में कुछ उथल-पुथल देखने को मिल सकती है, जबकि गहरे समुद्र में तेज हवाओं के कारण उथल-पुथल बनी रहेगी। 22 से 24 तारीख के बीच रत्नागिरी,मुंबई और पालघर के पास समुद्र कुछ अशांत रह सकता है, जबकि गहरे समुद्र में तेज हवाओं के कारण स्थिति अशांत बनी रहेगी। आपदा प्रबंधन विभाग ने मछुआरों से अपील की है कि वे मौसम की स्थिति पर नजर रखें और अपनी सुरक्षा के लिए 21 से 24 मई के बीच अरब सागर के गहरे पानी में जाने से बचें।

इधर मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई, ठाणे, पालघर और अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट के हिस्से के रूप में बिजली के साथ गरज के साथ बारिश, हल्की से मध्यम बारिश और अलग-अलग स्थानों पर तेज हवाएं चलने की भविष्यवाणी की है। कोंकण और मराठवाड़ा के कुछ जिलों और घाट खंडों सहित पश्चिमी महाराष्ट्र के सभी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई हिस्सों में पिछले सप्ताह से बिजली और गरज के साथ प्री-मानसून बारिश हो रही है।

## एटीएम में धोखाधड़ी के बाद युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**भिवंडी।** शहर के नारपोली इलाके में एटीएम से पैसे निकालने के दौरान हुए धोखाधड़ी विवाद में एक युवक के साथ मारपीट की गई। यह घटना तब हुई जब पीड़ित राहुल शेवाले ने अपने खाते से अचानक निकली रकम को लेकर पूछताछ की। जानकारी के अनुसार, संतोष और राहुल अंजुरफाटा स्थित एक एटीएम में पैसे निकालने गया था, जहां आरोपी विकी राज बावले ने उसकी मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदल दिया और 34,080 रुपए की धोखाधड़ी कर ली। जब संतोष को इस धोखाधड़ी का पता चला,तो उसने आरोपी से इस बारे में सवाल किया।इसके बाद 18 मई को आरोपी विकी ने संतोष और राहुल को बात करने के बहाने बुलाया और वहां उसकी जमकर पिटाई की। संतोष को लाठियों से पीटा गया और सिर पर गंभीर वार किया गया। इस घटना की शिकायत नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और धमकी देने जैसी धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ● हजारों महिलाओं ने ली चीनी और तुर्की वस्तुओं के बहिष्कार की शपथ

# 'सिंदूर यात्रा' आयोजित कर भारतीय सेना का किया गया सम्मान

**मुंबई।** पाकिस्तान का समर्थन करनेवाले चीन और तुर्की के विरुद्ध आवाज उठाते हुए, हजारों महिलाओं ने 'सिंदूर यात्रा' के दौरान इन देशों की वस्तुओं का बहिष्कार करने की शपथ ली। वीरमाता अनुराधा गोरे और समाजसेविका डॉ. मंजू लोढ़ा के नेतृत्व में भारतीय सैनिकों के सम्मान में यह यात्रा मंगलवार को आयोजित की गई थी। मणिभवन चौक से हीरोज ऑफ किलाचंद उद्यान तक निकाली गई इस यात्रा में राष्ट्रभक्ति के नारों से गिरगांव इलाका गूंज उठा। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले में निर्दोष पर्यटकों की जान गई थी। इसके जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवाद को समर्थन देनेवाले पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।



### हजारों महिलाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ भाग लिया

इसी पृष्ठभूमि में भारतीय सैनिकों के सम्मान में सिंदूर यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में लाल साड़ियां पहनकर, हाथों में तिरंगा लेकर, हजारों महिलाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ भाग लिया। महाराष्ट्र में पहली बार महिलाओं के नेतृत्व में भारतीय सैनिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की गई थी। इस अवसर पर वीरमाता अनुराधा गोरे ने कहा, "शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता, बल्कि उससे अनेक वीर जन्म लेते हैं। भारत वीरों की भूमि है और नारी शक्ति को हमेशा उनके साथ खड़ा रहना चाहिए।" वहीं डॉ. मंजू लोढ़ा ने कहा, "भारतीयों को अपनी सेना से गहरा प्रेम है, लेकिन केवल प्रेम से नहीं चलेगा। हर नागरिक को साल में एक त्यौहार जवानों के घर जाकर उनके परिवार के साथ मनाना चाहिए। इससे सीमाओं पर तैनात जवानों का आत्मबल बढ़ेगा।

# पालघर कलेक्टर कार्यालय को उड़ाने की धमकी



**पालघर।** पालघर में कलेक्टर कार्यालय को मंगलवार तड़के बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिसके बाद पुलिस को परिसर खाली कराना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 6.23 बजे कलेक्ट्रेट के आधिकारिक आईडी पर एक ईमेल भेजा गया, जिसमें कहा गया कि परिसर में आरडीएक्स लगाया गया है और उसमें अपराह्न 3.30 बजे विस्फोट होगा। जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तलाशी शुरू की। पाटिल ने बताया कि कलेक्ट्रेट में मेटल डिटेक्टर के साथ टीम तैनात की गई हैं और एहतियात के तौर पर क्यूआरटी दस्ते की मांग की गई है। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने कहा कि पूर्वाह्न 11 बजे परिसर को खाली करा लिया गया और तलाशी ली गई।

# पवई तालाब में जलकुंभी हटाने के लिए और मशीनों का होगा उपयोग

## छह महीने में 25,000 मीट्रिक टन जलकुंभी हटाई गई



**मुंबई।** पवई तालाब में पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए मनपा की ओर से स्थायी उपाय योजनाएं लागू की जा रही है। पिछले छह महीने में 25,000 मीट्रिक टन जलपर्णी हटाई गई है। मनपा प्रशासन ने पवई तालाब से तेजी से जलपर्णी हटाने के लिए तत्काल 5 मशीनों और अधिक मानवीय संसाधनों का उपयोग किया जाए इस तरह का निर्देश मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने दिया। पवई तालाब का पानी खारा होने के कारण पीने योग्य नहीं है। इस झील के पानी का उपयोग आरे कॉलोनी और आसपास की कंपनियों में व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। पवई तालाब की स्वच्छता को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। पवई तालाब क्षेत्र में बढ़ते शहरीकरण और तालाब में गिरने वाले गंदे पानी के कारण जलपर्णी और अन्य अनावश्यक वनस्पतियों की वृद्धि हो रही है। इससे तालाब की जल गुणवत्ता और जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सूरज की किरणें जल की सतह तक नहीं पहुंचने से जनजीवन प्रभावित होता है और खाद्य श्रृंखला में बाधा उत्पन्न होती है। तालाब की सफाई के लिए पिछले छह महीनों में लगभग 25,000 मीट्रिक टन जलपर्णी हटाई गई है, लेकिन जलपर्णी की वृद्धि दर इससे कहीं अधिक है। इसलिए जब तक मलजल को तालाब से बाहर नहीं मोड़ा जाता तब तक जलपर्णी को हटाने की गति बढ़ाना आवश्यक है। वर्तमान में जलपर्णी हटाने के लिए दो मशीनें कार्यरत हैं। अब इसे और प्रभावी बनाने के लिए पांच मशीनों के माध्यम से यह कार्य दो शिफ्ट में अधिक मनुष्यबल के साथ किया जाएगा। मानसून के बाद छह मशीनों की तैनाती की जाएगी।

# महानगरी ट्रेन के ऐसी कोच में लगी आग



**मुंबई।** मंगलवार की शाम 4:49 बजे वाडी बंदर,मझगांव स्थित सेंट्रल रेलवे गोदाम के रेलवे यार्ड में खड़ी महानगरी ट्रेन में आग लगने की घटना घट गई। आग ट्रेन के ऐसी कोच में लगी थी। आग की जानकारी लगते ही रेलवे के फायर अधिकारियों ने तत्काल आग पर काबू किया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम महानगरी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22177) के एसी थ्री टियर कोच B1 और B2 में आग लगने की घटना घटी। ट्रेन उस समय रखरखाव के लिए रेलवे यार्ड में खड़ी थी। आग कोच के भीतर ही सीमित रही और उसमें इलेक्ट्रिक वायरिंग, इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन, स्विच बोर्ड,पैनल,सीट कुशन,कंबल,तकिए,एसी कंप्रेसर और अन्य सामग्री में लगी थी जो जल कर खाक हो गए । रेलवे कर्मियों ने तत्काल आग बुझने की कार्रवाई करते हुए प्रभावित कोच को ट्रेन से अलग कर दिया। मध्य अग्निशमन विभाग ने आग को लेवल-1 श्रेणी की घोषित किया और राहत कार्य शुरू किया। आग पर शाम 6:11 बजे पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच किए जाने की जानकारी रेलवे अधिकारियों ने दी।

# पुलिस हवलदार से मारपीट कर वर्दी को पहुंचाया नुकसान

## तीन युवकों पर केस दर्ज




**भिवंडी।** नारपोली थाना क्षेत्र में एक पुलिस हवलदार के साथ मारपीट उसके वर्दी को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। यह घटना साईनाथ होटल के पास, राम पाटील फिश पॉइंट, रहनाळ गांव में घटी। जब पुलिस हवलदार अपने कर्तव्य पर हाजिर था। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पुलिस हवलदार काशीनाथ ईश्वर राठोड और उनका साथी वार्डन अपने कर्तव्य पर हाजिर थे। इस दरमियान मुशरफ जुबेर अन्सारी, साहिल मोहम्मद कमर बिस्ती और जैद जुबेर अन्सारी, सभी निवासी गोवंडी, मुंबई ने राठोड से बातचीत के दौरान विवाद किया। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए उनके साथ गाली-गलौज और धक्कामुक्की की। इसके बाद सरकारी पहचान पत्र छीनने का प्रयास करते हुए उनके वर्दी को नुकसान पहुंचाया। नारपोली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132,352,115(2),3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

# उम्मीदवारी के लिए शुरू हुआ दल बदल का खेल

**भायंदर।** मिरा-भायंदर शहर में मनपा चुनाव की आहट के साथ की इच्छुक उम्मीदवारों की इच्छा और भी प्रबल होते जा रही है। शहर में सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी भाजपा है जिसके पास प्रत्येक प्रभाग में इच्छुक उम्मीदवारों की कतार है। इन इच्छुक लोगों में बहुत सारे ऐसे भी हैं,जिनको यह आभास हो रहा है कि भाजपा से इनकों उम्मीदवारी नही मिल सकती। ऐसे इच्छुक उम्मीदवार अपने लिए सुरक्षित स्थान के हिसाब से अन्य पार्टियों में जा रहे हैं। शहर में अगर कोई दुसरे स्थान की पार्टी है तो वह है शिवसेना (शिंदे गुट) । इस दल बदल का सबसे ज्यादा फायदा शिवसेना को ही हो रहा है। हालही में कुछ लोगों ने शिवसेना में पक्ष प्रवेश भी किया है। इन लोगों के शिवसेना में जाने से इनको उम्मीदवारी की गारंटी मिल रही है। शिवसेना 146 विधानसभा क्षेत्र में मजबूत स्थिति में है परन्तु 145 विधानसभा क्षेत्र में इनकी पकड़ कमजोर दिखाई पड़ रही है ।

# 25 लाख की हरियाणा ब्रांड की शराब जब्त




**ठाणे।** ठाणे में उत्पादन शुल्क विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा से लाई जा रही अवैध विदेशी शराब की खेप को जब्त किया है। यह शराब महाराष्ट्र में बेचने के लिए अवैध रूप से लाई जा रही थी। विभाग की टीम ने कल्याण बायपास पर जाल बिछाकर एक टेम्पो को रोका, जिसमें खास तौर पर बने गुप्त कप्पे में शराब की 53 बॉक्स छुपाई गई थी। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 25 लाख 63 हजार 980 रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विजय बजाज (36) और रवि विश्वकर्मा (36) के रूप में हुई है। इस पूरे रैकेट का मुख्य सरगना अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। उत्पादन शुल्क विभाग को पहले से सूचना मिली थी कि हरियाणा में बनी शराब मुंबई-नासिक हाईवे के रास्ते ठाणे लाई जा रही है। इसी आधार पर निरीक्षक दिगंबर शेवाळे के नेतृत्व में एक टीम ने छापेमारी की। आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र दारूबंदी कानून 1949 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। विभाग की यह कार्रवाई अवैध शराब कारोबारियों के लिए एक सख्त चेतावनी मानी जा रही है।

# विश्व प्रसिद्ध खगोलशास्त्रज्ञ डॉ. जयंत नारलीकर का पुणे में निधन

महानगर नेटवर्क
मुंबई/पुणे



भारत के महान खगोलशास्त्रज्ञ, विज्ञान लेखक और आंतरविद्यापीठीय खगोलशास्त्र व खगोलभौतिकी केंद्र (IUCAA), पुणे के संस्थापक डॉ. जयंत विष्णु नारलीकर का आज वृद्धावस्था के कारण पुणे में निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे।

डॉ.नारलीकर ने खगोलभौतिकी और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण शोध किए। उन्होंने ब्रिटिश खगोलशास्त्रज्ञ सर फ्रेड हॉएल के साथ मिलकर 'हॉएल-नारलीकर गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत' प्रस्तुत किया, जो आइंस्टीन के सापेक्षतावाद सिद्धांत से मेल खाता है। उन्होंने ब्रह्मांड की उत्पत्ति पर आधारित एक वैकल्पिक सिद्धांत 'क्वासी-स्टेडी स्टेट कॉस्मोलॉजी' का भी विकास किया। 1988 में उन्होंने पुणे में IUCAA की स्थापना की, जो आज खगोलशास्त्र के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है। विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने मराठी और अंग्रेजी में कई विज्ञानकथाएँ और लेख लिखे। उनकी आत्मकथा 'चार नगरांतले माझे विश्व' को 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## गौ सेवक संत प्रकाश दास महाराज का बालाजी गौशाला में आगमन


**भायंदर।** भायंदर (पश्चिम) माहेश्वरी भवन रोड़ स्थित श्री बालाजी गौशाला में संत प्रकाश दास महाराज का आगमन हुआ था। श्री बालाजी गौशाला समिति के रमेश शर्मा द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर गौशाला समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। संत प्रकाश दास महाराज ने इसके प्रश्चात वहां पर भजन एवं हनुमान चालीसा पाठ भी किया। संत प्रकाश दास महाराज का राजस्थान के निवाई में आश्रम है। इनके द्वारा करीब 400 गौवंश की देखभाल की जाती है। संत प्रकाश दास महाराज गौसेवा एवं भजनों के लिए जाने जाते हैं। पुरे देश में भारी संख्या में इनके अनुयायी हैं जो इनके विचारों को मानते हैं।

# मंदाकिनीभोर को वृतांत जिला सम्मान



**अंबरनाथ।** अंबरनाथ में पिछले 29 वर्षो से अनाथ बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाली संस्था सौ. मंदाकिनी भोर माध्यमिक विद्यालय एवं कै. माऊसाहेब भोर विद्या मंदिर की ट्रस्टी मंदाकिनी भोर को अंबरनाथ साप्तहिक वृतांत की ओर से पिछले रविवार को मातृत्व दिन के अवसर पर उन्हें माय मदर सम्मान 2025 शिक्षण दीप प्रदान किया गया। मंदाकिनी भोर मूलरूप से पुणे के जुन्नर तालुक की रहने वाली हैं जो पिछले 29 वर्षों से अंबरनाथ के भास्कर नगर, युवापाड़ा रोड शाखा चौक में यह विद्यालय संचालित कर रही हैं, जो इस क्षेत्र के अनाथ बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ है । इस विद्यालय में कक्षा एक से लेकर दसवीं तक की शिक्षा बिल्कुल मुफ्त दी जाती है। आज इस विद्यालय में कुल 950 अनाथ बच्चे पढ़ते हैं। बच्चों को पढ़ाने के लिए विघालय में 22 शिक्षक , एक कलर्क तथा एक चपरासी कार्य कर रहा है। इस वर्ष स्कूल का रिजल्ट 90 फिसदी रहा।

# मुंबई में सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति दयनीय




महानगर संवाददाता
मुंबई

मुंबई महानगर में सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। प्रजा फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार में शहर के कुल सार्वजनिक शौचालयों में से 69 प्रतिशत शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं है,जबकि 60 प्रतिशत में बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि महिलाओं के लिए शौचालयों की संख्या बहुत कम है। हर चार सार्वजनिक शौचालयों में से केवल एक शौचालय महिलाओं के लिए आरक्षित है। मुंबई की लगातार बढ़ती आबादी की तुलना में शौचालयों की संख्या पर्याप्त नहीं है। एक शौचालय का उपयोग करने वाले पुरुषों की संख्या औसतन 86 और महिलाओं की 81 है,जबकि स्वच्छ भारत मिशन के मानकों के अनुसार यह संख्या पुरुषों के लिए 35 और महिलाओं के लिए 25 होनी चाहिए। शहर में कई शौचालयों में न तो पानी की व्यवस्था है और न ही बिजली की जिससे नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। प्रजा फाउंडेशन ने 'मुंबई की नागरी समस्याओं की वर्तमान स्थिति 2025' रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में मुंबई में 1.15 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई जो 2015 की तुलना में 70 प्रतिशत अधिक हैं। संस्था ने सुझाव दिया है कि नागरिकों की शिकायतों का समय पर समाधान किया जाए और उनके फीडबैक के आधार पर पारदर्शिता बढ़ाई जाए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मुंबई महानगरपालिका की पर्यावरण रिपोर्ट और सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त आंकड़ों में अंतर देखने को मिला है जो कि एक चिंता का विषय है।

### महिलाओं के लिए शौचालयों की संख्या बहुत कम

महिलाओं के लिए पर्याप्त संख्या में शौचालयों की अनुपलब्धता विशेष रूप से उन इलाकों में गंभीर है,जहां व्यापारिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के चलते बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। इसके अलावा, शहर के तटीय क्षेत्रों में जल प्रदूषण का स्तर भी खतरनाक रूप से बढ़ गया है। आठ ट्रीटमेंट प्लांट में से छह केंद्रों की बीओडी (बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड) का स्तर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों को पूरा नहीं करता। मीठी नदी में फीकल कोलीफार्म की मात्रा अत्यधिक है जो तय सीमा से बहुत अधिक है।

# खाना पसंद नहीं आया तो पति ने पत्नी को पीटा

## ससुराल वालों पर भी केस दर्ज

**भिवंडी।** शहर के धामणकर नाका इलाके में एक महिला को केवल इस वजह से मारपीट का शिकार होना पड़ा,क्योंकि उसके द्वारा बनाया गया खाना पति को पसंद नहीं आया। इतना ही नहीं, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके साथ ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने भी दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना 19 मई को इंदु कंपाउंड,वारिस हॉस्पिटल के नजदीक एक बिल्डिंग के चौथे मंजिल में घटी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उसका पति वसीउल्लाह शेख अक्सर छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता है। घटना के दिन वह भोजन बना रही थी, तभी पति ने खाने की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई और मारपीट शुरू कर दी। उसने पत्नी से कहा,तू कितनी मोटी हो गई है, तुझसे खाना बनाना नहीं आता, तू कुछ काम सही से नहीं करती है। महिला ने आरोप लगाया कि उसके ससुर करीमुल्लाह शेख, शगुफ्ता करीमुल्लाह शेख और सास फातिमा शेख ने भी मानसिक और शारीरिक रूप से उसे प्रताड़ित किया। पीड़िता की शिकायत पर भिवंडी पुलिस ने चारों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# प्रजा फाउंडेशन का दावा: मुंबईकरों को सुविधा देने में मनपा हो रही फेल

## 2015 की तुलना में 2024 में शिकायतें बढ़ीं

**मुंबई।** मनपा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवा सुविधा में गिरावट होने का आरोप प्रजा फाउंडेशन ने लगाया है। फाउंडेशन के अनुसार वर्ष 2024 में मुंबईकरों ने मनपा को अपने विभिन्न कार्यों को लेकर 1,15,396 शिकायतें दर्ज कराई, जबकि 2015 में यह संख्या 67,773 थी। इस तरह 2015 की तुलना में 2024 में शिकायतों की संख्या में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रजा फाउंडेशन ने आरोप लगाया है कि मुंबई महानगरपालिका द्वारा कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, जल आपूर्ति और मल-निस्सारण जैसे बुनियादी सेवाओं के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं इसके बावजूद नागरिक समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। प्रजा फाउंडेशन ने जानकारी दी है कि प्रदूषण संबंधी शिकायतों में 334 प्रतिशत, अवैध संपत्तियों को लेकर 747 प्रतिशत, कचरा प्रबंधन से जुड़ी शिकायतों में 380 प्रतिशत और जल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों में 88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा नागरिकों ने स्कूल, मल-निस्सारण, उद्यान, सड़क, वायु प्रदूषण, गंदा पानी, टॉयलेट की खराब स्थिति, भवन निर्माण, कीट नियंत्रण और लाइसेंस से संबंधित समस्याओं पर भी शिकायत दर्ज कराईं। मल-निःसरण से संबंधित 2015 में जहां 9,904 शिकायत थी,वहीं 2024 में यह संख्या बढ़कर 15,701 हो गई, जो लगभग 59 प्रतिशत की वृद्धि है।

### सड़क संबंधी शिकायतों में गिरावट आई

सड़क संबंधी शिकायतों में गिरावट आई है, 2015 में शिकायत का प्रमाण 13,539 था जो 2024 में घटकर 9,800 रह गई। स्कूलों की खराब स्थिति पर 30 प्रतिशत अधिक शिकायतें आई हैं। प्रजा फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिलिंद म्हास्के के अनुसार शहर में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था बिखरती जा रही है। 2015 से अब तक इस विषय में शिकायतों में 380 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुंबई में आज भी कचरे की निपटान प्रक्रिया सिर्फ देवनार और कांजूरमार्ग के दो डम्पिंग ग्राउंड तक ही सीमित है। हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने कांजूरमार्ग का उपयोग बंद कर वैकल्पिक डम्पिंग ग्राउंड खोजने का आदेश दिया है।



# किसानों से क्रेडिट रेटिंग (CIBIL) स्कोर मांगा तो खैर नहीं

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बैंकों को लगाई फटकार

महानगर संवाददाता

मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्राइवेट बैंकों के वरिष्ठ अफसरों को कृषि लोन के लिए आवेदन करने वाले किसानों से क्रेडिट रेटिंग (CIBIL) स्कोर मांगने को लेकर कड़ी फटकार लगाई है।

सीएम ने अफसरों को चेतावनी दी कि अगर उनके बैंक CIBIL स्कोर की मांग जारी रखते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, उनसे इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और तत्काल समाधान निकालने को आदेश दिया।

सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित 167वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक के दौरान सीएम फडणवीस की अगुवाई में हुई 167 वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक के दौरान मुद्दा सामने आया, जहां वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 44.76 लाख करोड़ रुपये के लोन वितरण योजना को मंजूरी दी गई। चर्चा के दौरान बताया गया कि निजी बैंक सिबिल स्कोर मांग रहे हैं।



### गंभीर मसला, बैंक समझे जिम्मेदारी

सिबिल स्कोर, क्रेडिट इंफार्मेशन ब्यूरो का एक क्रेडिट पात्रता मैकेनिजम है, जिसका इस्तेमाल वित्तीय संस्थानों की ओर से लोन आवेदनों का आकलन करने के लिए किया जाता है। इसमें कर्ज चुकाने की क्षमता पर भी ध्यान केंद्रित किया जाता है। फडणवीस ने कहा, "अगर किसानों को कृषि लोन नहीं मिलता है, तो इसका अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है और किसानों की खुदकुशी की दर बढ़ती हैं। हमने बैंकों को बार-बार यह निर्देश दिया है कि वे सिबिल (स्कोर) की मांग न करें, लेकिन वे ऐसा अभी भी कर रहे हैं। इसे आज (सोमवार) की बैठक में ही हल किया जाना चाहिए। पहले भी ऐसे कई बैंकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। यह एक गंभीर मुद्दा है जिसे बैंकों को इसे जिम्मेदारी से संभालना चाहिए।" बैंकों पर सख्ती करते हुए फडणवीस ने आगाह करते हुए कहा, "भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कृषि लोन के संबंध में साफ कर दिया है कि यदि कोई बैंक सिबिल स्कोर पर जोर देती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।"



### राज्य में खेती की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं

साथ ही मुख्यमंत्री ने सरकारी बैंकों को इस साल के लोन वितरण लक्ष्यों को पूरा करने और कृषि लोन कवरेज का विस्तार करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। देश में महाराष्ट्र की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि किसान राज्य की रीढ़ की तरह हैं और कृषि अर्थव्यवस्था का एक अहम घटक भी हैं। यहां खेती की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, बैंकों को कृषि लोन वितरण बढ़ाने को लेकर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मौसम विभाग ने अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है, ऐसे में इस साल फसल अच्छी होने की उम्मीद है। ऐसे में, बैंकों को किसानों को अधिक से अधिक मदद देनी चाहिए। अच्छी बारिश से कृषि विकास को बढ़ावा मिलता है, जिससे बैंकों और किसानों दोनों को फायदा होता है।

## पालघर में उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय मंजूर

### जिले को मिलेगी एमएच-60 की नई पहचान



**मुंबई।** आदिवासी बहुल पालघर जिले के लिए एक नया उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय स्वीकृत किया गया है और अब पालघर जिले को एमएच-60 की नई परिवहन पहचान मिली है। यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को संपर्क मंत्री होने के नाते उन्होंने पालघर में आयोजित जनता दरबार में उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय खोलने का वादा किया था। यह आश्वासन अब पूरा होने जा रहा है और अब पालघर जिले की आम जनता को परिवहन संबंधी कार्यों के लिए वसई-विरार आने की जरूरत नहीं होगी, इससे समय और पैसे की बचत होगी। सरनाईक ने पालघर के लिए उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को मंजूरी देने के प्रस्ताव पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना के नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का विशेष आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही सरकारी निर्णय जारी किया जाएगा।

# सीजेआई की टिप्पणी के बाद हरकत में सरकार, जारी किया सर्कुलर

महानगर संवाददाता

मुंबई

भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की हालिया महाराष्ट्र यात्रा के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर की गई टिप्पणी के बाद राज्य सरकार हरकत में आ गई है। अब सरकार ने एक सर्कुलर जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश की यात्रा के दौरान पालन किए जाने वाले शिष्टाचार और समन्वय को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सर्कुलर के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश को अब महाराष्ट्र में स्थायी राजकीय अतिथि का दर्जा प्राप्त होगा। उनकी यात्रा के दौरान सभी आवश्यक सरकारी सम्मान और व्यवस्थाएं की जाएंगी। राज्य सरकार ने आदेश दिया है कि जब मुख्य न्यायाधीश मुंबई में मौजूद होंगे, तब मुख्य सचिव या उनके प्रतिनिधि और पुलिस महानिदेशक (DGP) या उनके प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं, राज्य के अन्य जिलों में दौरे के समय जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

**समन्वय अधिकारी की नियुक्ति अनिवार्य :** इसके अलावा सरकार ने अब एक समन्वय अधिकारी की नियुक्ति अनिवार्य कर दी है, जो दौरे के दौरान संबंधित विभागों के साथ संपर्क बनाए रखेगा। मुंबई के लिए यह जिम्मेदारी विधि एवं न्याय विभाग के प्रथम श्रेणी अधिकारी को दी गई है, जबकि जिलों में यह जिम्मेदारी जिला कलेक्टर की होगी। यह कदम तब उठाया गया जब 18 मई को महाराष्ट्र एवं गोवा बार काउंसिल द्वारा मुंबई में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने मंच से वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की थी।



### प्रोटोकॉल को लेकर की थी टिप्पणी

जस्टिस गवई ने कहा था कि अगर भारत के मुख्य न्यायाधीश पहली बार महाराष्ट्र का दौरा कर रहे हैं और राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त अनुपस्थित नहीं रहना उचित नहीं लगता है, तो उन्हें इस पर विचार करने की जरूरत है। प्रोटोकॉल के बारे में कुछ भी नया नहीं है। यह एक संवैधानिक संस्था से दूसरी संस्था के प्रति सम्मान का मामला है। लोकतंत्र के तीन स्तंभ न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका समान हैं। संविधान के प्रत्येक अंग को एक दूसरे के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए।

### गंभीरता से विचार करना चाहिए

सीजेआई ने कहा कि जब किसी संवैधानिक संस्था का मुखिया पहली बार राज्य में आता है तो उसका स्वागत किस तरह से होता है, इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अगर ऐसी स्थिति में हम में से कोई होता तो अनुच्छेद 142 पर चर्चा हो सकती थी। मैं महाराष्ट्र के लोकतंत्र की सराहना करता हूं, पुलिस, अधिकारी, हर कोई समावेशी और मिलनसार है। महाराष्ट्र का न्यायिक ढांचा वास्तव में अच्छा है।

## एक्शन मोड में BMC

# वीडियो विज्ञापन बैन और होर्डिंग का साइज भी फिक्स

**मुंबई।** घाटकोपर में पिछले साल अवैध होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने अब पूरे शहर में अधिकृत होर्डिंग्स पर अपनी निगरानी कड़ी कर दी है। खासकर मानसून से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ताकि दोबारा ऐसा हादसा न हो। बीएमसी ने नई नीति के तहत कार्रवाई शुरू की है, जिसके लिए कुछ नियम



बनाए गए हैं। होर्डिंग के आकार से लेकर बीमा तक की नीति बनाई गई है। बीएमसी ने सितंबर 2024 से अब तक शहरभर से 1,963 अवैध विज्ञापन, पोस्टर, बैनर और झंडे हटाए, जिनमें 576 राजनीतिक और 473 धार्मिक होर्डिंग्स शामिल हैं. अकेले आज़ाद मैदान क्षेत्र से 750 से अधिक हटाए गए है.मुंबई में फिलहाल 1,025 वैध होर्डिंग्स हैं, इनमें 573 बिना लाइट, 382 लाइट वाले और 70 डिजिटल LED होर्डिंग्स हैं, जिनसे BMC को हर साल करीब 100 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है।

# नकली बाबा को तलाश रही खार पुलिस

**मुंबई।** खार पुलिस एक फर्जी बाबा की तलाश कर रही है,जिसने 9 मई को खार डांडा इलाके में एक महिला को ठगा और उसकी 1.5 तोला सोने की चेन लेकर भाग गया। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने साधु की पोशाक पहने हुए था और दिनदहाड़े हाउसिंग सोसाइटी में घुसकर दावा किया कि वह महिला की समस्याओं को हल कर सकता है और उसकी आर्थिक स्थिति को सुधार सकता है, लेकिन फिर उसके गहने लेकर भाग गया। 60 वर्षीय पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को संदेह है कि आरोपी आदतन अपराधी है, एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। यह घटना 9 मई को सुबह 11 बजे के आसपास हुई। आरोपी ने साधुओं द्वारा पहने जाने वाले कपड़े पहने हुए थे और उसके पास एक बैग और एक आध्यात्मिक पुस्तक थी।

# मानसून तैयारियों को लेकर सीएम फडणवीस आज लेंगे जायजा

## मानसून से निपटने की तैयारी में जुटी मनपा

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मुंबई सहित राज्य भर की मानसून तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई है। मनपा प्रशासन ने मानसून तैयारियों को लेकर अपनी जोर आजमाइश शुरू कर दी है। मनपा प्रशासन ने मंगलवार को मनपा सहित मुंबई में काम करने वाली विभिन्न एजेंसियों की बैठक लेकर मनपा अतिरिक्त आयुक्त विपिन शर्मा ने मानसून पूर्व तैयारी का जायजा लिया। बता दें कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जून के पहले सप्ताह में मानसून मुंबई में प्रवेश करेगा। ऐसे में सड़कों और रेल मार्गों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो, निचले इलाको में पानी न भरे और समुद्र में ज्वार के समय जनहानि या वित्तीय नुकसान न हो,इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त आयुक्त (पश्चिम उपनगर) विपिन शर्मा ने संबंधित विभागों और मुंबई में विभिन्न प्राधिकरणों को यह निर्देश दिए हैं कि आपातकालीन स्थिति में तत्काल मदद के लिए एनडीआरएफ की एक टीम शहर क्षेत्र में और दो-दो टीम पूर्व और पश्चिम उपनगरों में इस तरह कुल पांच टीम तैनात की जाएँ। मानसून पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को मनपा मुख्यालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ. शर्मा ने की।

### ग्रीन कॉरिडोर तैयार करने का निर्देश

मुंबई में किसी भी आपात स्थिति की स्थिति में युद्ध स्तर पर बचाव कार्य करने के लिए शहर और उपनगरों में एनडीआरएफ की पांच टीमें तैनात की जाए। शहरी क्षेत्र में 1, तथा पूर्वी व पश्चिमी क्षेत्र में 2-2 एनडीआरएफ की तैनाती की जानी चाहिए। इसके अलावा आपदा की स्थिति में एन.डी.आर.एफ. को घटनास्थल पर पहुंचने के लिए एक विशेष लेन (ग्रीन कॉरिडोर) तैयार करने का निर्देश यातायात पुलिस को दिया गया। इसी तरह मैनहोल को ढकें, रेल और सड़क यातायात को सुचारू रूप से चालू रखें मानसून के मौसम में जलभराव के कारण नागरिकों को होने वाली असुविधा को रोकने तथा किसी भी दुर्घटना और जानमाल की हानि को रोकने के लिए मनपा के उपायुक्त और सहायक आयुक्त को वर्षा जल निकासी विभाग के माध्यम से समन्वय स्थापित कर पंप और डीजल जनरेटर सेट लगाने की योजना बनानी चाहिए।


**पश्चिम रेलवे**

**रखरखाव कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 द्वारा **ई-निविदा क्र.: एसजी 623/1781/डब्ल्यूए दिनांक : 16/05/2025** आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : डीटीएच कनेक्शन का रिचार्ज, इसके सभी कनेक्शनों का रखरखाव और रिचार्ज तथा केबल कनेक्शन शुल्क का भुगतान. **कार्य की लागत :** रु. 50,19,454.96. **कार्यालय विवरण जहां ई-निविदा खुलेगी :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ), 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008. **बोली सुरक्षा राशि :** रु. 1,00,400/-. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 09.06.2025 को 15:00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 09.06.2025 को 15:30 बजे. निविदा हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है. 0164

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**गुड्स शेड की टपकती छत की मरम्मत**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/56 दिनांक 16/05/2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान :** विरार-जोरावासन अनुभाग : एडीईएन/वलसाड के अधिकार क्षेत्र में करंबेली स्थित गुड्स शेड की टपकती छत की मरम्मत एवं वलसाड में नया कवर शेड प्रदान करना. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 2,92,10,300.61. **ईएमडी :** रु. 2,96,100/-. **जमा करने की तिथि एवं समय :** 13.06.2025 को 15:00 बजे तक. **खोलने की तिथि एवं समय :** 13.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0162

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**अज अदालत अपर जिला एवम् सेंशन न्यायाधीश, सुमेरपुर, जिला - पाली (राज.)**
**ब- इजलास श्री पुखराज गेहलोत (R.J.S.)**
**जिला न्यायाधीश संवर्ग**

श्रीमती सोनु कुमारी ...प्रार्थीया
- बनाम् -
जतीन बिन्द्रा ...अप्रार्थी

प्रकरण संख्या 82 / 2023

तारीख पेशी 26/5/2025

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955**

वास्ते :- जतीन बिन्द्रा पुत्र नरेश बिन्द्रा, आयु 28 वर्ष, जाति-बिन्द्रा, निवासी- बिल्डींग नं. 10, रूम नं. 475, तीसरा माला, पंजाबी कॉलोनी, जी.टी.बी. नगर, साईन कोलीवाडा, मुम्बई (महाराष्ट्र) ने अदालत में दरख्वास्त की हैं कि

लिहाजा आपको इतला दी जाति हैं कि तारिख 26/05/2025 बरोज सोमवार 08:00 AM बजें दिन के अदालत हाजा या वकालत में हाजिर दरख्वास्त के खिलाफ हाजिर करो वरना एकतरफा सुना व फैंसला किया जायेंगा।

बसिब्त यह नोटिस मेंरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज तारिख 12/05/2025... को जारी किया गया।

आज्ञा से
SEAL
सही
रीडर
अपर जिला न्यायाधीश,सुमेरपुर
जिला-पाली (राज.)

**अज अदालत- माननीय अपर जिला एवम् सेंशन न्यायाधीश महोदयजी, सुमेरपुर, जिला पाली (राज.)**
**ब- इजलास :-श्रीमान् पुखराज जी गेहलोत (आर. जे. एस. ) जिला न्यायाधीश संवर्ग**

श्रीमती सोनु कुमारी ...प्रार्थीया
- बनाम् -
जतीन बिन्द्रा ...अप्रार्थी

मुकदमा से — CMNC 83/23

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 24 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955**

वास्ते :- जतीन बिन्द्रा पुत्र नरेश बिन्द्रा, आयु 28 वर्ष, जाति-बिन्द्रा, निवासी- बिल्डींग नं. 10, रूम नं. 475, तीसरा माला, पंजाबी कॉलोनी, जी.टी.बी. नगर, साईन कोलीवाडा, मुम्बई (महाराष्ट्र) - 400037 ने अदालत में दरख्वास्त की हैं कि

लिहाजा आपको इतला दी जाति हैं कि तारिख 26/05/2025 बरोज सोमवार 08:00 AM बजें दिन के अदालत हाजा में वास्ते सुनवाई हेतुहाजिर हो।

बसिब्त मेंरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज तारिख 12/05/2025... को जारी किया गया।

आज्ञा से
SEAL
सही
रीडर
अपर जिला न्यायाधीश,सुमेरपुर
जिला-पाली (राज.)

**The Brihanmumbai Electric Supply & Transport Undertaking**
**(OF THE BRIHANMUMBAI MAHANAGARPALIKA)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित आइटमों की आपूर्ति हेतु ई –निविदा पुनःआमंत्रित की जाती है.

80185.

**टिप्पणी** : अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर लॉग ऑन करें.

पीआरओ/एएएम(एम)/24/2025 महाप्रबंधक

**सिडको**
शहर बनाए, शहर बसाए

**बोली आमंत्रण सूचना**

**नवीन पनवेल (पूर्व) में सेक्टर – 16 और सेक्टर – 11 में नवीन पौधों के रोपण एवं वृक्षों के प्रत्यारोपण कार्य का निष्पादन**

सिडको ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड की ओर से निम्ननिर्दिष्ट कार्य हेतु वृक्षारोपण, वृक्षों के प्रत्यारोपण एवं कटाई जैसे समान स्वरुप के कार्यों के निष्पादन में अनुभवी तथा अनिवार्य पात्रता मापदंडों की पूर्ति में सक्षम अनुभवी तथा संभावित बोलीकर्ताओं से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए ऑनलाइन आइटम दर प्रतिशत बोली आमंत्रित की जाती है :

**1. कार्य का नाम : नवीन पनवेल (पूर्व) में सेक्टर – 16 तथा सेक्टर – 11 में नवीन पौधारोपण तथा वृक्षों के प्रत्यारोपण के कार्य का निष्पादन. 2. सी. ए. क्र. :** 01/सिडको/ईई (पीएनएल)/2025-26. **3. बोली की लागत :** रु. 30,99,587.89 (जीएसटी छोड़कर) (रु.30,80,835.66 बोलीयोग्य भाग + रु. 18,752.23 गैर-बोलीयोग्य भाग) **4. ई.एम.डी. :** रु. 31,000.00. **5. समापन अवधि :** 2825 (दो हजार आठ सौ पच्चीस) दिन. (मानसून सहित) जिसमें शामिल हैं : **(I)** नवीन पौधों के रोपण एवं वृक्षों के प्रत्यारोपण हेतु 90 (नब्बे) दिन. **(II)** नवीन पौधों के रोपण तथा वृक्षों के प्रत्यारोपण हेतु नर्सिंग अवधि हेतु 180 (एक सौ अस्सी) दिन. **(III)** नर्सिंग अवधि के समापन के पश्चात सभी वृक्षों के अनुरक्षण हेतु 2555 (दो हजार पांच सौ पचपन) दिन. **6. निविदा प्रक्रिया शुल्क :** रु. 1,180/- (18% जीएसटी सहित) (अप्रतिदेय) बोली कार्यक्रम के साथ बोली दस्तावेज वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर दि. 21.05.2025 को 17.01 बजे से उपलब्ध होंगे.

कार्यकारी अभियंता
(पीएनएल)

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in
सिडको/जनसंपर्क/०८६/२०२५-२६

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**क्र. एसी/ए-ई/530/जन/एईएम-II/दिनांक 20.05.2025**

**ई-स्पॉट उद्धरण सूचना**

| बृहन्मुंबई महानगरपालिका | |
|---|---|
| विभाग | सहायक अभियंता (अनु.-II) एम/पूर्व वार्ड |
| विषय | एम/पूर्व वार्ड में बकरी ईद 2025, एम. टी. कदम मार्ग, गोवंडी हेतु 396 टेनेमेंट प्लॉट तथा देवनार कसाईखाने के सम्बद्ध प्लॉट्स के पे एंड पार्क का संचालन. |
| निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता की आरंभिक तिथि एवं समय | 21.05.2025 को सुबह 10.30 बजे |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.05.2025 को 12.30 बजे |
| उद्धरण खुलने की तिथि | 24.05.2025 को दोप. 1.00 बजे |
| ईएमडी राशि | रु. 39,510.00/- |
| ठेके की समय अवधि | 26.05.2025 से 10.05.2025 तक |
| उद्धरण प्रपत्र शुल्क/जांच शुल्क | रु. 799/- (+) 9% सीजीएसटी (+) 9% एसजीएसटी |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम एवं नंबर | श्री संतोष मेथर, ए.ई. (अनु.-I) एम/पूर्व वार्ड<br>कार्यालय फोन : 022-25502271<br>मो. नं. 9619081122<br>श्री सचिन पाटील, एस.ई. (अनु.) एम/पूर्व वार्ड<br>मो. नं. 9702352107 |
| ईमेल आईडी | aemaint01.meast@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
वार्ड कार्यकारी अभियंता (अनु.) एम /पूर्व

पीआरओ/464/विज्ञा./2025-26

**कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.**

**महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र.२ पुणे**

**निविदा सुचना क्र.३ सन २०२५-२०२६**

कार्यकारी अभियंता, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र.२ पुणे, दुरध्वनी क्र. ०२० -२९७०६०६१,२९७०७२३४ हे खालील कामासाठी सिलबंद निविदा टक्केवारीवर आधारीत बी-१ नमुन्यामध्ये महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरणाकडील ज्यांना महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरणाच्या तत्सम कामाचा अनुभव असणाऱ्या ठेकेदारांकडून मागवित आहेत. कोऱ्या निविदा मिळण्याचे ठिकाण तसेच स्विकारण्याचे ठिकाण, वेळ, दिनांक व कालावधी खालीलप्रमाणे राहील.

| अ. क्र. | निविदेचे नाव | निविदेची अंदाजित रक्कम | बयाणा रक्कम रुपये | कामाची मुदत पावसाळा धरुन | ठेकेदाराचा वर्ग | कोऱ्या निविदेची किंमत रुपये | कोऱ्या निविदा मिळण्याचे ठिकाण व कालावधी | निविदा स्विकारण्याचे ठिकाण, दिनांक व वेळ | निविदा उघडण्याचा दिनांक व वेळ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | दैनंदिन देखभाल दरुस्ती चाकण पाणी पुरवठा योजना, ता. खेड, जि. पुणे जल शुद्धिकरण केंद्र येथील १५० अश्वशक्ती मोटर रिवायडींग करणे सेट क्र. १ | १,४६,२०३/- | १४६२/- | ३ महीने | "डी" व त्यावरील | रुपये १००/- व जीएसटी रुपये १८/- एकूण रुपये ११८/- | कार्यकारी अभियंता, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र. २ पुणे या कार्यालयात दि. २१.०५.२०२५ ते २९.०५.२०२५ | कार्यकारी अभियंता, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र. २ पुणे या कार्यालयात दि. २१.०५.२०२५ ते २९.०५.२०२५ सं. ५ वाजेपर्यंत | कार्यकारी अभियंता, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र. २ पुणे या कार्यालयात ३०.०५.२०२५ (शक्य झालेस) |

१. सर्व देकाराचा निधी ग्राहयता कालावधी ९० दिवसांचा राहील.
२. कोऱ्या निविदेची किंमत कार्यकारी अभियंता, मजीप्रा विभाग क्र. २ पुणे या कार्यालयाकडे रोखीणे भरणा करावी लागेल. तसेच निविदेतील अटी व शती बंधनकारक राहतील.
३. स्विकृत निविदा ठेकेदारास एकूण अनामत रककमेवर नियमानुसार आवश्यक ते मुद्रांक शुल्क भरावा लागेल.
४. स्विकृत निविदा ठेकेदारास योजनेच्या सर्व कंत्राट कामाचा शासकीय बिमा निधीकडे संपूर्ण रक्कमेस उतरविणे बंधनकारक राहील.
५. अवाजवी देकाराच्या बाबतीत निविदा रद्द करण्यात येईल तरी स्पर्धात्मक निश्चित व वाजवी देकार काळजीपूर्वक भरावा.
६. निविदा कोणतेही कारण न देता नाकारण्याचा अगर रद्द करण्याचा हक्क सक्षम अधिकाऱ्यांने राखून ठेवला आहे.

सही/-
कार्यकारी अभियंता,
महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, विभाग क्र.२ पुणे

जिमाका/पुणे/जाहिरात/१२२/२०२५-२६

## और कितने गद्दार?

भारत के गद्दारों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। हर रोज नए गद्दारों के चेहरे बेनकाब हो रहे हैं। दअरसल ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को धूल चटा देने के बाद अब भारत में ऐसे लोगों की तलाश तेज हो गई है जो दुश्मन पड़ोसी देश के साथ गद्दारी कर रहे थे। हरियाणा से एक और ऐसे ही शख्स को गिरफ्तार किया गया है जिस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी का आरोप है। यह हरियाणा से पांचवीं और नूंह जिले से दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार और अरमान को नूंह से पकड़ा गया था। हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह के तावड़ू सब डिवीजन के कंगारका गांव से तारिफ नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तावड़ू सदर पुलिस थाने में तारिफ के अलावा पाकिस्तानी हाई कमीशन के दो स्टाफ सदस्यों पर भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि तारीफ वॉट्सऐप के जरिए दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में काम कर रहे दो पाकिस्तानी नागरिकों आसिफ बलोच और जाफर को भारत की सैन्य गतिविधियों की गुप्त जानकारी भेज रहा था। इस काम के बदले उसे पैसों की भी मदद मिलती थी। गुप्त सूचना के आधार पर चंडीगढ़ पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने तावडू सीआईए और सदर थाना पुलिस के साथ मिलकर उसे गांव बावला के पास से पकड़ा। पुलिस को देखते ही तारीफ ने अपने मोबाइल से कुछ चैट डिलीट करने की कोशिश की, लेकिन टीम ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी। जांच में उसके मोबाइल में पाकिस्तानी नंबरों से की गई चैटिंग, फोटो,वीडियो और सैन्य गतिविधियों से जुड़ी तस्वीरें मिलीं। तारीफ दो अलग-अलग सिम कार्ड से लगातार पाकिस्तान के संपर्क में था। पुलिस का कहना है कि तारीफ ने पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात आसिफ बलोच और जाफर को भारत की खुफिया जानकारियां देकर देश की सुरक्षा को खतरे में डाला। इस मामले में नूंह जिले के तावडू सदर थाने में भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। बेटे की गिरफ्तारी के बाद तारिफ के पिता हनीफ ने कहा कि पुलिस उसे उठाकर ले गई है। उन्हें कुछ बताया नहीं गया है। जासूसी के आरोपों को लेकर हनीफ ने बेटे का बचाव किया। पीटीआई से बातचीत में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में उनकी रिश्तेदारी है। हनीफ ने कहा, 'पाकिस्तान में मेरे ताऊ रहते हैं। हम वहां जाते हैं। मैं, मेरा बेटा और बहू डेढ़ साल पहले गए थे लेकिन जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वो गलत हैं।' नूंह जिले के राजाका गांव में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो दिन पहले ही 26 साल के अरमान को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी अरमान को दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी के जरिए भारतीय सेना और अन्य सैन्य गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं पाकिस्तान को देने के आरोप में पकड़ा गया। अरमान वॉट्सऐप और सोशल मीडिया के जरिए खुफिया जानकारी शेयर कर रहा था। पुलिस ने बताया कि जब उसके मोबाइल फोन की तलाशी ली गई तो उसमें पाकिस्तानी नंबरों से की गई बातचीत, फोटो और वीडियो मिले। आरोप है कि वह पाकिस्तानी ऑपरेटिव्स को सिम भी मुहैया कराता था। आपको बताता चलूं कि भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अब एक हैरान कर देने वाली रिपोर्ट सामने आयी है,जिसमें यह खुलासा किया गया है कि भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच चीन ने पाकिस्तान की मदद करने के लिए भारत की जासूसी की थी। चीन ने भारत की जासूसी ही नहीं की बल्कि सेटेलाइट डेटा भी पाकिस्तान को भेजा। रक्षा मंत्रालय से संबद्ध एक रिपोर्ट में किये गये दो बड़े खुलासों ने सभी को चौंका दिया है। इस रिपोर्ट की सबसे अहम बात यह है कि यह खुलासा ऐसे समय पर हुआ है जब दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच संघर्ष पर विराम लग चुका है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद चीन की भूमिका सवालों में घेरे में आ गयी है। सरकार और खुफिया एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की दिशा में स्वाभाविक ही काम कर रही है। इस दिशा में तेज और सख्त कदम उठाने की जरूरत है,क्योंकि गद्दारों की फेहरिस्त में और भी कई कई नाम जुड़ सकते हैं। भारत के गद्दारों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। हर रोज नए गद्दारों के चेहरे बेनकाब हो रहे हैं। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को धूल चटा देने के बाद अब भारत में ऐसे लोगों की तलाश तेज हो गई है जो दुश्मन पड़ोसी देश के साथ गद्दारी कर रहे थे। हरियाणा से एक और ऐसे ही शख्स को गिरफ्तार किया गया है जिस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी का आरोप है। यह हरियाणा से पांचवीं और नूंह जिले से दूसरी गिरफ्तारी है। ज्ञात हो कि यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार और अरमान को नूंह से पकड़ा गया था। हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह के तावड़ सब डिवीजन के कंगारका गांव से तारिफ नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तावड़ू सदर पुलिस थाने में तारिफ के अलावा पाकिस्तानी हाई कमीशन के दो स्टाफ सदस्यों पर भी केस दर्ज किया गया है। 'चंडीगढ़ पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने तावडू सीआईए और सदर थाना पुलिस के साथ मिलकर उसे गांव बावला के पास से पकड़ा। पुलिस को देखते ही तारीफ ने अपने मोबाइल से कुछ चैट डिलीट करने की कोशिश की, लेकिन टीम ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी। जांच में उसके मोबाइल में पाकिस्तानी नंबरों से की गई चैटिंग, फोटो, वीडियो और सैन्य गतिविधियों से जुड़ी तस्वीरें मिलीं। तारीफ दो अलग-अलग सिम कार्ड से लगातार पाकिस्तान के संपर्क में था। पुलिस का कहना है कि तारीफ ने पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात आसिफ बलोच और जाफर को भारत की खुफिया जानकारियां देकर देश की सुरक्षा को खतरे में डाला। इस मामले में नूंह जिले के तावडू सदर थाने में भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*गर्मी बढ़ती जा रही,तन से निकले नीर*
*आंख तरेरे दिवाकर,छोड़ रहा नित तीर*
*छोड़ रहा नित तीर,पथिक सब ढूंढ़ें छइयां*
*बेन डोलावत नारि,नींद नहिं आवत सइयां*
*कह सुरेश आंधी-तूफान करें बेशर्मी*
*श्रमिक,पथिक,हलधर को रौब देखावत गर्मी*

# ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने क्या हासिल किया

> 2014 से पहले जब भी देश पर आतंकी हमला होता था तो जनता कभी बदले की बात नहीं करती थी। इसके लिए कुछ दिन आतंकवादियों और उनके आका पाकिस्तान को कोसा जाता था फिर इसके बाद देश अपने रास्ते पर चल पड़ता था। सरकार हर आतंकी हमले के बाद उसका एक डॉजियर बनाकर पाकिस्तान को आतंकी संगठनों पर कार्यवाही करने के लिए भेज देती थी।

पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में 26 भारतीयों की बड़ी बेरहमी से हत्या की गई थी। आतंकियो ने पर्यटकों का धर्म पूछ-पूछ कर हिन्दू पुरुषों को अपना शिकार बनाया। हिंदुओं की धार्मिक पहचान जानने के लिए उनकी पैंट उतारकर देखा गया कि वो हिन्दू ही हैं। इस घटना के बाद पूरे देश में गुस्से की लहर दौड़ गई थी और देश चाहता था कि सरकार इस दुर्दांत हमले का जवाब दे। 2014 से पहले जब भी देश पर आतंकी हमला होता था तो जनता कभी बदले की बात नहीं करती थी। इसके लिए कुछ दिन आतंकवादियों और उनके आका पाकिस्तान को कोसा जाता था फिर इसके बाद देश अपने रास्ते पर चल पड़ता था। सरकार हर आतंकी हमले के बाद उसका एक डॉजियर बनाकर पाकिस्तान को आतंकी संगठनों पर कार्यवाही करने के लिए भेज देती थी। भारत ऐसे हमलों के बाद दुनिया के प्रभावशाली देशों को भी पाकिस्तान पर दबाव डालने को कहता था लेकिन कहीं कुछ नहीं होता था। 2016 में जम्मू-कश्मीर के उरी में आतंकियों ने सैन्य ठिकाने पर बड़ा हमला करके 18 सैनिकों को शहीद कर दिया। इसके बाद पहली बार मोदी सरकार ने पाकिस्तान को कीमत चुकाने की चेतावनी दी और कुछ दिन बाद भारतीय सेना ने पीओके में घुसकर आतंकवादी कैम्प पर हमला करके कई दर्जन आतंकवादियो को मौत के घाट उतार दिया। पहली बार भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पाकिस्तान में घुसने की हिम्मत की थी। इसके बाद कश्मीर के पुलवामा में एक बड़ा आत्मघाती हमला करके आतंकवादियो ने 40 सीआरपीएफ जवानों को शहीद कर दिया। जनता ने फिर एक बार मोदी की ओर देखा तो मोदी जी ने बयान दिया कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। दो हफ्ते बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में बड़े आतंकवादी शिविर पर




हमला करके सेकड़ो आतंकवादियों को ठिकाने लगा दिया। इस बार जब 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष भारतीय नागरिकों की हत्या कर दी तो जनता ने फिर मोदी की ओर देखा कि क्या इस बार भी पाकिस्तान को सबक सिखाया जायेगा। प्रधानमंत्री मोदी और उनके कई नेताओं ने बयान दिया कि इस हमले की पाकिस्तान के आतंकियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी । मोदी जी ने कहा कि इस बार भारत ऐसी कार्यवाही करेगा जिसकी आतंकवादियों और उनके पीछे बैठे उनके आकाओं ने कल्पना भी नहीं की होगी। भारतीय सैन्य बलों ने 6-7 मई की रात को 1 बजे के बाद करीब आधे घंटे में पाकिस्तान में स्थापित 9 आतंकवादी शिविरों पर बड़ा हमला करके उन्हें मिट्टी में मिला दिया। देखा जाए तो इस बार भी भारत ने आतंकियों और उनके आका पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सिर्फ आतंकवादी अड्डों पर हमला किया था और पाकिस्तान को बता दिया गया कि हमने जो कार्यवाही करनी थी कर दी गई है। पाकिस्तान को कहा गया कि भारत ने सिर्फ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है, किसी भी सैन्य और नागरिक ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। अगर पाकिस्तान ने भारत के ऊपर हमला किया तो उसे बड़ा जवाब दिया जाएगा । इससे साबित होता है कि आतंकवादी शिविरों पर हमला करने के बाद भारत का लक्ष्य पूरा हो गया था, अगर पाकिस्तान भारत पर हमला नहीं करता तो मामला खत्म हो जाता। पाकिस्तान के हुक्मरानों के लिए ये असहनीय था कि भारत इतना बड़ा हमला करे और उन्हें चुप रहना पड़े, इसलिए 8 और 9 मई की रात में पाकिस्तान ने भारत पर बड़े हमले किये। वास्तव में पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जब मोदी सरकार को यह उलाहना दिया जा रहा था कि वो पाकिस्तान के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है तो बार-बार कहा जा रहा था कि जल्दी कार्यवाही की जाएगी। मोदी विरोधियों ने यह जानते हुए भी कि मोदी दो बार पाकिस्तान पर कार्यवाही कर चुके हैं और इस बार भी करेंगे, यह शोर मचाना शुरू कर दिया कि मोदी कुछ नहीं करने वाले हैं, जो करना था वो कर दिया है। सिंधु जल समझौते को निलंबित करने के फैसले को लेकर मोदी जी का खूब मजाक बनाया गया कि जब नलका ही बंद करना था तो राफेल क्यों खरीदे गए थे। मोदी सरकार के लिए कार्यवाही करना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि उनके समर्थकों में कुछ न होने पर भारी निराशा और नाराजगी पैदा हो जाती। देखा जाए तो मोदी जी के लिए आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण कार्यवाही करना जरूरी था। 7 मई की कार्यवाही के मोदी जी का ये लक्ष्य पूरा हो चुका था। अब सवाल उठता है कि मोदी सरकार ने कार्यवाही करने में इतना समय क्यों लिया । वास्तव में 8 और 9 मई को पाकिस्तान ने भारत पर जो हमला किया था उसकी मोदी सरकार को पूरी आशंका थी । मोदी सरकार चाहती तो तीन चार दिन में पाकिस्तानी आतंकी शिविरों पर कार्यवाही कर सकती थी लेकिन पाकिस्तान के जवाबी हमले की तैयारी करने के लिए इतना समय लिया गया था। कोई नहीं कह सकता कि भारत और पाकिस्तान के बीच छोटी सी झड़प कब बड़े युद्ध का रूप ले सकती है इसलिए युद्ध की तैयारी के बाद ही सरकार ने कार्यवाही की थी। देखा जाए तो भारत और पाकिस्तान के बीच पूरा युद्ध नहीं हुआ है बल्कि एक बड़ा संघर्ष हुआ है। हो सकता था कि पाकिस्तान भारत के साथ युद्ध में चला जाता लेकिन सिर्फ तीन दिन की कार्यवाही में भारत ने पाकिस्तान की ऐसी हालत कर दी कि युद्ध के आगे बढ़ने में पाकिस्तान को अपनी सम्पूर्ण बर्बादी नजर आने लगी । यही कारण है कि वो कई देशों के आगे जाकर गिड़गिड़ाया और बाद में भारत के साथ संघर्ष को विराम लग गया। वैसे देखा जाए तो युद्ध में दोनों पक्षों का नुकसान होता है, किसी का कम होता है और किसी का ज्यादा होता है लेकिन फायदा सिर्फ एक पक्ष का होता है जो जीतता है। भारत को इस संघर्ष में बड़ी जीत मिली है तो उसके फायदे भी बड़े हैं। भारत का आतंकी शिविरों पर कार्यवाही करने का उद्देश्य यह था कि आतंकवादियों को संदेश दिया जाए कि वो भारतीय नागरिकों की हत्या करके कहीं छुप नहीं सकते।

**- राजेश कुमार पासी**

# सर्व दलीय प्रतिनिधि मंडलों का गठन

पहलगाम की आतंकवादी घटना के बाद यह तय था कि भारत एक्शन लेगा और एक्शन लिया गया जिसकी परिणीति 6 व 7 मई की रात में पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों को तहस-नहस कर देने वाली कार्रवाई के रूप में हुई। चोट खाए पाकिस्तान ने भी अपने पाले हुए आतंकवादियों का पक्ष लेते हुए भारत पर पलट कर हमला करने की कोशिश की जो नाकाम रही। बात-बात में परमाणु बम की धमकी एवं गीदड़भभकी देने वाले पाकिस्तान की हालत केवल चार दिन के जंग के बाद ही खस्ता हो गई और जब भारत में उसके तेरह में से ग्यारह एयरबेस क्षतिग्रस्त कर दिए और कम से कम छह पूरी तरह तबाह कर दिए व उसकी मिसाइलें एवं लड़ाकू विमान मार गिराए तथा ब्रह्मोस का प्रयोग करते हुए (यदि मीडिया की रिपोर्ट को सच माने तो) उसे परमाणु बम के उपयोग करने की संभावना से भी वंचित कर दिया, तब आनन फानन में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक ट्वीट करके दुनिया को इस संघर्ष विराम या सीज फायर की जानकारी दी तो एक तरह से दक्षिण एशिया एवं दुनिया ने राहत की सांस ली। वहीं यदि डोनाल्ड ट्रंप के वक्तव्य को मानें तो लाखों लोग मरने से बचे लेकिन यहीं से देश में राजनीतिक उठा पटक शुरू हो गई । विपक्ष ने मुखर होकर पूछा कि ऐसे क्या कारण थे जिसकी वजह से अचानक ही संघर्ष विराम की घोषणा करनी पड़ी और विभिन्न कोणों से सरकार पर जब हमले हुए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है. अभी तो उसे केवल स्थगित किया गया है। साथ ही साथ उन्होंने कड़े शब्दों में पाकिस्तान एवं आतंकवादियों सहित दूसरे देशों को भी चेतावनी दे दी की भारत के आंतरिक मामलों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप सहन नहीं किया जाएगा तथा आतंकवाद की किसी भी घटना को 'एक्ट आफ वार' समझा जाएगा जिसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। भले ही सरकार एवं विभिन्न रक्षा विशेषज्ञों की दृष्टि में भारत का पलड़ा इस संघर्ष में भारी रहा तथा



पाकिस्तान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा लेकिन दुनिया में अपना पक्ष रखना भी बहुत ज़रूरी था, इसलिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों का गठन किया जिनका नेतृत्व जाने माने नेताओं को सौंपा गया। 59 सदस्यों वाले इन साथ प्रतिनिधि मंडलों में लगभग सभी प्रमुख दलों के सदस्यों को शामिल किया गया लेकिन विवाद तब उठ खड़ा हुआ जब कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के नेता शशि थरूर को अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेता चुने जाने के बावजूद इस पर आपत्ति दर्ज कराई। कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि जिन चार नेताओं के नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से केवल आनंद शर्मा को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है और सरकार में अपनी मर्जी से ही शशि थरूर एवं सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं को कांग्रेस का प्रतिनिधि बनाकर भेजने का निर्णय लिया जो उसके लिए आपत्तिजनक है। एक तरह से देखे तो कांग्रेस का पक्ष अनुचित नहीं है क्योंकि हर दल को अपने उपयुक्त नेता को ऐसे प्रतिनिधि मंडलों में शामिल कराने का अधिकार है लेकिन सरकार का कहना है कि उसने ऐसी कोई सूची मांगी ही नहीं थी तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिन नेताओं को उसने योग्य पाया, उनका चयन इन प्रतिनिधि मंडलों में किया गया है। इस दृष्टि से सरकार का पक्ष भी सही है क्योंकि जब राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं, योग्यता प्रमुख हो जाती है और इसका उदाहरण स्वयं कांग्रेस की पी वी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार ने उस समय दिया था जब 1994 में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष रखने के लिए उसने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में वहां प्रतिनिधिमंडल भेजा था तो कह सकते हैं कि ऐसी परंपरा की शुरुआत स्वयं कांग्रेस ने की थी। वैसे ऐसा भी नहीं है कि पहली बार किसी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में भेजे हैं। इससे पूर्व भी ऐसे प्रतिनिधिमंडल भेजे जाते रहे हैं। 2008, 1971 एवं 1965 में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधि मंडलों को भेजा गया था। जिस तरह भारत के सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर पाक की तरफ से खड़े किए गए इस संकट में साथ दिया, वह एक प्रशंसनीय कदम था लेकिन संघर्ष विराम के बाद से ही जिस तरह की राजनीति की जा रही है उससे इस बात का भी अंदेशा है कि सेना द्वारा लगभग जीते गए जंग की महत्ता को राजनीतिक प्रतिद्वंदिता कहीं महत्वहीन न कर दे। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, इस बात पर ध्यान देना होगा कि ऐसा परिदृश्य न प्रस्तुत करें कि दुनिया भर में भारत की जग हंसाई हो। खैर, एक बार फिर से लौट कर चिंतन करते हैं कि इन प्रतिनिधि मंडलों के गठन का लक्ष्य क्या है तथा यह भारत के किस-किस पक्ष को दुनिया के सामने रखेंगे और पाकिस्तान षड्यंत्रों एवं आतंकवादी मानसिकता को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार के एजेंडे के अनुसार यह प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में जाकर उन परिस्थितियों के बारे में अवगत कराएंगे जिनके चलते भारत को पलटकर वार करना पड़ा तथा किस तरह पाकिस्तान अपने पाले हुए आतंकवादियों के माध्यम से भारत को निरंतर संकट में डालता रहा है।

**- डॉ. घनश्याम बादल**

## रणथंभौर में सांसों को छीनती बाघों की दहाड़

राजस्थान के सवाई माधोपुर का रणथंभौर टाइगर रिजर्व, जहां बाघों की दहाड़ को संरक्षण की सफलता माना जाता रहा है। यही दहाड़ अब मानव सांसों पर भारी पड़ रही है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघों के हमले में 38 साल में 40 लोगों की जान जा चुकी है। बाघों के हमलों में लोगों की मौत की यह संख्या न सिर्फ डर पैदा करती है बल्कि बाघ प्रबंधन, वन विभाग की रणनीतियों और सुरक्षा उपायों पर भी गंभीर सवाल उठाती है। एक के बाद एक हुई घटनाओं के बाद अब टाइगर रिजर्व में कुछ सख्त कदम उठाने की जरूरत है ताकि ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके और बाघ भी जंगल में सुरक्षित रह सकें। राजस्थान ने अपने बाघों के प्राकृतिक वास का 96 फीसदी हिस्सा पहले ही खो दिया है। अब रणथंभौर और सरिस्का जैसे सीमित अभयारण्य ही बचे हैं जहां बाघों की गूंज सुनाई देती है लेकिन इन सुरक्षित ठिकानों में अब नियमों की अनदेखी व लापरवाही के चलते खतरा भी उतना ही बढने लगा है। इंसानों और बाघों के बीच 'फ्लाइट डिस्टेंस' यानी वह सुरक्षित दूरी जो किसी भी जंगली जानवर के लिए आवश्यक होती है, अब समाप्त हो चुकी है। पर्यटन, निर्माण, मानव दखल और गश्ती दलों की निरंतर मौजूदगी ने बाघों को असहज बना दिया है। यही बेचैनी, डर और असुरक्षा कई बार आक्रोश और हमले में बदल जाती है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल अधिकतम 56 बाघों को सुरक्षित रूप से आश्रय देने की क्षमता रखता है लेकिन वर्तमान में यहां करीब 70 बाघ मौजूद हैं, जो न केवल रिजर्व की सीमा पर दबाव बना रहे हैं बल्कि आपसी संघर्ष को भी बढ़ा रहे हैं। बाघों के बीच क्षेत्र (टेरिटरी) के लिए झगड़े तेज हो गए हैं और यही असंतुलन उन्हें अक्सर जंगल की सीमा पार कर इंसानी आबादी की ओर धकेल देता है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में बाघों द्वारा हमलों की संख्या में तेजी आई है। इसे ओवरपॉपुलेशन क्राइसिस मानते हैं जिसे समय रहते शिफ्टिंग कर संतुलित नहीं किया गया तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। जानकारों के मुताबिक वर्ष 1987 में एक लड़के की सड़क से हटते ही बाघ के हमले में मौत हो गई। वर्ष 2005 में 60 वर्षीय किसान की खेत में काम करते समय हुए हमले में मृत्यु हो गई। वर्ष 2010 में तीन मौतें हुई। वर्ष 2012 में दो हमलों में एक ग्रामीण और एक वन रक्षक की जान गई। वर्ष 2015 में वन गार्ड रामपाल सैनी की गर्दन बाघ ने चीर डाली। वर्ष 2019 में बाघ टी-104 ने अकेले पांच लोगों को मारा तो वर्ष 2024 में 45 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। वर्ष 2025 में अब तक एक बच्चा और एक वन रेंजर की मृत्यु हो गई। टाइगर रीलोकेशन यानी अतिरिक्त बाघों को अन्य जरूरत वाले टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित करना, सक्रिय निगरानी यानी बफर जोन और संवेदनशील इलाकों में हाई अलर्ट और कैमरा ट्रैकिंग, प्रशिक्षण और संसाधन यानि फील्ड स्टाफ और स्थानीय निवासियों को वन्यजीव व्यवहार की ट्रेनिंग देना, पर्यटन नीति में सुधार यानि पर्यटन सीमाएं, मार्ग और समय तय होना चाहिए।

**- राजेश खण्डेलवाल**

आज का कार्टून




साभार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

# "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"

हर वर्ष 21 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब सिर्फ एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि एक वैश्विक चेतना का प्रतीक बन चुका है। इस बार 2025 की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" हमारे समय की सबसे बड़ी ज़रूरतों में से एक को उजागर करती है: एक ऐसा दृष्टिकोण जो मानव स्वास्थ्य को प्रकृति के संरक्षण और धरती की भलाई से जोड़ता है। आज जब दुनिया महामारी, जलवायु परिवर्तन और मानसिक असंतुलन जैसी कई चुनौतियों से जूझ रही है, योग केवल शरीर साधना का माध्यम नहीं, बल्कि एक समग्र समाधान बनकर उभर रहा है। यह विषय केवल योग अभ्यास को नहीं, बल्कि जीवनशैली में पर्यावरण के अनुकूल परिवर्तन की आवश्यकता को भी सामने लाता है।

**योग: तन-मन के साथ प्रकृति से जुड़ाव**

योग एक जीवन दर्शन है जो व्यक्ति को स्वयं से जोड़ते हुए उसे प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा देता है। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का अर्थ है — जब हमारी पृथ्वी स्वस्थ होगी, तभी हम भी स्वस्थ रह पाएंगे। योग हमें सिखाता है संतुलन, अनुशासन और करुणा — जो व्यक्तिगत जीवन में भी जरूरी हैं और सामाजिक चेतना के लिए भी।

**पर्यावरणीय संतुलन के लिए योग की भूमिका**

योग अभ्यास मानसिक स्पष्टता और जागरूकता को बढ़ाता है। जब हम ध्यान में बैठते हैं, तो हम स्वाभाविक रूप



से अधिक सजग हो जाते हैं — हम जानने लगते हैं कि हमारी जीवनशैली का प्रभाव न केवल हमारे शरीर पर, बल्कि प्रकृति पर भी पड़ता है। यह समझ पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का मार्ग खोलती है।

**सरकारी और वैश्विक पहलें**

इस वर्ष आयुष मंत्रालय ने इस थीम को लेकर कई अभिनव पहलें शुरू की हैं:

- 'ग्रीन योग' अभियान, जिसमें प्रतिभागी योग के बाद पौधारोपण करते हैं।
- गांवों और आदिवासी क्षेत्रों में योग के प्रति जागरूकता अभियान।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक देशों में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' आधारित योग शिविर।
- डिजिटल माध्यमों से सुलभ वीडियो, पोडकास्ट और वर्चुअल वर्कशॉप्स।

**व्यक्तिगत से सामाजिक स्वास्थ्य की ओर**

योग के नियमित अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी घटता है। अध्ययनों से साबित हुआ है कि जो लोग नियमित योग करते हैं, उनमें सकारात्मक सोच, सहिष्णुता और सहयोग की प्रवृत्ति अधिक पाई जाती है। इस प्रकार योग का प्रभाव व्यक्ति से आगे बढ़कर समाज को भी प्रभावित करता है।

**योग और पृथ्वी: सह-अस्तित्व का सूत्र**

योग दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को पुष्ट करता है-पूरी पृथ्वी को एक परिवार मानने की सोच। इस सोच के साथ जब हम योग करते हैं, तो हम सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि धरती को भी सम्मान दे रहे होते हैं। यह दृष्टिकोण हमें जल, वायु, मिट्टी और जीवन के हर रूप से जुड़ने की प्रेरणा देता है।

**निष्कर्ष**

"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक आंदोलन है-जो हमें यह याद दिलाता है कि जब तक धरती स्वस्थ नहीं, तब तक मानवता भी सुरक्षित नहीं। योग हमें सिखाता है संतुलन, संवेदनशीलता और सतत जीवनशैली की ओर बढ़ने का मार्ग। अतः इस योग दिवस पर लें यह संकल्प:"मैं योग करूंगा, न केवल अपने लिए, बल्कि प्रकृति, समाज और भावी पीढ़ियों की भलाई के लिए भी।"

**- डॉ. शैलेश पवार**

# पटना के सरकारी अस्पताल में चूहों की मार

## हड्डी का इलाज कराने आए मरीज की कुतर गए पैरों की चारों उंगलियां



महानगर नेटवर्क
पटना

पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल से एक ऐसा मामला सामने आया है जो आपको हैरान कर देगा। अस्पताल में जब भी कोई जाता है तो वो साफ-सफाई की उम्मीद करता है, लेकिन नालंदा अस्पताल में इसके उलट ही तस्वीर नजर आई और इसका खामियाजा मरीज को भुगतना पड़ा। अस्पताल में हड्डी रोग का इलाज कराने आए एक मरीज के पैर की चारों उंगलियों को चूहों ने कुतर दिया। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया है।

यह मामला तब सामने आया जब मरीज के परिजनों के बीच अफरा तफरी मच गई। परिजनों ने इसकी शिकायत अस्पताल में वार्ड प्रभारी से की। वार्ड प्रभारी ने इस पर संज्ञान लेते हुए पैर की उंगलियों का इलाज करके उनका बैंडेज कर दिया। इस मामले को लेकर अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ओम प्रकाश ने भी स्वीकार किया है कि पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चूहों की संख्या इन दोनों बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक को लिखकर चुहों के आने-जाने वाली जगह पर जाली लगाने का सुझाव दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई कर्मियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का भी आदेश दिया है।

### तेजस्वी यादव ने उठाया मामला

इस मामले को लेकर तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया है और कई सवाल खड़े किए हैं। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती दिव्यांग मरीज जो रात के समय गहरी नींद में थे तो उनके पैर की उंगलियों को चूहे ने कुतर दिया। इसी अस्पताल में बीते दिनों एक मृतक की आंख को चूहे ने कुतर दिया था लेकिन किसी पर अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई। पटना के (NMCH) नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती दिव्यांग मरीज जो रात के समय गहरी नींद में थे तो उनके पैर की उंगलियों को चूहे ने कुतर दिया। इसी अस्पताल में बीते दिनों एक मृतक की आंख को चूहे ने कुतर दिया था लेकिन किसी पर अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई।

# दरभंगा में पेड़ से बांधकर युवक की पिटाई


**दरभंगा।** दरभंगा के अल्लपट्टी में प्राइवेट अस्पताल में घुसे युवक को कर्मियों ने पकड़ लिया। पेड़ से बांधकर जमकर पिटाई कर दी। कर्मियों ने 4200 रुपए चुराने का आरोप लगाया है।

अस्पताल के कंपाउंडर सरफराज ने बताया कि सुबह 5 बजे युवक अस्पताल में घुसा था। वह अंदर कुछ खोज रहा था। ऑपरेशन थिएटर तक पहुंच गया था। पूछने पर कहा कि पानी पीने आया हूं। कमरे में मेरा कपड़ा रखा था। उसमें पैसे थे, चेक किया तो 4200 रुपए गायब था। काफी खोजा नहीं मिला। युवक ने ही पैसा गायब किया है। मोबाइल भी चोरी कर सकता था। वहीं, आरोपी का कहना है कि वह चोरी करने नहीं आया था। पानी पीने और वॉशरूम का इस्तेमाल करने अस्पताल में आया था। बाहर साइकिल भी खड़ा किया था।

# नीतीश सरकार ने दे दी एक और खुशखबरी

## बिहार के हर जिले में खुलेगा मॉडल बीएड कॉलेज





महानगर नेटवर्क
पटना

राज्य के हर जिले में एक सरकारी मॉडल बीएड कॉलेज की स्थापना होगी। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के निर्देश के आलोक में प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके मुताबिक मॉडल बीएड कॉलेज में 120 सीटें होंगी। छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही पहले से संचालित सरकारी बीएड कॉलेजों में अब बीएड के साथ-साथ बीए, बीएससी और बीकाम जैसे अन्य पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बीएड कॉलेजों में संसाधन केंद्र खोलने संबंधी प्रस्ताव को भी शिक्षा विभाग ने तैयार किया है। इस प्रस्ताव के आलोक में छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री तैयार करने और बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ाने के तरीके सिखाए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने सभी बीएड कॉलेजों को यह निर्देश दिया है कि वे इन बदलावों को लागू करें। यह बदलाव चालू शैक्षणिक सत्र-2025 से लागू किया जाना है। इसके आलोक में शिक्षा विभाग ने सभी बीएड कॉलेजों को संकायवार तैयारी करने को कहा है।

# स्कूल में एक-एक कर बेहोश होने लगे बच्चे

## मच गया हड़कंप; भीषण गर्मी से बिगड़ी तबीयत



महानगर नेटवर्क
पश्चिम चंपारण

पश्चिम चंपारण जिले में भीषण गर्मी के बीच एक निजी स्कूल में कक्षा 1 के बच्चे एक-एक कर बेहोश हो गए। बच्चों की तबीयत बिगड़ने के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। भर्ती करने के बाद डॉक्टर ने उनका इलाज किया। वहीं, अभिभावकों को सूचना मिलने पर वे भी दौड़े-दौड़े स्कूल पहुंच गए। यह मामला योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बरवां ओझा गांव में स्थित एक निजी स्कूल का है। फिलहाल सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गांव के एक निजी स्कूल में पहली कक्षा की एक छात्रा की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसी क्लास के एक दर्जन छात्र भी एक-एक कर बेहोश होने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही अभिभावकों में कोहराम मच गया। वे भागते हुए स्कूल पहुंचे। इससे स्कूल परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया।

स्कूल से ले जाकर बच्चों को योगापट्टी सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने सभी बच्चों का इलाज किया। डॉ। शाहिद एकबाल ने बताया कि एक बच्ची की स्थिति गंभीर थी। इलाज के बाद उसकी स्थिति भी सामान्य होने लगी है। उसके साथ अन्य बच्चे भी इलाज के बाद ठीक हो रहे हैं। सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।

# अफीम के साथ RJD नेता सहित दो गिरफ्तार



महानगर नेटवर्क
मोतिहारी

मोतिहारी पुलिस ने कोटवा थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई में राष्ट्रीय जनता दल के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शंभू गुप्ता को गिरफ्तार किया है। उनके साथ बांका और उत्तर प्रदेश से आए दो अन्य साथी भी पकड़े गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक करोड़ रुपए के अफीम को बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोटवा थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि अरविंद गुप्ता नेपाल से अफीम मंगवाकर उत्तर प्रदेश और दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में इसकी आपूर्ति करता था। सदर एसडीपीओ टू जितेश पांडे के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि राजद नेता अरविंद गुप्ता पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि राजनीतिक पद का फायदा उठाकर वह किन गतिविधियों को अंजाम देता था। यह गिरोह मोतिहारी और सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से सक्रिय था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल हैं।

# सुपौल में वज्रपात से दो की मौत

**सुपौल।** सुपौल में मंगलवार की सुबह अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की घटनाओं में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना करजाइन थाना क्षेत्र के बौराहा वार्ड संख्या 4 की है, जहां 57 वर्षीय मो। मुस्तुफ पर वज्रपात गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि वह दूध लेकर घर लौट रहे थे, तभी अचानक मौसम बिगड़ने के बाद वज्रपात की चपेट में आ गए। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। दूसरी घटना त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के नगर परिषद त्रिवेणीगंज वार्ड संख्या 8 के गणेशपुर मलहनमा की है। जहां 21 वर्षीय रूपेश कुमार की मौत वज्रपात की चपेट में आकर हो गई। बताया गया कि रूपेश सुबह शौच के लिए बघला नदी के किनारे गया था।

युवक ने की रेप की कोशिश

# गांव वालों ने पीट-पीटकर मार डाला

## पॉलिथीन में लपेट कर शव को सड़क किनारे फेंका



महानगर नेटवर्क
मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में एक रेप के आरोपी युवक की गांव वालों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव को पॉलिथीन में लपेट कर सड़क किनारे फेंक दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। मुजफ्फरपुर के करजा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवक की पीट-पीटकर हत्या की हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां देर रात एक युवक एक घर में घुस गया और वहां रसोई में सो रही महिला से दुष्कर्म की कोशिश करने लगे। इस बीच महिला जोर-जोर चिल्लाने लगी। महिला की आवाज सुनते ही मौके पर भारी संख्या में गांव वाले एकत्रित हो गए। गांव वालों को आता देख आरोपी युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे भागने से पहले ही दबोच लिया गया और चोर-चोर चिल्लाने लगे।

### सड़क किनारे अर्धनग्न अवस्था में मिली लाश

हत्या की जानकारी होते ही करजा थाने में हड़कंप मच गया। मौके पर डीएसपी कुमार चंद और थाना अध्यक्ष दल बल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने अर्धनग्न अवस्था मे पड़े मिले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इस मामले में अभी मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने तीन गांव वालों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

### जांच में जुटी पुलिस

मामले की जानकारी देते हुए गांव वालों ने बताया कि युवक के चार से पांच साथ घर के बाहर खड़े थे। हल्ला होते ही वह मौके से भाग गए।एसपी ग्रामीण विद्यासागर ने बताया कि एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। गावं वालों ने आरोपित को पिटाई किया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के शरीर पर कई जख्मों के निशान मिले है।

# किशनगंज में पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी आग

**किशनगंज।** किशनगंज में मंगलवार को पैसेंजर ट्रेन (75720) के इंजन में आग लग गई। हादसे की जानकारी लगते ही ट्रेन में मौजूद यात्री बोगियों से बाहर निकले। देखते ही देखते 5 मिनट के अंदर पूरी ट्रेन खाली हो गई। ट्रेन सिलीगुड़ी से मालदा जा रही थी। हादसा किशनगंज-कटिहार रेल डिवीजन के गायसल रेलवे स्टेशन पर हुआ।जो किशनगंज से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर है। इस ट्रेन में लगभग 1500 यात्री सवार थे और इसमें लगभग 500 यात्री किशनगंज के थे। रेलवे के कर्मचारी और फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से 1 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगा।

# सऊदी में फंसे भारत के दो दर्जन से अधिक मजदूर

- कंपनी ने 8 महीने से रोका वेतन
- परिवार ने सरकार से लगाई मदद की गुहार




**गोपालगंज।** गोपालगंज से सऊदी अरब गए दो दर्जन से अधिक भारतीय मजदूर पिछले आठ महीने से वहां फंसे हुए हैं। इनमें मांझा प्रखंड के कविलाशपुर गांव निवासी इम्तेयाज आलम के बेटा शाह आलम भी शामिल हैं। शाह आलम के परिजनों को जब से इसकी जानकारी मिली, तब से उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

शाह आलम के परिजनों ने बताया कि 'अगले ईद के बाद उसकी शादी होने वाली थी। उसे खर्च के लिए पैसे देने था। मकान भी बनवाना था। लेकिन अब वह विदेशियों के चंगुल में फंस गए है। शाह आलम की वतन वापसी के लिए उनके परिवार के लोग सरकार और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे है। शाह आलम पांच साल पहले सऊदी अरब में सेंडन इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड में काम करने गए थे।

# बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

- 36 अनुमंडलों में नए SDO तैनात
- कई IAS अफसरों का भी ट्रांसफर




महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। राज्य सरकार ने एक झटके में राज्य के 36 अनुमंडलों में नए एसडीओ की तैनाती की है। इसी के साथ, सरकार ने कई आईएएस अधिकारियों का तबादला भी किया है। बांका के अनुमंडिल पदाधिकारी अविनाश कुमार को बक्सर सदर भेजा गया है। बांका के वरीय उप समाहर्त्ता केशव आनंद को नीमचक बथानी (गया) में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पोस्टिंग मिली है।

वैशाली के वरीय उप समाहर्त्ता स्वतंत्र कुमार सुमन को रजौली (नवादा) में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पोस्टिंग मिली है। विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पटना अनिल कुमार को गोपालगंज सदर में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पोस्टिंग मिली है। भोजपुर के वरीय उप समाहर्त्ता विकास कुमार को बेतिया सदर में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पोस्टिंग मिली है। शेखपुरा के भूमि सुधार उप समाहर्त्ता आलोक राय को सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पोस्टिंग मिली है।

### कई आईएएस अधिकारियों का भी हुआ ट्रांसफर

भागलपुर नगर निगम की आयुक्त डॉ. प्रीति को जहानाबाद ट्रांसफर किया गया है। वह अब उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद की जिम्मेवारी संभालेंगी।

भोजपुर, आरा जिला परिषद की उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ। अनुपमा सिंह को अगले आदेश तक स्वास्थ्य विभाग पटना में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## व्यापार

# टिकट से ट्रेन स्टेटस तक, एक एप पर सभी सेवाएं




महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

रेलवे ने रोलआउट किया 'स्वरेल' ऐप; लाइव ट्रैकिंग और शिकायत की सुविधा भी उपलब्ध भारतीय रेलवे ने अपना नया एप स्वरेल एंड्रॉएड यूजर्स के लिए रोलआउट कर दिया है। यह एप यात्रियों को टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेन स्टेटस और खाना ऑर्डर करने तक की सभी सेवाएं एक ही जगह पर देगा। इसके अलावा, इस एप का उपयोग करके यूजर्स अपनी यात्रा से जुड़ी किसी भी समस्या का समाधान आसानी से कर सकेंगे। इसे सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिम (CRIS) ने डेवलप किया है। 'स्वरेल' भारतीय रेलवे की अलग-अलग डिजिटल सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर इंटीग्रेट करता है।

# सेंसेक्स 873 अंक गिरकर 81,186 पर बंद

महानगर नेटवर्क
मुंबई

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी 20 मई को सेंसेक्स 873 अंक गिरकर 81,186 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 262 अंक की गिरावट रही, ये 24,684 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 27 शेयरों में गिरावट और 3 में तेजी रही। जोमैटो का शेयर 4.10% की गिरा। मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट सहित कुल 14 शेयरों में 2.8% तक गिरावट रही। टाटा स्टील में मामूली तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 42 गिरकर बंद हुए। ऑटो, मीडिया और रियल्टी में करीब 2% की गिरावट है।

# गोदरेज एंटरप्राइजेस ग्रुप ने वित्त वर्ष 2025 में 16 नये पेटेंट हासिल किए

## नवाचार और टिकाऊ विकास को दी मजबूती



महानगर नेटवर्क
मुंबई

गोदरेज एंटरप्राइजेस ग्रुप को इस वित्त वर्ष में इंडियन पेटेंट ऑफिस से 16 नये पेटेंट प्राप्त हुए हैं, जिससे उसके कुल स्वीकृत पेटेंट्स की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। ये उपलब्धि व्यावहारिक अनुसंधान और डिजाइन-आधारित नवाचारों में कंपनी के लगातार निवेश को दर्शाती है, जिनका उद्देश्य वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान देना है। नवीनतम पेटेंट्स में होम अप्लायंसेज, ग्रीन बिल्डिंग मटेरियल्स, स्मार्ट सिक्योरिटी सॉल्यूशंस और सस्टेनेबल इंजीनियरिंग सिस्टम्स से जुड़ी तकनीकी प्रगति शामिल हैं। ये गोदरेज की उस सोच के अनुरूप हैं, जो उपभोक्ता-केंद्रित डिजाइनों के जरिए दक्षता, सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देती है। इसके अलावा, कंपनी ने 52 और पेटेंट्स के लिए आवेदन भी किए हैं, जो उसकी नवाचार-प्रेरित कार्यसंस्कृति को रेखांकित करते हैं।

# यूनिफाइड डेटा - टेक सॉल्यूशंस का आईपीओ 22 मई को खुलेगा

महानगर नेटवर्क
मुंबई

2010 में स्थापित, यूनिफाइड डेटा - टेक सॉल्यूशंस डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर, वर्चुअलाइजेशन, डेटा प्रोटेक्शन, नेटवर्किंग, साइबर सुरक्षा, सुरक्षित एप्लीकेशन डिलीवरी आदि सहित कई आईटी सलूशन प्रदान करती है। कंपनी अपनी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए तैयार है, जिसमें 144.47 करोड़ रुपये जुटाने और ऑफर फॉर सेल के माध्यम से 52,92,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की योजना है। हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड यूनिफाइड डाटा-टेक आईपीओ का बुक-रनिंग लीड मैनेजर है, और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इस इश्यू का रजिस्ट्रार है। आईपीओ के लिए मार्केट मेकर हेम फिनलीज प्राइवेट लिमिटेड है।

# आ गया 20 रुपए का नया नोट



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अब आधिकारिक तौर से नए डिजाइन वाला 20 रुपए का नोट जारी कर दिया है. नोट का डिजाइन इसी तरह से रखा गया है जो पुराने नोट जैसा ही लगे. नोट लाने के पीछे का मकसद ये है कि जनता इसे आसानी से पहचान सके और सेफ्टी में कोई कमी न आए. इसके कारण आपको नोटों की पहचान में आसानी होगी. अब आपके मन में ये सवाल चल रहा होगा कि नए नोट किस तरह से होंगे?

**नया नोट हल्के हरे और पीले रंग का होगा**

आरबीआई के अनुसार, नया नोट हल्के हरे और पीले रंग का होगा। इसका साइज 63mm x 129mm रहेगा,लेकिन अब नोट के पीछे के हिस्से पर आपको कोर्णाक सूर्य मंदिर की तस्वीर नहीं दिखेगी अब इसकी जगह एलोरा गुफाओं की फोटो दिखाई देगी. जो यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और इसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत दिखाई देती है। आपको इसके अलावा, दोनों तरफ फूलों के पैटर्न में 20 रुपए लिखा होगा। इसमें सबसे खास बात ये है कि इसे देवनागरी लिपि में भी दिखाया जाएगा। इस नोट में RBI, भारत, India और 20 जैसे शब्दों को भी जोड़ा जाएगा।

# आइस मेक ने 480 करोड़ का राजस्व हासिल किया

**मुंबई/अहमदाबाद।** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड जो 50 से अधिक प्रकार के व्यावसायिक और औद्योगिक रेफ्रिजरेशन उपकरणों का अग्रणी निर्माता है, ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही और पूर्ण वर्ष के लिए मजबूत वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 180.82 करोड़ का समेकित परिचालन राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 140.14 करोड़ था। यह 26.76% की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है, जबकि तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 29.02% की वृद्धि हुई है। चौथी तिमाही में कंपनी का EBITDA 21.85 करोड़ रहा, जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में 20.93 करोड़ था।

# रेनॉल्ट इंडिया ने देश भर में समर कैंप शुरू किया



**मुंबई।** रेनॉल्ट समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रेनॉल्ट इंडिया ने आज देश भर में आफ्टरसेल्स पहल - 'रेनॉल्ट समर कैंप' की शुरुआत की घोषणा की। यह सर्विस कैंप 19 मई से 25 मई, 2025 तक भारत में सभी रेनॉल्ट सर्विस सुविधाओं पर आयोजित किया है। कारों के इष्टतम प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वाहनों को रेनॉल्ट इंडिया के प्रशिक्षित और कुशल तकनीशियनों द्वारा व्यापक जांच के माध्यम से विशेषज्ञ ध्यान दिया जाएगा, जिसमें बैटरी स्वास्थ्य, पावर स्टीयरिंग द्रव, बाएं और दाएं संकेतक/खतरे की रोशनी, ब्रेक द्रव जलाशय, इंजन एयर फिल्टर और एसी/केबिन फिल्टर, साथ ही शीतलक वसूली जलाशय और स्तर जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल होंगे। सेवा में एक मानार्थ कार टॉप वॉश भी शामिल है।

# मुंबई मेट्रो स्टेशन पर खुला सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स का 'शोरूम'

**मुंबई।** 85 वर्षों की विरासत वाले भारत के प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने पूर्वी भारत में सर्वाधिक 177 से अधिक शोरूम्स के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। अब कंपनी ने ट्रांजिट ज्वेलरी रिटेल में कदम बढ़ाते हुए मुंबई के अंधेरी मेट्रो स्टेशन पर एक अनोखे फॉर्मेट में एवरलाइट ब्रांड के तहत नया शोरूम शुरू किया है, जो रोज़मर्रा में पहनने लायक डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पेश करता है। मुंबई के अंधेरी मेट्रो स्टेशन पर स्थित यह नया एवरलाइट शोरूम 200 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। इसकी आधुनिक और कॉम्पैक्ट डिज़ाइन ग्राहकों को एक नया, आसान और इंटरैक्टिव शॉपिंग अनुभव प्रदान करती है। इस अवसर पर बोलते हुए, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, सुवंकर सेन ने कहा, "हम अंधेरी मेट्रो स्टेशन पर अपने पहले एवरलाइट शोरूम के शुभारंभ को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जहां ग्राहक चलते-फिरते भी हमारे मॉडर्न डिज़ाइन्स को देख और खरीद सकते हैं।

# लिवप्योर ने मेंटनेंस-फ्री वॉटर प्यूरिफायर्स की रेंज पेश की




**मुंबई।** उपभोक्ता हितों के लिए प्रतिबद्ध और भारत के भरोसेमंद ब्रांडों में शामिल लिवप्योर ने वॉटर प्यूरिफायर्स की मेंटनेंस-फ्री सेवा के साथ 'भारत की सबसे बड़ी रेंज' लॉन्च की है।

इस नई पहल के साथ कंपनी ने अपने चर्चित टीवी अभियान 'हाथी मत पालो' को भी दोबारा शुरू किया है। यह पहल उपभोक्ताओं की उस सबसे बड़ी चिंता को दूर करने की कोशिश है, जो हर साल वॉटर प्यूरिफायर के रख-रखाव पर औसतन 5,000 रूपए के खर्च को लेकर होती है। यह कैम्पेन आईपीएल समेत कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय टीवी चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। इस पहल के तहत, लिवप्योर ने अपने प्रीमियम वॉटर प्यूरिफायर्स –एल्युरा, एल्युरा प्रीमिया, सेरेनो, इटर्ना और इटर्ना प्रीमिया पर 30 महीने तक इंटीग्रेटेड मेंटनेंस सर्विस देने की घोषणा की है। कंपनी का मकसद ग्राहकों को बिना किसी झंझट के शानदार और भरोसेमंद उपयोग अनुभव देना है। लिवप्योर का मानना है कि इस सेवा से प्यूरिफायर्स ज्यादा लोगों तक पहुंच सकेंगे और भारत में शुद्ध पेयजल को लेकर जागरूकता और पहुंच – दोनों बढ़ेंगी। इस पहल से ग्राहकों को सालाना मेंटनेंस कॉन्ट्रैक्ट की जरूरत नहीं होगी और ना ही किसी अचानक आने वाले खर्च का झंझट। इससे ग्राहकों का अनुभव और भी बेहतर होगा और उन्हें लंबे समय तक बेहतर मूल्य और सुविधा मिलेगी। लिवप्योर इस सेवा को शामिल करने वाला भारत का पहला ब्रांड बन गया है, जिसने वॉटर प्यूरिफायर इंडस्ट्री में एक नई दिशा और उद्योग मानक तय किया है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

## मेरठ के इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान को योगी की मंजूरी

# 93 प्रोजेक्ट पर खर्च होंगे 18000 करोड़

**महानगर संवाददाता**
**मेरठ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज की तर्ज पर मेरठ के विकास के लिए हैकेथॉन 2.0 में प्रस्तुत किए गए इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान फॉर मेरठ (आईडीपी) को हरी झंडी दे दी है। सोमवार को मंडलायुक्त ह्रषिकेश भास्कर यशोद और मेडा के मुख्य नगर नियोजक विजय कुमार सिंह ने सीएम आवास पर आईडीपी फॉर मेरठ का प्रजेंटेशन दिया। करीब डेढ़ घंटे चले प्रजेंटेशन में मुख्यमंत्री ने 18 हजार 200 करोड़ के प्रस्तावित 93 प्रोजेक्ट को गंभीरता से देखा। इन परियोजनाओं से मेरठ का कायाकल्प होगा। मेरठ को स्मार्ट, स्वच्छ और सस्टेनेबल शहर बनाने को चरणबद्ध विकास रणनीति के तहत तैयार सभी प्रोजेक्ट को सीएम ने सहमति दी। योगी ने कहा कि मेरठ को खेल, शिक्षा,



संस्कृति, व्यापार का प्रेरणादायी मॉडल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शहर की अतिक्रमण समस्या हल करने को जिला प्रशासन, प्राधिकरण और नगर निगम को समन्वित कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को 'मेरठ इंटीग्रेटेड डवलपमेंट प्लान' पर मुहर लगाने के दौरान कहा कि शहर को पूरी तरह से अतिक्रमण से मुक्त करते हुए बेहतर विकास किया जाए। बैठक में बताया गया शहर के विकास के लिए 93 परियोजनाओं पर 18 हजार 200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें से छह परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। 'मेरठ इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान'को लेकर तीन महीने से कवायद चल रही है। मार्च में मेरठ दौरे में मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की तर्ज पर मेरठ के विकास की बात कही थी। इसके बाद कमिश्नर डा.ह्रषिकेश भाष्कर यशोद की देखरेख में प्रशासन, नगर निगम, मेडा और अन्य विभागों ने मिलकर प्लान तैयार किया। कई स्तरों पर विमर्श के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री के सामने प्रजेंटेशन दिया गया। लखनऊ में शासन के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

### मेरठ को ज्वेलरी हब के रूप में विकसित किया जाए


मुख्यमंत्री ने कहा, मेरठ में परंपरागत रूप से आभूषण निर्माण का काम होता है। मेरठ को ज्वेलरी हब के रूप में विकसित किया जाए। कारीगरों के लिए साझा कार्यस्थल, आधुनिक उपकरण, सुरक्षा संबंधी ढांचा उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने बैठक के अंत में हैकाथॉन 2.0 के माध्यम से आमजन व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को शामिल किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेरठ को प्रदेश के अन्य नगरों के लिए प्रेरक उदाहरण बनाकर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। जनसंख्या आंकड़ों के अनुसार 2021 में मेरठ की आबादी लगभग 23 लाख थी, जो 2041 तक बढ़कर 33.52 लाख होने का अनुमान है। प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना को देखते हुए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना अनिवार्य है। बैठक में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, वेस्टर्न रिंग रोड, इंटरनल रिंग रोड, स्मार्ट सड़कें जैसी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। संजय वन, सूरजकुंड और ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की परियोजनाएं पर्यावरण संरक्षण के साथ जीवन गुणवत्ता को भी बेहतर बनाएंगी।

# वैश्विक धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर और मजबूत होगा उत्तर प्रदेश

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक, पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प करने के लिए 4,560 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य न केवल श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनश्चिति करना है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर और भी मजबूती से स्थापित करना है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मिर्जापुर समेत प्रदेश के विभन्नि क्षेत्रों में स्थित पवित्र स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण इस योजना का मुख्य आधार है। इन प्रमुख ऐतिहासिक, पौराणिक व विशेष आध्यात्मिक महत्व वाले धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नवनिर्माण की प्रक्रिया को

### 4560 करोड़ से धर्मार्थ मार्गों का होगा कायाकल्प



वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रमुख वरीयता पर रखा गया है।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश में 272 कार्यों को पूरा करने की योजना रखी गई है। इसमें 4,560 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। इन कार्यों को लोकनिर्माण विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग के आपसी समन्वय से पूरा किया जाएगा।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, प्रदेश भर में प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों के सुदृढ़ीकरण के जो कार्य चयनित हुए हैं उन्हें धर्मार्थ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा स्वीकृत किया जाता है।

इसी के जरिए वरीयता के आधार पर उन मार्गों के विकास, नवनिर्माण और सुदृढ़ीकरण को पहले वरीयता दी जाती है जो सबसे ज्यादा फुटफॉल वाले मार्ग होते हैं।

# आईएसआई जासूसः एटीएस के रडार पर 21 संदिग्ध

## इनमें चार महिलाएं भी शामिल, शहजाद की गिरफ्तारी के बाद खुलासा




**मुरादाबाद।** एटीएस द्वारा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के जासूस शहजाद की गिरफ्तारी के बाद उसके करीब 21 अन्य लोग भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। इनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के आजादनगर निवासी शहजाद अपने कारोबार के सिलसिले में पाकिस्तान जाता था। वहीं वह आईएसआई अधिकारियों के संपर्क में आया और जासूस बन गया। उसकी गतिविधियों की एटीएस दो माह से निगरानी कर रही थी। एटीएस ने उसके नंबर को सर्विलांस पर ले लिया था। जांच अधिकारियों ने आईएसआई एजेंटों से बातचीत का रिकॉर्ड इकट्ठा करने के बाद उसको गिरफ्तार किया। आरोप है कि शहजाद आईएसआई एजेंटों से संपर्क होने के बाद उनके प्रभाव में आ गया था। धर्म का हवाला देकर वह युवाओं को अपने संगठन से जोड़ रहा था। कई युवाओं को वह आईएसआई एजेंटों से मिलवा चुका था। सूत्रों के अनुसार उसने भारतीय सिम आईएसआई के एजेंटों को उपलब्ध कराया था। इनका इस्तेमाल पाक एजेंसी जासूसी के लिए करती थी। गिरफ्तार एजेंट रामपुर और मुरादाबाद के करीब 21 लोगों से लगातार संपर्क में था। इसमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। एटीएस की टीम सभी लोगों की गहराई से छानबीन कर रही है। हालांकि, अभी किसी अन्य व्यक्ति को जांच एजेंसी ने हिरासत में नहीं लिया है। मुरादाबाद से गिरफ्तार किए गए आईएसआई के जासूस शहजाद को अदालत ने 31 मई तक की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# मायावती बोलीं- सरकारी स्कूलों के दाखिले में 22 लाख की गिरावट चिंतनीय

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सरकारी स्कूलों में होने वाले दाखिले में बच्चों की संख्या में गिरावट होना चिंता की बात है। सरकार को शिक्षा के महत्व व जरूरत पर उचित ध्यान देना चाहिए। वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि सरकार मदरसों को लेकर अपना नजरिया बदले। उन्हें अवैध बताकर बंद करना अनुचित है। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर कहा कि यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की

### मदरसों के प्रति नजरिया बदले सरकार



ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय है। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित कदम है। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो सरकारी स्कूलों के हालात देश के अधिकतर राज्यों में काफी खराब हैं किन्तु यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय होगा। ऐसे में स्कूल शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी है। बता दें कि अवैध तरीके से चल रहे मदरसों पर कार्रवाई करते हुए सरकार उन्हें बंद कर रही है और अतिक्रमण कर बनाई गई इमारतों को ढहा रही है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने ऑपरेशन सिंदूर पर उठाया सवाल

### बोले- पाकिस्तान में एक भी आतंकी नहीं मारा गया



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में मंगलवार को अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पहुंचे। यहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाया। कहा कि पाकिस्तान में एक भी आतंकवादी नहीं मारा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया तो बहुत खुशी हुई कि देर आए दुरुस्त आए। सोचा था कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों का खात्मा होगा। लेकिन, 24 घंटे के अंदर सब टांय-टांय फुस्स हो गया। मौर्य ने आगे कहा कि बहनों का सम्मान करने की बजाय उनका अपमान किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर बहनों को धोखा दिया। ऐसी क्या बात थी कि 24 घंटे के अंदर बैकफुट पर आ गए। जबकि, एक भी आतंकवादी वहां पर घुसकर नहीं मारा गया। सारे आतंकवादियों का सफाया करने के बाद ही युद्ध बंद किया जाता।

सरकार को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने बहनों की आंखों में धूल झोंका है। देशवासियों के भी आंखों में धूल झोंका। यही भाजपा का चाल और चरित्र और चेहरा है। उसको अब हम जनता के बीच में बेनकाब करने जा रहे हैं। वहीं, संविधान का सम्मान भी जरूरी है। यदि 400 का आंकड़ा पार हो गया होता तो आज संविधान बदल दिया गया होता। उन्होंने आगे कहा कि मैं देश के साथ-साथ अयोध्यावासियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने 400 का आंकड़ा ना पार कराते हुए भाजपा को बैसाखी पर खड़ा कर दिया। प्रधानमंत्री नारा देते हैं, वन नेशन-वन इलेक्शन। मैं कहता हूं वन नेशन-वन इलेक्शन क्यों? अगर आवश्यकता ही है तो सबसे पहले वन नेशन-वन एजुकेशन होना चाहिए।

# एक्शन में यूपी पुलिस, गोंडा के बाद आगरा में एनकाउंटर

## आरोपी मुरसलीन गोली लगने के बाद गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
आगरा

यूपी पुलिस लगातार एक्शन मोड में है। सोमवार की देर रात पुलिस ने गोंडा में एक लाख रुपए के इनामी सोनू पासी उर्फ भुर्रे को मार गिराया। वहीं मंगलवार तड़के आगरा में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक मुरसलीन नाम के बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की। आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में मुरसलीन के पैर में गोली लग गई। वह वहीं गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मुरसलीन के खिलाफ आगरा के विभिन्न थानों करीब 25 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार किए जाने के बाद जगदीशपुरा



पुलिस मुरसलीन को लेकर एसएन मेडिकल कॉलेज गई जहां उसका इलाज किया जा रहा है। यह मुठभेड़ मंगलवार तड़के आगरा के बिचपुरी पथौली मार्ग पर हुई। एसीपी मयंक तिवारी ने बताया कि बिचपुरी पथौली मार्ग पर पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। तभी संदिग्ध को रोका गया। वह भागने लगा। पुलिस ने जब आरोपित को रुकने को कहा तो उसने जान से मारने की नीयत से अवैध असलहे से फायरिंग कर दी।

### सोमवार देर रात गोंडा में मारा गया सोनू पासी

इसके पहले सोमवार देर रात यूपी के गोंडा में एक लाख का इनामी बदमाश सोनू पासी उर्फ भुर्रे को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। पिछले महीने गोंडा में चोरी के दौरान एक शख्स की हत्या के बाद सोनू पर एक लाख रुपए का इनाम रखा गया था। सोनू हत्या, लूट, डकैती और डकैती में हत्या जैसे 48 मुकदमों में वांछित था। पुलिस के मुताबिक खुद को घिरता देख उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। इसमें बुलेट प्रूफ जैकेट होने की वजह से एसएचओ बाल-बाल बच गए। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में सोनू मारा गया।

# मुरादाबाद में 50 से अधिक गोदामों में आग से कई घर भी चपेट में आए



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव रानी नागल में कपड़ों के पुराने गोदाम में भीषण आग लग गई है। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते आग ने 50 से अधिक गोदामों को चपेट में ले लिया। कुछ घर भी आग की चपेट में आ गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर करीब दो घंटे बाद दकमल की गाड़ियां पहुंची तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम के साथ ही पुलिस-प्रशासन की टीम भी मौके पर जुटी रही। आग लगने की सूचना पर एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार, एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना, सीओ ठाकुरद्वारा रुद्र कुमार सिंह, एसएचओ भोजपुर, एसएचओ भगतपुर, एसएचओ डिलारी टीमों के साथ गांव पहुंच गए। एहतियात के तौर पर गोदाम के आसपास के 60 से अधिक मकानों को खाली करा दिया गया। बताया जाता है कि थाना भोजपुर के गांव रानी नागल में बड़े पैमाने पर लोग पुराने कपड़ों से दरी आदि बनाने का काम करते हैं। इसके लिए करीब सौ लोगों ने गोदाम बना रखा है। इन्हीं में से एक गोदाम में सोमवार शाम करीब सात बजे आग सुलगी।

# पोस्टमास्टर से डाक निरीक्षक ने ही मांगी रिश्वत

## सीबीआई ने छापा मारकर ड्राइवर समेत दबोचा

**महानगर संवाददाता**
**जौनपुर**

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मड़ियाहूं पोस्ट ऑफिस में सीबीआई लखनऊ की टीम ने सोमवार को दिन में 12 बजे से रात लगभग 12 बजे तक छापेमारी की। इस दौरान सीबीआई के अधिकारी डाकघर के एक अधिकारी और उसके चालक को घूस के 25 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार कर अपने साथ लखनऊ ले गये, जहां दोनों को मंगलवार को सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लंबे समय से मड़ियाहूं डाकघर में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों की जांच के लिए सीबीआई



लखनऊ के निरीक्षक रोहित के नेतृत्व में सोमवार को दिन में 12 बजे 10 सदस्यीय टीम ने मडियाहू डाकघर में छापा मार कर डाक निरीक्षक अंकित कुमार सिंह समेत दो को गिरफ्तार किया।

इस दौरान उनके चालक रोहित यादव के पास से रिश्वत के 25 हजार रुपये बरामद हुए। सीबीआई की टीम ने रिकॉर्ड खंगालने के साथ ही कर्मियों से रात लगभग 12:00 बजे तक पूछताछ करने के बाद डाक निरीक्षक अंकित सिंह और उनके चालक रोहित यादव को अपने साथ लेकर लखनऊ चले गए। लखनऊ में दोनों को मंगलवार को सीबीआई की कोर्ट में पेश किया जाएगा। जिले के मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के सेऊर गांव स्थित डाकघर शाखा के पोस्टमास्टर श्याम सुंदर तिवारी से डाक निरीक्षक ने 25 हजार रुपये की मांग की थी, परेशान होकर उन्होंने सीबीआई से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर सोमवार को दोपहर 12:00 बजे लखनऊ से पहुंची सीबीआई की टीम ने सबसे पहले अंकित कुमार सिंह और वसूली में उनका साथ देने वाले चालक रोहित यादव को हिरासत में लिया।

# जीजा शादीशुदा साली संग फरार

## साढ़ू की पुलिस से गुहार- पत्नी वापस दिला दो

**अमरोहा।** यूपी के अमरोहा में एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक शादीशुदा साली को लेकर उसका जीजा फरार हो गया है। पत्नी और दो बेटियों को वह



ससुराल में छोड़ गया है। पत्नी की काफी खोजबीन करने के बाद परेशान साढ़ू ने पुलिस से गुहार लगाई। साढ़ू ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी को वापस दिलाने का अनुरोध किया है। पुलिस ने तहरीर के जीजा-साली की तलाश में जुट गई है। फिलहाल मामला सुर्खियों के साथ लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है। जानकारी के अनुसार, नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी जोया कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति की बेटी से हुई थी। शादी होने के बाद पति-पत्नी दोनों अच्छे से रह रहे थे। दोनों को दो बेटियां भी हुईं। युवक ससुराल आना जाना बढ़ गया। युवक और साली के बीच हंसी मजाक चलता था। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। दोनों का इश्क परवान चढ़ने लगा कि इस बीच साली की शादी भी करीब 11 महीने पहले हो गई। इस बाद युवक और साली के बीच बातचीत जारी रही। मौका पाते ही युवक अपनी पत्नी व बच्चों को ससुराल में छोड़कर विवाहिता साली को लेकर फरार हो गया। जानकारी पर परिवारजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने फरार जीजा-साली को सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं लग सका। परेशान फरार हुई साली के पति व पिता ने इस बावत डिडौली कोतवाली पहुंच कर आरोपी साढ़ू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

# 69000 शिक्षक भर्ती — 22 दिसंबर 2018 के बाद अर्हता हासिल करने वालों के लिए बुरी खबर

**महानगर संवाददाता**
**प्रयागराज**

परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में हुई 69000 सहायक अध्यापकों की भर्ती में चयनित ऐसे शिक्षक जिन्होंने आवेदन की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2018 के बाद आवश्यक न्यूनतम शैक्षिक योग्यता (अर्हता) प्राप्त की थी, उनकी सेवा समाप्त होगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। नौ मई को जारी सचिव का यह पत्र अब सार्वजनिक हुआ है। सचिव ने बीएसए को निर्देशित किया है कि आवेदन की अंतिम तिथि तक



शैक्षिक अर्हता धारित नहीं करने वाले शिक्षकों से स्पष्टीकरण लेते हुए तत्काल उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाए। हाईकोर्ट ने भी स्पष्ट आदेश दिया है कि तय तिथि के बाद अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थी चयन के लिए पात्र नहीं हैं। 69000 शिक्षक भर्ती में कई ऐसे अभ्यर्थियों ने भी आवेदन किया था, जिनका बीटीसी कोर्स 22 दिसंबर 2018 तक पूरा नहीं हो सका था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान इन अभ्यर्थियों ने बीटीसी प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया और उसके आधार पर इनका चयन भी हो गया।

इस भर्ती के पहले बैच में 31277 और दूसरे बैच में 36590 शिक्षकों को क्रमशः अक्टूबर और दिसंबर 2020 में नियुक्ति मिली थी। तीसरे चरण में 6696 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। इस लिहाज से तकरीबन पांच साल से ये शिक्षक नौकरी कर रहे हैं। सचिव ने इससे पहले इस प्रकरण को लेकर प्रदेश के 29 जिलों के बीएसए को पत्र जारी किया था लेकिन नौ मई को सभी बीएसए को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# सुहागरात पर दुल्हन की हरकतों से परेशान हो गया दूल्हा

## बुलाए गए मायकेवाले; बातें सुन दंग रह गए सब

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सुहागरात पर एक दुल्हन की हरकतों से दूल्हा परेशान हो गया। दुल्हन उस पर ध्यान देने की बजाए मोबाइल पर लगातार प्रेमी से बात करती रही।



अगले दिन भी यह सिलसिला जारी रहा तो ससुरालवालों ने दुल्हन के मायकेवालों को बुला दिया। दुल्हन मायके वालों के साथ लौट गई। साथ ही पति की बजाए प्रेमी के साथ रहने की मांग करने लगी। उसकी बातें सुनकर हर कोई दंग रह गया। सबने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ गई। यही नहीं मायके आते ही शाम को ही प्रेमी के घर भी चली गई।

शादी के दूसरे दिन ही दुल्हन के वापस मायके आने और प्रेमी के घर चले जाने को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। घरवालों के लाख मनाने और समझाने के बावजूद दुल्हन, प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही। उसके पिता ने मामले की शिकायत थरवई थाने में की तो पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद भी लड़की प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही। इसे लेकर सोमवार को दिनभर थाने में पंचायत चलती रही लेकिन लड़की टस से मस नहीं हुई। उसने साफ कह दिया कि ससुराल नहीं जाएगी, प्रेमी के साथ ही रहेगी। प्रयागराज के थरवई थाना क्षेत्र के एक युवती की शादी सात मई को झूंसी क्षेत्र के एक लड़के के साथ हुई।

# बड़े भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ 24 वार कर मौत के घाट उतारा

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सोमवार रात गोमतीनगर में नशे के विवाद में युवक ने बड़े भाई के सीने और गर्दन पर ताबड़तोड़ 24 वार कर हत्या कर दी। बड़े भाई को शराब की लत थी। वह रात में शराब पीकर हंगामा कर रहा था। इसी को लेकर लेकर विवाद हुआ था। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या कर मुकदमा दर्ज करके आरोपित भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गोमतीगगर के विरामखंड निवासी मजदूर बाबूलाल (27) नशे का आदी था। लोगों के मुताबिक, बाबूलाल नशे का आदी था। आए दिन उसका घरवालों से विवाद होता था। शराब पीकर लौटने के बाद बाबूलाल घरवालों से भिड़ जाता था। कई बार मारपीट जैसी स्थिति बन जाती थी।सोमवार रात में भी बाबूलाल शराब पीकर घर पर हंगामा करने लगा। इसपर उसके छोटे भाई सनी ने विरोध किया तो वह उससे मारपीट करने लगा। बाबूलाल चाकू उठाकर उसे मारने के लिए दौड़ा। सनी ने बाबूलाल से चाकू छीनकर उसके सीने और गर्दन पर तड़तोड़ 24 वार कर दिए। खून से लथपथ बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

# बस्ती में पांच साल की मासूम को अगवा कर हैवानियत

**महानगर संवाददाता**
**बस्ती**

बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की मासूम को अगवा कर हैवानियत के बाद उसका गला घोंट कर हत्या कर दी गई। रविवार देर रात मासूम का शव गांव के बाहर कब्रिस्तान के पास मिला। शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। मासूम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जांच के दौरान 20 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार, पांच वर्षीय मासूम पास के ही एक स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। रविवार दिन में उसकी दादी किसी के घर गई थीं।

### दोनों हाथ मरोड़कर तोड़े... उठाकर भी पटका, फिर मार डाला



दोपहर करीब दो बजे बच्ची उन्हें खोजते हुए घर से निकली। काफी देर बाद भी जब वह नहीं लौटी तो घरवालों ने तलाश शुरू की। रात करीब आठ बजे तक तलाश के बाद भी बच्ची का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने लालगंज थाने में सूचना दी। मासूम के लापता होने की सूचना पर थाना प्रभारी लालगंज शशांक शेखर राय टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की। देर रात एसपी अभिनंदन भी एएसपी ओपी सिंह, सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी, सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह, सीओ कलवारी प्रदीप कुमार, मुंडेरवा व कलवारी थाने की पुलिस लेकर गांव पहुंच गए। तलाश के दौरान रात करीब 12 बजे गांव के बाहर स्थित कब्रिस्तान के पास झाड़ियों में मासूम का शव मिला। रविवार को दोपहर मासूम के गांव में रेडीमेड कपड़े बेचने एक फेरी वाला आया था। मासूम के पिता ने भी अपने लिए बनियान खरीदी। मोहल्ले के कुछ बच्चे फ्रॉक और घाघरा खरीद रहे थे। मासूम ने भी अपने पिता से घाघरा खरीदने के लिए कहा। उसके पिता ने कहा कि जाओ दादी को ढूंढ़कर लाओ, वह अगर पैसा दे देंगी तो तुम्हारे लिए घाघरा खरीद दूंगा। मासूम दौड़ते हुए गांव में दादी को ढूंढ़ने निकली मगर लौटकर नहीं आई। मासूम के पिता ने बताया कि उसकी बेटी का गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में इसी साल दाखिला हुआ था।

112 नंबर पीआरवी पर रविवार रात आठ बजे पांच वर्षीय बच्ची के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान चलाया। उस गांव और आसपास के सिवान में 12 बजे रात तक खोजबीन की गई। उसी दौरान घर से करीब दो सौ मीटर दूर बच्ची का शव पड़ा मिला। पिता की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगाई गई हैं।
**- अभिनंदन, एसपी बस्ती**

# वाराणसी में संकटमोचन मंदिर के महंत के घर में चोरी

## एक करोड़ के गहने और लाखों की नकदी गायब



**वाराणसी।** यूपी के वाराणसी में संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र के तुलसीघाट स्थित घर में चोरी की वारदात हो गई है। एक करोड़ के आभूषण समेत लाखों की नगदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस मामला दर्ज कर ऐक्शन में आ गई है। पुलिस ने इस मामले में चार संदिग्धों को हिरासत लिया है। हिरासत में लिए गए युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट है कि तीन नकाबपोश बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। फुटेज में तीनों चोर बाहर जाते नजर आए। इनके हाथ में लाल रंग का झोला भी था। चोरी की सूचना पर डीसीपी काशी गौरव बंशवाल समेत भेलूपुर और लंका थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई। जांच के बाद पुलिस चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। डीसीपी काशी ने बताया कि महंत के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार पांडेय की ओर से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# बेंगलुरु में भारी बारिश- 500 घर डूबे, 3 की मौत

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

## राजस्थान-दिल्ली में हीट वेव का अलर्ट



मौसम विभाग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित 11 राज्यों में आंधी-बारिश के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया है। झारखंड में बिजली गिरने से 5 और महाराष्ट्र में 2 मौतें हुईं हैं। झारखंड, बिहार सहित 13 राज्यों में आज भारी बारिश की चेतावनी है। इधर बेंगलुरु में सोमवार से तेज बारिश जारी है। शहर की ज्यादातर सड़कें पानी में डूबी हैं। 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। BTM लेआउट में पानी भरे अपार्टमेंट में करंट लगने से 12 साल के बच्चे और 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। व्हाइटफील्ड में दीवार गिरने से 35 साल की महिला की मौत हो गई। मौसम विभाग ने बेंगलुरु में आज भी तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। मैदानी इलाकों में मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश का बांदा 46.6 डिग्री के साथ देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार को केरल के वायनाड और उत्तरी जिलों कासरगोड, कन्नूर, वायनाड और कोझिकोड के लिए रेड अलर्ट जारी किया, जबकि पलक्कड़, मलप्पुरम और त्रिशूर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है क्योंकि इस रीजन के कई इलाकों में भारी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने इडुक्की, एर्नाकुलम, कोट्टायम, अलप्पुझा और पथानामथिट्टा के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। जैसे-जैसे बारिश जारी रहेगी, खासकर पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की संभावना बढ़ सकती है।

# हमें भी चाहिए फुस्स चीनी मिसाइल PL-15E का मलबा

## जापान, फ्रांस सहित कई देशों में क्यों मची होड़

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली




पिछले महीने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) से आतंकियों का खात्मा करने और उनके ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमला बोल दिया था। चार दिनों के सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान की तरफ से करीब 800 से 1000 ड्रोन और मिसाइल दागे गए थे, जिसे भारतीय सशस्त्र बलों ने मार गिराया था। पाकिस्तान ने ये ड्रोन और मिसाइल भारत के 30 शहरों में आम नागरिकों और सैन्य बेस को निशाना बनाकर दागे थे लेकिन सभी हमलों को नाकाम कर दिया गया। इन हमलों में भारत में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। पिछले दिनों जब सेना के तीनों सैन्य संचालन महानिदेशकों (DGMOs) ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स की थी और दुश्मन देश द्वारा हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन्स और मिसाइलों के मलबों की तस्वीरों का सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शन किया था, तब बताया गया था कि पाकिस्तान ने तुर्की के ड्रोन समेत चीन के PL-15E मिसाइलों का भी इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया था, जिसे हमारी एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया था। PL-15E चीन निर्मित हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसे सीमावर्ती इलाकों में मार गिराया गया था। इस मिसाइल के टुकड़े पंजाब के खेतों में मिले थे। पंजाब के होशियारपुर में एक जगह तो यह मिसाइल बिना ऐक्टिव हुए ही खेतों में गिरा मिला, जिसकी सुरक्षा बलों ने जांच की तो पाया कि यह चीन की उन्नत मिसाइल PL-15E है।

उत्तराखंड सरकार का बड़ा फैसला

# मदरसों के बच्चों को पढ़ाया जाएगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली




उत्तराखंड के मदरसों में अब बच्चों को ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में पढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने राज्य में मदरसा पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिन्दूर पर एक पूरा अध्याय शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसमें भारतीय सेना की वीरता और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक कहानी शामिल होंगी। पूरे उत्तराखंड में 451 पंजीकृत मदरसों में 50,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं, जो अब ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में अध्ययन करेंगे। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड के मदरसों के पाठयक्रम में, हाल में भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की गाथा को शामिल किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि हम मदरसों में सफल ऑपरेशन सिंदूर की गाथा को शामिल करेंगे ताकि हमारे मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को यह मालूम हो सके कि यह ऑपरेशन क्या था और इसकी जरूरत क्यों पड़ी। पाकिस्तान को 'नापाक मुल्क' बताते हुए कासमी ने कहा कि जिस तरह से उसने हमारे देश पर हमला किया और पहलगाम में 'हमारे निहत्थे भाइयों' का कत्ल किया, उसके लिए उसे सबक सिखाना बहुत जरूरी था। उन्होंने इस कृत्य को कुरान की भी अवहेलना बताया। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि मदरसों में ऑपरेशन सिंदूर को पाठयक्रम में शामिल करने के निर्णय पर अमल के लिए जल्दी ही पाठयक्रम समिति की बैठक बुलायी जाएगी।

# 'सरकार ने नहीं दी सुरक्षा इसलिए पहलगाम में मारे गए पर्यटक'

**कांग्रेस बोली-** एजेंसियों के कहने पर कश्मीर नहीं गए PM



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। अब इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अगर पहलगाम में सुरक्षा दी गई होती, तो लोगों की मौत नहीं होती। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए कश्मीर नहीं गए, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों ने मना किया था।

### खड़गे का मोदी सरकार पर आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "कश्मीर में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। आपने (केंद्र सरकार ने) पर्यटकों से वहां (पहलगाम) न जाने को क्यों नहीं कहा? अगर आपने उन्हें बताया होता तो 26 लोगों की जान बच सकती थी और यह छोटा सा युद्ध भी रुक सकता था।"

मल्लिकार्जुन खड़गे ने विदेश नीति को लेकर भी मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी पिछले 11 सालों से लगातार विदेश यात्राएं कर रहे हैं, लेकिन जब भारत को पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत थी, तो कोई भी देश हमारा साथ देने के लिए आगे नहीं आया। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने 151 विदेश यात्राएं की हैं और 72 देशों का दौरा किया है। इनमें से 10 बार उन्होंने अमेरिका का दौरा किया है। फिर भी मोदी सरकार की विदेश नीति के तहत हमारा देश अकेला खड़ा है।

### क्या पीएम का काम सिर्फ विदेश जाकर फोटो खिंचवाना है?"

खड़गे ने कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1.4 बिलियन डॉलर का बेलआउट लोन दिया है लेकिन किसी ने भी भारत के रुख का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब हमारे बहादुर सशस्त्र बल आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे, तब अचानक सीजफायर की घोषणा कर दी गई।

# दिल्ली सरकार ने MLA फंड घटाया

## 15 करोड़ सालाना से घटा कर किया 5 करोड़ | AAP ने BJP को बताया भूखा भेड़िया

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



दिल्ली की विधानसभा में भी अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। लगातार दो कार्यकाल पूरे करने वाली आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आप सरकार में जो एमएलए फंड 15 करोड़/सालाना था, वो दिल्ली की भाजपा सरकार ने घटाकर 5 करोड़ कर दिया है। आप नेता ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार भूखे भेड़िए की तरह बरताव कर रही है।

आप नेता संजीव झा ने बताया कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी तो एमएलए का बजट 15 करोड़ रुपये सालाना था, जब भाजपा की सरकार आई तो यह घटकर पांच करोड़ रुपये हो गया। दिल्ली विधानसभा में 48 भाजपा के और 22 आप के सदस्य हैं। एमएलए फंड का उपयोग ऐसी जगह करते हैं जहां अन्य फंड का इस्तेमाल नहीं हो सकता है। संजीव झा ने बताया कि मेरी अपनी विधानसभा में करीब 20 से 25 फीसदी हिस्सा ऐसा है, जहां के लिए कोई फंड ही नहीं है। वहां केवल एमएलए फंड से ही हम काम कर सकते हैं। संजीव झा ने सवाल करते हुए कहा कि ऐसे में इतने कम रुपये में काम कैसे होगा। इसका मतलब सरकार यह चाहती है कि बारिश में जो डूबता है डूबता जाए। लोग परेशान हैं तो होते रहें।

इन्होंने मोहल्ला अस्पताल बंद कर दिए। दवाइयों की कमी हो गई है। एक भी डिपार्टमेंट के पास फंड नहीं है। सभी कॉन्ट्रैक्टर कह रहे हैं कि हमारे पास काम करने के लिए पैसे नहीं है। सरकार से हमें फंड नहीं मिल रहा है।

# भारत ने बढ़ाया खुफिया ब्यूरो प्रमुख का कार्यकाल

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



पाक संग बने युद्ध जैसे हालातों के बाद अब सीमा पर स्थिति सामान्य दिखाई दे रही है। हालांकि बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे कुछ लोगों की गिरफ्तारी के बाद देश में हलचल जरूर मची है। इस बीच सरकार ने इंटेलीजेंस ब्यूरो (IB) यानी खुफिया ब्यूरो के प्रमुख का कार्यकाल बढ़ा दिया है। IB प्रमुख तपन कुमार डेका को मंगलवार को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है, जो जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर यह सूचना दी है। सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने खुफिया ब्यूरो के निदेशक के रूप में डेका की सेवा में एक साल के विस्तार को मंजूरी दे दी है जो 30 जून 2025 से लागू होगी। बता दें कि 62 वर्षीय तपन कुमार डेका हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं और यह उनका दूसरा कार्यकाल विस्तार है।

'द प्राइड ऑफ गुजरात' पुरस्कार समारोह

# राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किया सम्मानित



**अहमदाबाद।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भारत के जाने माने सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. राम सावनी को 'द प्राइड ऑफ गुजरात' का प्रतिक चिन्ह दे कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि राम सावनी ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण और पुनर्जनन के क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अब तक 300 से अधिक ऐतिहासिक स्थलों का पुनर्जनन कार्य किया है, जैसे आईआईएम अहमदाबाद की विक्रम साराभाई लाइब्रेरी और मुंबई का रॉयल ओपेरा हाउस आदि सम्मिलित है। डॉ. राम सावनी और उनकी कंपनी सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन प्राइवेट लिमिटेड ने भारत की कई ऐतिहासिक इमारतों और स्थलों के संरक्षण और पुनर्जनन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी परियोजनाएँ भारत की सांस्कृतिक और वास्तुशिल्प विरासत को संरक्षित करने पर केंद्रित हैं। सावनी ने गुजरात और राजस्थान के कई प्राचीन जैन मंदिरों का संरक्षण किया, जिनमें जटिल पत्थर की नक्काशी और प्राचीन वास्तुशिल्प तत्व शामिल हैं। खासकर पत्थरों की सफाई, संरचनात्मक मरम्मत और पारंपरिक तकनीकों का उपयोग किया है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' वाली टीम के लिए मान गईं ममता बनर्जी

## TMC से अभिषेक बनर्जी करेंगे विदेश दौरा



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर का सच दुनिया के सामने रखने और पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विदेश दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में टीएमसी से अभिषेक बनर्जी शामिल होंगे। सूत्रों का कहना है कि टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी अभिषेक बनर्जी को भेजने पर सहमत हो गई हैं। इससे पहले ममता बनर्जी ने इस प्रतिनिधिमंडल से दूरी बना ली थी। खबर यह भी थी कि उन्होंने यूसुफ पठान को भी जाने से रोक दिया था। मोदी सरकार की इस टीम में यूसुफ पठान का नाम शामिल किया गया था। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने खुद इस मामले में ममता बनर्जी से बात की थी। उन्होंने टीएमसी की तरफ से प्रतिनिधि को लेकर फैसला लेने की अपील की थी। ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से निपटने के भारत के रुख को सामने रखने के लिए गठित केंद्र के बहुदलीय राजनयिक मिशन का बहिष्कार नहीं कर रही हैं और केंद्र से औपचारिक अनुरोध प्राप्त होने पर अपने प्रतिनिधि भेजेंगी। टीएमसी ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रतिनिधिमंडलों में पार्टी के उम्मीदवार का फैसला केंद्र को नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर अनुरोध हमारे पास आता है, तो निश्चित रूप से हम इस पर विचार कर सकते हैं। हम हमेशा केंद्र सरकार की नीति (विदेश मामलों पर) का समर्थन करते हैं। अगर कुछ खास होगा, तो हम इस पर विचार करेंगे, लेकिन अभी नहीं। फिलहाल, हम केंद्र सरकार के विचारों और उनके द्वारा उठाए गए कदमों का समर्थन कर रहे हैं।' बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार को किसी पार्टी के प्रतिनिधियों को चुनने का कोई अधिकार नहीं है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ देश की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के रुख को सभी के सामने रखने के लिए पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिजनों या ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करने वाले सशस्त्र बलों के अधिकारियों को विदेश भेजना चाहिए।

# SHRM टेक 2.0 में एआई, इंसानी ताकत और भविष्य के काम पर चर्चा




**नई दिल्ली\ मुंबई।** बहुप्रतीक्षित SHRM टेक 2.0 2025 का भव्य उद्घाटन मुंबई में हुआ, जहां व्यापार, मानव संसाधन और प्रौद्योगिकी जगत की प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। SHRM इंडिया (सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) द्वारा आयोजित यह आयोजन कार्यस्थल के भविष्य को लेकर गहन संवाद, नवीनतम नवाचारों की प्रदर्शनी और नेतृत्व पर आधारित सत्रों के माध्यम से दिशा तय करने वाला साबित होगा। एक प्रभावशाली उद्घाटन सत्र ने इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम की दिशा तय कर दी। अपने स्वागत भाषण में, अचल खन्ना, सीईओ - SHRM इंडिया, MENA और APAC ने डिजिटल परिवर्तन के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि SHRM टेक केवल चर्चाओं का मंच नहीं है, यह कार्रवाई के लिए एक लॉन्चपैड है। जैसे ही हम एक ऐसे भविष्य में कदम रख रहे हैं जो AI और मानवीय प्रतिभा से संचालित होगा, हमें विश्वास, उद्देश्य और अनुकूलता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। जब लोग और तकनीक मिलकर परिवर्तन का नेतृत्व करते हैं, तो असीम संभावनाएं सामने आती हैं। लोग वैश्विक विकास को प्रभावित करते हैं, और हम लोगों को प्रभावित करते हैं। कुछ प्रमुख वक्ताओं जैसे ज़रीन दरुवाला, पूर्व क्लस्टर सीईओ- इंडिया और साउथ एशिया, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, रिचर्ड रेखी, वाइस चेयर, ग्रांट थॉर्नटन भारत और पूर्व सीईओ, केपीएमजी इंडिया; तथा डॉ. प्रवीर सिन्हा, सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, टाटा पावर कंपनी ने विचारोत्तेजक दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

# न्यायिक सेवा के लिए तीन साल वकालत जरूरी

- सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



न्यायिक सेवा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिना तीन साल वकील के तौर पर प्रैक्टिस किए कोई भी न्यायिक सेवा में नहीं जा सकता है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, सिविल जज की परीक्षा में शामिल होने के लिए कम से कम वकील के तौर पर तीन साल की प्रैक्टिस जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारों को सुनिश्चित करना है कि वही लोग सिविल जज की परीक्षा में शामिल हों जिन लोगों ने कम से कम तीन साल वकालत की प्रैक्टिस की हो। इसका प्रमाणीकरण कम से कम 10 साल बार में रहने वाला वकील करेगा। लॉ क्लर्क और जज के तौर पर अनुभव को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कोर्ट में जिम्मेदारी देने से पहले एक साल की ट्रेनिंग भी जरूरी होगी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए निकले सैकड़ों यात्री फंसे

## पिथौरागढ़ में भूस्खलन के बाद रास्ता बंद



**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए निकले सैकड़ों यात्री उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में फंस गए हैं। जानकारी के मुताबिक अचानक भूस्खलन की वजह से रास्ता अवरुद्ध हो गया है। पांच साल बाद इस बार 30 जून से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा पिथौरागढ़ से ही शुरू होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग में पहाड़ी दरकने की वजह से रास्ता ठप हो गया है। ऐलगाड़ और कुलगाड़ के बीच सोमवार देर रात बड़ी चट्टान टूटकर गिर गई थी। बीआरओ ने तत्काल प्रभाव से रास्ता ठीक करने का काम शुरू किया है। मंगलवार शाम तक आवाजाही फिर से शुरू हो सकती है। बता दें कि इस बार कैलाश मानसरोवर की यात्रा 30 जून से 25 अगस्त तक चलेगी। इस बार उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते कम से कम 15 जत्थे यात्रा पर जाने वाले हैं। साल 2020 में कोविड और फिर गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के बाद रोक दी गई थी।

डिप्टी CM का दावा

# रोहिंग्या हड़प रहे स्थानीय युवाओं के रोजगार अवसर, बढ़ रही बेरोजगारी

महानगर नेटवर्क
विजयवाड़ा



आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा है कि रोहिंग्या शरणार्थियों की वजह से स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी बढ़ रही है, क्योंकि रोहिंग्या स्थानीय युवाओं के रोजगार के अवसर हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रोहिंग्या शरणार्थी आंतरिक सुरक्षा के लिए भी चुनौती पैदा कर रहे हैं। जन सेना पार्टी के नेता ने कहा कि सिस्टम के तहत बैठे कुछ लोग ऐसे प्रवासियों को स्थायी रूप से बसाने में मदद कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने पुलिस को सीमा सुरक्षा बलों से भी अधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। विजयवाड़ा के गन्नावरम हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए, पवन कल्याण ने कहा कि दक्षिणी राज्य आतंकवादियों के लिए आसान लक्ष्य हैं। इसलिए उन्होंने तटों पर निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों को पत्र लिखकर सतर्क रहने को कहा है।

उन्होंने कहा, "राज्य में आतंकवादी गतिविधियों के संकेत मिलने के बाद मैंने डीजीपी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वे सुनिश्चित करें कि राज्य पुलिस अत्यधिक सतर्क रहे। मैंने उन्हें प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रवासियों की उचित निगरानी संभावित खतरों को रोकने में मदद कर सकती है। तटीय क्षेत्रों में निरंतर निगरानी और निगरानी बढ़ाने की भी आवश्यकता है।" उन्होंने कहा कि पिछले दिनों काकीनाडा में नाव से बाहरी लोगों के आने की खबरें आई थीं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा हाल ही में किए गए संयुक्त अभियानों में आतंकवादी गतिविधियों के संकेत मिले हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### मूल्यांकन एवं संग्रहण विभाग
### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | मूल्यांकन एवं संग्रहण विभाग |
| उप विभाग | उप मूल्यांकनकर्ता व संग्रहण अधिकारी (कंप्यूटर) |
| निविदा की कुल लागत | रु. 26,55,590/- |
| जांच शुल्क | रु. 6,600/- (+18% जी.एस.टी.) अर्थात रु. 7,788/- (ईएमडी रिफंड प्रक्रिया में वसूल) |
| बोली सुरक्षा जमाराशि (ईएमडी) | रु. 53,120/- |
| निविदा क्र. | 2025_एमसीजीएम_1181604_1 |
| विषय | 11 माह हेतु मूल्यांकन एवं संग्रहण विभाग, मुख्यालय कार्यालय, अभिलेख भवन कांदिवली और ए.ए. एवं सी (जीपीआर) कार्यालय में हाउसकीपिंग सेवाएं प्रदान करना. |
| निविदा प्रपत्र जारी करनने तथा बिक्री की तिथि | दिनांक 21.05.2025, समय 16.00 बजे से<br>दिनांक 03.06.2025, समय : 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी और लिफाफा सी जमा करना (ऑनलाइन) | दिनांक : 03.06.2025, समय : 16.00 बजे |
| लिफाफा ए का खुलना | दिनांक 05.06.2025 को 16.00 बजे के पश्चात |
| लिफाफा बी का खुलना | दिनांक 05.06.2025 को 16.05 बजे के पश्चात |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | प्रशासनिक अधिकारी (व्यय) |
| ए) नाम | श्री सोमनाथ सोनटकले |
| बी) दूरभाष (कार्यालय) | 022-23005684 |
| सी) मोबाइल नं. | 9833022669 |
| डी) ई-मेल पता | ao02compho.ac@mcgm.gov.in |
| कार्यालय पता | 546, एन. एम. जोशी मार्ग, मनपा प्रिंटिंग प्रेस बिल्डिंग, 3री मंजिल, भायखला पश्चिम, मुंबई – 400 011 |

हस्ता./-
उप मूल्यांकनकर्ता एवं
संग्रहण अधिकारी (कम्प्यूटर) (प्रभारी)

पीआरओ/453/विज्ञा./2025-26

कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.

हर माता पिता चाहते हैं कि उनके बच्चों की हाइट अच्छी हो और वे दिखने में लंबे चौड़े बनें। हालांकि बच्चों की पर्सनैलिटी उनके कद से नहीं, उनके व्यवहार और उनके ज्ञान से नापी जाती है, लेकिन अगर आपको यह लगता है कि बच्चे अपनी उम्र के हिसाब से कम बढ़ रहे हैं या उनकी ग्रोथ रुक गई है तो आप कुछ एक्सरसाइज की मदद से ग्रोथ बढ़ाने में मदद ले सकते हैं। यहां हम आपको बताते हैं कि किन एक्सरसाइज की मदद से अपने बच्चों के ग्रोथ को बेहतर कर सकते हैं और उनके कद को बढ़ा सकते हैं।

# बच्चे की नहीं बढ़ रही हाइट?

## बच्चों के कद को बढ़ाने वाले व्यायाम

**स्वीमिंग**

बच्चों के कद को बढ़ाने में स्वीमिंग काफी मदद कर सकता है। दरअसल स्वीमिंग एक ऐसी गतिविधि है जिसमें शरीर के हर अंग और टीश्यू स्टीमुलेट होते हैं और शरीर में लचीलापन और मजबूती आती है। जिससे नेचुरल तरीके से हाइट बढ़ने में मदद मिल सकती है।

**लटकना**

कहीं पर लंबे समय तक लटकना कद को बढ़ाने के लिए बेस्ट एक्सरसाइज माना जाता है। यह हाथ और शरीर के अपर पार्ट को स्ट्रेच करने में मदद करता है। ऐसा करने से बॉडी को टोन करने और शेप में रखने में भी मदद मिलती है।

**पैर के अंगूठों को छूना**

टो टचिंग भी बच्चों के लिए एक अच्छा व्यायाम है। यह कमर, थाई और पैरों के मसल्स को मजबूत बनाते हैं जिसका असर उनके विकास पर पड़ता है। अगर कम उम्र में ही बच्चों को ये व्यायाम कराया जाए तो इससे कद में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

**कोब्रा पोज**

बच्चों को फर्श या मैट पर पेट के बल लेटाएं और दोनों हाथों की मदद से आगे के शरीर को उठाने बोलें। इस पोज में कुछ देर होल्ड करने दें और फिर रिलैक्स करें। ऐसा करने से बॉडी मसल्स में खिंचाव आता है जो बढ़ते शरीर की ग्रोथ तेज करने में मदद कर सकते हैं।



# किचन के गंदे टॉवल को करना है साफ

## तो इन आसान ट्रिक्स की लें मदद



शायद ही कोई ऐसा घर हो, जहां हाथ और सामान साफ करने के लिए किचन में कपड़े का इस्तेमाल न किया जाता हो। कुछ लोग इसके लिए पुराने कपड़ों का इस्तेमाल करते हैं तो कुछ लोग किचन टॉवल खरीदते हैं। कई दिनों तक इस्तेमाल होने के चलते ये बहुत गंदा, चिकना और कड़क हो जाता है, जिसे धोने के बावजूद भी ये आसानी से साफ नहीं होता है। ऐसे में कुछ आसान घरेलू तरीकों की मदद से आप किचन के कपड़े को मिनटों में क्लीन कर सकते हैं।

**डिटर्जेंट से करें साफ:**

किचन के गंदे तौलिये को साफ़ करने के लिए आप हार्ड डिटर्जेंट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए टॉवल को डिटर्जेंट के घोल में कुछ देर के लिए भिगो कर रखें। फिर रगड़ कर इसको साफ करें और फिर साफ पानी से धोकर धूप में सुखा लें। मिनटों में आपका किचन टॉवल क्लीन हो जाएगा।

**गर्म पानी से करें साफ़:**

गर्म पानी का इस्तेमाल भी गंदे और चिकने किचन टॉवल को क्लीन करने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए गर्म पानी करके इसमें थोड़ा सा लिक्विड डिटर्जेंट डालें। फिर दस-पंद्रह मिनट के लिए टॉवल को इसमें भिगो दें। अब साफ़ पानी से टॉवल को क्लीन कर लें। टॉवल को साफ़ करने के लिए ये तरीका हफ्ते में दो बार दोहराएं।

**स्टेन क्लीनर का करें इस्तेमाल:**

रसोई के कपड़े को क्लीन और जर्म्स फ्री बनाने के लिए स्टेन क्लीनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कपड़े को स्टेन क्लीनर में भिगो कर कुछ देर रखें फिर 15 मिनट के बाद कपड़े को साफ पानी से धो लें।

**लिक्विड ब्लीच करें यूज:**

किचन टॉवल को साफ़ और जर्म्स फ्री बनाने के लिए ब्लीच का यूज भी किया जा सकता है। इसके लिए लिक्विड ब्लीच लेकर इसमें सोडियम बाइकार्बोनेट मिला लें और किचन टॉवल को इसमें भिगो दें। कुछ देर के बाद साफ़ पानी से धोने पर ये एकदम नये जैसा हो जायेगा।



**कास्टिक सोडा की मदद लें:**

अगर आपके किचन का कपड़ा बहुत ज्यादा चिकना और कड़क हो गया है, तो इसको क्लीन करने के लिए आप कास्टिक सोडा की मदद ले सकते हैं। इसके लिए पानी में आधा एक चम्मच कास्टिक सोडा मिलाएं और इसमें किचन टॉवल को भिगो कर दस मिनट के लिए छोड़ दें। फिर रगड़ कर इसको साफ करें और पानी से धो लें। इससे किचन टॉवल क्लीन और स्मैल फ्री बन जायेगा।

# मेकअप एक्सेसरीज की सफाई भी है बहुत जरूरी

**फेस पाउडर की सफाई ऐसे करें:**

फेस पाउडर का इस्तेमाल लगातार करते रहने से ये अनहाइजेनिक हो जाता है। ऐसे में इसको क्लीन करने के लिए थोड़ा से सैनिटाइजर को पैलेट्स पर स्प्रे करें। फिर कॉटन बॉल की मदद से पैलेट्स को साफ कर लें। फिर कुछ देर इसमें हवा लगने दें जिससे ये अच्छी तरीके से ड्राई हो सके।

**मेकअप पेंसिल को ऐसे करें क्लीन:**

मेकअप में लिपस्टिक पेंसिल, आइब्रो पेंसिल, काजल और आई लाइनर पेंसिल का इस्तेमाल भी खूब होता है। इसको साफ़ करने के लिए आप एक गिलास में अल्कोहल ले लें। फिर सभी पेंसिल और साथ में शार्पनर को भी इसमें डिप करके दो मिनट छोड़ दें। फिर इसे कॉटन पैड से क्लीन करके कुछ देर सूखने के लिए रख दें।



**ऐसे सैनेटाइज करें लिक्विड फाउंडेशन**

लिक्विड फाउंडेशन को क्लीन करना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए स्पंज के टुकड़े या कॉटन पैड को अल्कोहल या सैनिटाइजर में भिगो लें। फिर इससे लिक्विड फाउंडेशन की बॉटल और इसकी नोजल को अच्छे से क्लीन कर लें। साथ ही चाहें तो पूरी मेकअप किट को भी क्लीन कर लें। इससे भी हाइजीन मेंटेन रहता है।

**लिपस्टिक को क्लीन करने का तरीका**

लिपस्टिक की सफाई के लिए आप आइसोप्रोपिल अल्कोहल की मदद ले सकते हैं। इसके लिए आइसोप्रोपिल अल्कोहल को किसी स्प्रे बॉटल में डालकर लिपस्टिक पर स्प्रे करें। फिर कॉटन पैड का इस्तेमाल करते हुए हल्के हाथों से लिपस्टिक को पोंछ लें। इससे आप स्किन के साइड इफेक्ट्स से बचे रहेंगे।

**मेकअप ब्रश और ब्लेंडर को क्लीन करने के टिप्स:**

लगातार इस्तेमाल करने की वजह से मेकअप ब्रश और ब्लेंडर भी काफी गंदे हो जाते हैं। इनको क्लीन करने के लिए एक गिलास में अल्कोहल लें। अब ब्रश और ब्लेंडर को इसमें कुछ देर भिगो दें। फिर हल्का सा रब करते हुए रगड़ कर साफ करें।



जीवन के लिए पानी बेहद जरूरी है। पानी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। गर्मियों में शरीर को हाईड्रेट रखना जरूरी है। पानी की ज्यादा कमी होने पर डिहाइड्रेशन जैसी समस्या का सामना करना पड़ता है। वेबएमडी में छपी एक खबर के मुताबिक, डिहाइड्रेशन, गर्मियों में होने वाली एक आम समस्या है। डिहाइड्रेशन के कारण लूज मोशन, उल्टी और डायरिया तक हो जाता है। डिहाइड्रेशन होने पर शरीर कई तरह के संकेत देता है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि शरीर में पानी की कमी होने पर क्या लक्षण दिखते हैं।

# बार-बार लगती है प्यास, अचानक बढ़ गई है भूख?

## शरीर में इस चीज की हो सकती है कमी

**भूख-प्यास का बढ़ना:**

अगर आपकी भी अचानक भूख प्यास बढ़ गई है तो यह शरीर मे पानी की कमी के लक्षण हो सकते हैं। डिहाइड्रेशन होने पर एक पानी पीने के बावजूद बार-बार प्यास लगती है। इसके अलावा भूख भी बढ़ जाती है। अचानक भूख का बढ़ना और लगातार प्यास लगना बॉडी में पानी की कमी का संकेत है।

**थकान लगना:**

शरीर में पानी की कमी होने पर थकान महसूस होने लगती है। पानी की कमी होने पर थकान, सिर में दर्द, लो ब्लड प्रेशर घबराहट और ज्यादा नींद आने लगती है। यह दिहाड्रेशन के संकेत हैं। इस स्थिति में भरपूर मात्रा में पानी पीना चाहिए।

**मुंह से दुर्गंध आना:**

शरीर में पानी कम होने पर मुंह से दुर्गंध आने लगती है। इस स्थिति में मुंह और गले में सूखापन आ जाता है, जिसके कारण सांस लेने में भी समस्या हो सकती है।

**स्किन पर ड्राइनेस:**

बॉडी में पानी की कमी होने से स्किन में ड्राई होने लगती है। इसके कारण त्वचा पर खुजली, रैशेज और होंठों पर पपड़ियां जम जाती हैं। अगर यह समस्या होती है तो भरपूर मात्रा में पानी पिएं।

**यूरिन से संबंधी समस्या:**

पानी की कमी होने पर यूरिन का रंग गाढ़ा या पीला हो जाता है। डिहाइड्रेशन होने पर यूरिन की मात्रा भी कम हो जाती है। इससे जलन की समस्या भी आती है।

# एक महीने तक चावल नहीं खाने से शरीर पर क्या होगा असर?



**कैलोरी कम होने से वजन कंट्रोल**

इंडियन एक्सप्रेस की खबर में श्रीबालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट की चीफ न्यूट्रिशनिस्ट प्रिया भ्रमा ने बताया कि अगर आप एक महीने तक चावल नहीं खाते हैं तो शरीर में कैलोरी की मात्रा कम जाएगी, इससे मुख्य रूप से वजन कम हो सकता है। चूंकि चावल में कार्बोहाइड्रैट की मात्रा ज्यादा होती है, इसलिए जब हम चावल नहीं खाएंगे तो यह हमारे शरीर में नहीं जाएगा। जाहिर है इससे ब्लड शुगर लेवल स्थिर हो जाएगा।

**शुगर अचानक नहीं बढ़ेगा**

अगर आप चावल की तरह कोई और अनाज खाएंगे जिसमें कार्बोहाइड्रैट ज्यादा हो तो इससे वजन कम नहीं होगा। रिया देसाई ने बताया कि जहां तक ब्लड शुगर कम होने की बात है तो अगर हम चावल नहीं खाएंगे तो खाने के बाद जो ब्लड शुगर अचानक बढ़ता है वो नहीं बढ़ेगा। हालांकि ऐसा भी तब तक होगा जब तक आप चावल नहीं खाएंगे। लेकिन जैसे ही एक महीने बाद आप चावल खाना शुरू करेंगे तो फिर से ब्लड शुगर उसी तरह का हो जाएगा।

**चावल छोड़ना सही हल नहीं**

इन सब बातों के मद्देनजर यह जानना जरूरी है कि अगर हम चावल खाते हैं तो हमें कितनी मात्रा में चावल खाना चाहिए और कब खाना चाहिए। अगर आप एक कटोरा चावल सही तरीके से खाएंगे तो इससे शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। दूसरी ओर अगर हम चावल नहीं खाएंगे तो हमारे शरीर में फाइबर की मात्रा भी कम बनेगी। इससे हमारी पाचन की प्रक्रिया में बदलाव आएगा। वहीं जहां तक पोषक तत्व की बात है तो चावल में कार्बोहाइड्रैट की मात्रा ज्यादा होती है। इसके अलावा विटामिन बी और मिनिरल्स भी होते है। इसलिए इसका असर हर इंसान पर अलग-अलग होता है। तो क्या हम एक महीने तक चावल न खाएं तो हमारी सेहत सुधर सकती है। न्यूट्रिशनिस्ट प्रिया भ्रमा बताती है कि ऐसा बिल्कुल नहीं है।

**संतुलित मात्रा में खाना जरूरी**

प्रिया भ्रमा ने बताया कि एक महीने तक चावल छोड़ देना समस्या का हल नहीं है बल्कि चावल को सीमित करना ज्यादा जरूरी है। कार्बोहाइड्रैट को सीमित करने के लिए चावल को डाइट से हटाना व्यक्ति का निजी फैसला हो सकता है लेकिन इसके बजाय कार्बोहाइड्रैट को सही तरीके से प्रबंधित करना ज्यादा जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि आप संतुलित आहार लें।

# गुड़-चने के साथ करें दिन की शुरुआत



## 5 बड़ी बीमारियों का होगा नाश, हार्ट रहेगा हेल्दी

हर कोई सुबह कुछ ऐसा खाना पसंद करता है जो सेहत के लिए फायदेमंद हो और पोषक तत्वों से भरपूर हो। इसके लिए लोग कई तरह की चीजों को डाइट में शामिल करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी गुड़ और चने का सेवन किया है? बता दें कि, सेहत को सटीक और बेहतर रखने के लिए ये सबसे अच्छा ऑप्शन है। क्योंकि चना कैल्शियम और फाइबर से भरपूर होते हैं, वहीं, गुड़ आयरन और पोटैशियम जैसे तत्वों का अच्छा स्रोत माना जाता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, इन दोनों चीजों का नियमित सेवन करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। आइए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के डाइटिशियन रोहित यादव से जानते हैं चना-गुड़ खाने के चमत्कारी लाभ।



**हड्डियों को बनाए स्टॉन्गः**

शरीर की हड्डियों को भी मजबूत बनाने के लिए गुड़ और चने का सेवन अधिक असरदार माना जाता है। बता दें कि चना में पाया जाने वाला कैल्शियम हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है। यदि आप इन दोनों का नियमित सेवन करते हैं हड्डियों के साथ अन्य भी हेल्दी रहते हैं।

**हार्ट को रखे हेल्दीः**

चना और गुड़ हार्ट को हेल्दी रखने में मददगार होते हैं। दोनों में पाए जाने वाले पोषक तत्व हार्ट से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम करता है। एक्सपर्ट भी इसको खाने की सलाह देते हैं।

**वजन कम करेः**

शरीर के बढ़ते वजन को कम करने के लिए चना और गुड़ बेहद असरदार माने जाते हैं। यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो एक्सपर्ट इन दोनों को सुबह-सुबह खाने की सलाह देते हैं।

**पाचन शक्ति बढ़ाएः**

चना और गुड़ पाचन शक्ति को दुरुस्त रखने में मदद करता है। बता दें कि, इन दोनों चीजों को खाने से पेट को रिलेक्स मिलता है। एक्सपर्ट इन दोनों चीजों को बराबर की मात्रा में खाने की सलाह देते हैं।

**खून की कमी सुधारेः**

कई परेशानियों के चलते शरीर में खून की कमी होने लगती है। ऐसे में आप चना का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि, गुड़ और चना दोनों में ही आयरन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर की इस कमी को दूर करता है।

# खाना-खजाना

## पनीर टिक्का

पनीर एक ऐसी सामग्री है जिससे आप कई तरह के व्यंजन बनाकर घरवालों से लेकर मेहमानों तक को इंप्रेस कर सकते हैं. इसके अलावा पार्टी हो या फेस्टिवल पनीर से बनने वाले पकवान की लिस्ट लंबी है.ये एक ऐसी डिश है जिससे आपको स्वाद मिल ही जाता है. ऐसे में आज हम आपको अमृतसरी पनीर टिक्का की रेसिपी बताने जा रहे हैं जो काफी टेस्टी और हेल्दी होता है. आने वाले वीकेंड पर आप सटार्टर के तौर पर इस रेसिपी को जरूर ट्राई करें.




**बनाने के लिए सामग्री**

- पनीर के बड़े चौकोर टुकड़े 20 से 25
- भुना बेसन आधा कप
- अदरक लहसुन पेस्ट 1 टेबलस्पून
- अजवाइन 1/4 टी स्पून
- लाल मिर्च पाउडर 1 टी स्पून
- चाट मसाला 1/2 टी स्पून
- तेल जरूरत के मुताबिक
- नमक स्वादानुसार

**बनाने की विधि**

- अमृतसरी पनीर टिक्का बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को चौकोर टुकड़े में काट लें.
- इसके बाद बेसन को कड़ाही में डालकर हल्का भून लें.
- अब एक मिक्सिंग बाउल में भुना हुआ बेसन, अजवाइन, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला डालें
- इसमें अदरक लहसुन का पेस्ट, दो चम्मच तेल और स्वाद अनुसार नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर दें.
- इसके बाद इसमें दो चम्मच पानी मिलाकर इसे अच्छी तरह से पेस्ट बना लें
- जब गाढ़ा मिश्रण तैयार हो जाए तो इसमें पनीर के टुकड़े डालकर उनमें तैयार पेस्ट अच्छे से लपेटकर मैरिनेट होने के लिए छोड़ दें.
- इस दौरान एक कड़ाही में तेल गर्म करें. जब तेल गरम हो जाए तो मैरिनेटेड पनीर के टुकड़े डालकर उन्हें डीप फ्राई करें.
- पनीर के टुकड़ों को पलट पलट कर गोल्डन फ्राई होने तक तलें.
- इसी तरह सारे मैरिनेटेड पनीर पीसेज को डीप फ्राई कर लें, इन्हें प्लेट में निकाल लें
- इसे हरी चटनी के साथ खुद भी खाएं और मेहमानों को भी खिलाएं.



# घूमने के लिए लोकप्रिय स्थानों में से एक गोवा

गोवा अपने फेमस बीच और सुन्दर समुद्री तटों के साथ उठती गिरती लहरों को देखने के लिए देश विदेश के पर्यटकों के लिए खास जगह है, गोवा घूमने के लिए भारत देश के सबसे लोकप्रिय स्थानों में से एक है, जो अपने आकर्षक समुद्र तटों के लिए दुनिया के नक्से में खुद के लिए एक खास जगह बना चुका है। गोवा में कुछ सर्वश्रेष्ठ समुद्र तट (बीच) भी मौजूद हैं। लोगों को गोवा आने का अलग ही इंटरेस्ट होता है बीच के साथ धूप, रेत और सर्फिंग की इस जगह में मस्ती करना हर जनरेशन के व्यक्ति को पसंद है। आप भी अपनी गोवा की यात्रा के दौरान, गोवा राज्य के उत्तर से दक्षिण तक यहां के अविश्वसनीय समुद्र तटों और बीच का आनंद ले सकते हैं। भारत के 'सनशाइन स्टेट' गोवा लंबे से हॉलिडे मनाने या हनीमून के लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। 105 किमी के खूबसूरत समुद्र तट और अंतहीन समुद्री किनारे के साथ, गोवा एक आइडियल हॉलिडे डेस्टिनेशन है। यहां का शांत और सुरम्य वातावरण सभी को आकर्षित करता है, और वास्तव में, आपको गोवा में छुट्टियाँ माानने से पहले यह प्लान करना होगा कि आप किस बीच पर घूमने जाएं, ताकि आप गोवा का कोई भी अच्छा बीच मिस न करें। इस आर्टिकल में हम आपको गोवा में घूमने के दौरान किस समुद्र तट पर जाएं इसकी जानकारी दे रहें हैं।

**गोवा में घूमने के लिए कैंडोलिम और कलंगूट बीच:**

कलंगूट बीच को 'समुद्र तटों की रानी' और गोवा के सबसे समुद्र तटों में के रूप में जाना जाता है। ब्रिटिश पर्यटकों के लंबी छुट्टियां बिताने के लिए सबसे लोकप्रिय समुद्र तटों में कैंडोलिम और कलंगूट बीच मशहूर हैं। यहां के रिसॉर्ट्स में बहुत ही अनुकूल वातावरण है, और यहां पर स्वादिष्ट गोआ करी पर्यटकों की फेवरेट है। कलंगूट बीच अपनी सुनहरी झिलमिलाती रेत के लिए प्रसिद्ध है और उत्तरी गोवा का सबसे बड़ा समुद्र तट है। यह गोवा में जाने के लिए सबसे अच्छे पर्यटन स्थलों में से एक है। यह समुद्र तट नरम रेत के साथ थोड़ा चौड़ा है लेकिन समुद्र की लहरें यहां काफी तेज होती हैं। इसके अलावा आप यहां, पैरासेलिंग और वाटर-स्कूटर राइड्स जैसी कुछ बेहतरीन वॉटर स्पोर्ट्स भी कर सकते हैं।





**बागा बीच गोवा में हॉलिडे मनाये:**

मोरजिम के थोड़ा आगे दक्षिण दिशा स्तिथ बागा बीच एक पूरी तरह से अलग माहौल का अनुभव कराता है। यह गोवा के सबसे फेमस बीच में से एक है यहां आपको एकदम शांत माहौल और प्यारा वातावरण देखने को मिलेगा और इसके साथ-साथ कैफे, और सुनहरे रंग की रेत में एन्जॉय करने का अवसर भी मिलेगा। आप यहां फैमली के साथ वाटेर्स्पोर्ट्स गतिविधियों का मजा ले सकते है जैसे की जेट स्की, स्पीड बोट, बनाना राइड आदि।

**मोरजिम बीच गोवा में पसंदीदा स्थल**

पणजी के उत्तर में मोरजिम बीच स्थित है, यह समुद्र तट तेजी से पर्यटको में लोकप्रिय हो रहा है। मोरजिम बीच बर्ड वॉचिंग और यहां के लुप्तप्राय ओलिव रिडले कछुए के घोंसले का घर है। यदि आप ओलिव रिडले कछुओं के संरक्षण में इंटरेस्टेड हैं तो आप इससे भी ज्यादा एकांत गलजिबाग बीच पर भी जा सकते हैं। गोवा के मोरजिम बीच में आप समुद्री रेत में मस्ती भी कर सकते हैं। छोटी-छोटी लकड़ी और बांस की झोपड़ियां इसे एक आकर्षक पर्यटन स्पॉट बनाते हैं और गोवा में मोरजिम बीच विदेशियों का पसंदीदा स्थल है।



**हनीमून के लिए गोवा सिंक्वेरियम बीच की सेर:**

उत्तरी गोवा के कम भीड़ वाले समुद्र तटों में से एक, सिंक्वेरियम बीच में सफेद रेत है और यह प्रसिद्ध अगुआदा किले के बहुत करीब है। इसके आसपास के कई शानदार होटल हैं, अगर आप किसी विशेष अवसर का जश्न को मनाना चाहते हैं तो यहां कई लग्जरी पैकेज उपलब्ध हैं। इसके अलावा सिंक्वेरियम बीच, फन एंड बीच पार्टी के लिए एक आकर्षक बीच है। इस बीच में ही कई सारे डेकोरेशन हैं, जैसे की रेत के कर्व्स, इसके अलावा पाम ट्रीज आदि इस बीच को एक परफेक्ट हॉलिडे डेस्टिनेशन बनाते है।



# प्लेऑफ के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगे मुंबई और दिल्ली



**मुंबई।** एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ टीम की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। मुंबई इंडियंस (14 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) दोनों के पास प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है। लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। मुंबई की जीत से उनके 16 अंक हो जाएंगे और टीम अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम की पहुंच से बाहर हो जाएगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है। दोनों टीमों को अपने आखिरी मुकाबले पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रेयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु कुमार, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान और जसप्रीत बुमराह।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), मुस्ताफिजुर रहमान, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

### आज का मैच

TATA IPL

शाम 7.30 बजे

मुंबई Vs दिल्ली

## यूएई ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास

# पहली बार बांग्लादेश को हराकर मचाया तहलका



**ढाका।** यूएई और बांग्लादेश के बीच 3 टी-20 मैचों की सीरीज शारजाह में खेली जा रही है। पहले मैच में हारने के बाद यूएई ने दूसरे मैच में बांग्लादेश को हराकर सबको चौंका दिया. शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में यूएई ने 206 रनों के लक्ष्य को 19.5 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया. क्योंकि ये यूएई की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत थी। इसके अलावा ये उनकी बांग्लादेश के खिलाफ पहली जीत थी। इससे पहले बांग्लादेश ने 2016 से युएई के साथ चार मुकाबले खेले थे और उन्होंने चारों में जीत दर्ज की थी, लेकिन पांचवें मैच में उन्हें बुरी हार का सामना करना पड़ा, जिसकी वजह से सीरीज 1-1 से बराबर हो गई. सीरीज का आखिरी और तीसरा मैच 21 मई को खेला जाएगा। आत्मविश्वास से लबरेज यूएई की टीम इस मैच को जीतकर पहली बार श्रृंखला जीतने की कोशिश करेगी। मैच खत्म होने के बाद यूएई के कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद वसीम ने कहा, 'मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं बहुत खुश हूं कि हमने बांग्लादेश को हराया। अपनी टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मैं सभी को उम्मीद दे रहा था कि हम इस स्कोर का पीछा कर सकते हैं क्योंकि हम यहां की परिस्थितियों को सबसे अच्छे से जानते हैं।' यूएई बनाम बांग्लादेश दूसरे टी-20 मैच की बात करें तो यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिसके बाद बांग्लादेश ने शानदार बल्लेबाजी की और पूरे 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाने में कामयाब रहा। सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन ने 33 गेंदों पर 59 रन बनाए, जबकि लिटन दास ने 32 गेंदों पर 40 रन का योगदान दिया. तौहीद ह्रदय ने आखिर के ओवरों में 24 गेंदों पर 45 रन बनाए, जिसमें जैकर अली ने 6 गेंदों पर 18 रन की पारी खेली। यूएई का 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करना टी-20 इतिहास में किसी सहयोगी देश द्वारा पूर्ण सदस्य टीम के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य था। यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने शानदार प्रदर्शन किया और महज 42 गेंदों पर 82 रन बनाकर ऐतिहासिक लक्ष्य का पीछा करने में अहम योगदान दिया।

# पंत यह स्वीकार करने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका सत्र अच्छा नहीं रहा : मार्श



**लखनऊ।** ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत के बावजूद एक बेहतरीन मैच विजेता की अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और लखनऊ सुपर जाइंट्स के मिचेल मार्श ने टीम के आईपीएल से बाहर होने के बाद कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज यह स्वीकार करने वाला पहला व्यक्ति होगा कि इस लुभावनी टी20 लीग में उनका सत्र अच्छा नहीं रहा। सुपर जाइंट्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जबकि उसके दो और मैच बचे हैं। सुपर जाइंट्स के कप्तान पंत ने 12 मैच में 135 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 100 से कम है। यह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पदार्पण करने के बाद से उनका सबसे खराब आईपीएल सत्र रहा है। अब तक पांच अर्धशतक से 443 रन बनाने वाले मार्श ने संवाददाताओं से कहा, 'वह यह कहने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका सत्र वैसा नहीं रहा जैसा उन्हें पसंद होता लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं कि कभी-कभी क्रिकेट इसी तरह चलता है।' मार्श ने उम्मीद जताई कि पंत सुपरजाइंट्स के आखिरी दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, हालांकि ये महज औपचारिकता के मुकाबले होंगे। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, बेहद कुशल और बेहद प्रतिभाशाली है इसलिए वह वापसी करेगा।' सत्र के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछे जाने पर मार्श ने कहा कि 14वें लीग मैच के खत्म होने के बाद सभी के प्रदर्शन की जांच की जा सकती है। मार्श ने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद इस सत्र के बाद आत्मचिंतन का समय आएगा। मेरा ध्यान बस अपनी टीम और अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने में योगदान देने की कोशिश करने पर है। जैसा कि मैंने कहा कि आईपीएल एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और इसमें जीत का अंतर बहुत कम होता है।' उन्होंने कहा, 'हमने पूरे सत्र में कुछ करीबी मैच गंवाए जो अब हमें नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन हां, अब यह सब इस बारे में है कि हम जितना संभव हो सके इस सत्र को मजबूती से खत्म करें।' सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले सत्र में केवल आक्रमण करने के अपने सिद्धांत के साथ टी20 बल्लेबाजी की नई परिभाषा लिखी थी लेकिन इस सत्र के दौरान यह कारगर नहीं रहा जहां टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि अभी उसके दो मैच बचे हुए हैं। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा, 'लोगों ने इस बारे में बात की है कि जाहिर तौर पर हम इस वर्ष आक्रामक होने की प्रतिष्ठा के साथ आए थे और फिर पहले मैच में हमने 280 रन बनाए। इस बात की चर्चा थी कि यह जारी रहेगा। मुझे लगता है कि हमारे लिए यह सिर्फ परिस्थितियों के बारे में सीखना और यह समझना है कि हम उन परिस्थितियों में कैसे खेलते हैं और कुछ बार हम लड़खड़ा गए।' इस पूर्व दिग्गज स्पिनर ने कहा कि टीम के लिए हालात से सामंजस्य बैठाना एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया। विटोरी ने कहा, 'शायद (हम) उतनी जल्दी सामंजस्य नहीं बैठा पाए जितना हम चाहते थे और ऐसा खेल खेला जो उन तरह के विकेटों के अनुकूल नहीं था इसलिए यह प्रमुख सीख है।





# हर्षल पटेल ने IPL में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया

## मलिंगा और बुमराह को छोड़ा पीछे

**लखनऊ।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 में सोमवार को एकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एकमात्र विकेट लेकर 150 आईपीएल विकेट पूरे किए। हैदराबाद के ज्यादातर गेंदबाजों की तरह हर्षल भी महंगे साबित हुए। फिर भी वह कैश-रिच लीग के इतिहास में सबसे कम गेंदों में यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे। हर्षल को खेल का अपना एकमात्र विकेट लेने के लिए 16वें ओवर तक इंतजार करना पड़ा। चौथी गेंद पर उन्होंने गति से रहित एक निर्दोष यॉर्कर को अंजाम देकर एडेन मार्करम को बोल्ड किया और 61 (38) के स्कोर पर क्रीज पर उनकी शानदार बल्लेबाजी का अंत किया। हर्षल ने चार ओवरों का पूरा कोटा फेंकने के बाद 1/49 के आंकड़े के साथ लौटे। हर्षल ने अपना 150वां आईपीएल विकेट मनाया और 2381 गेंदों में उपलब्धि हासिल की, जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज है। चालाक तेज गेंदबाज ने लसिथ मलिंगा के 2444 के टैली को बेहतर रिकॉर्ड बनाया। इसी के साथ ही उन्होंने युजवेंद्र चहल (2543), ड्वेन ब्रावो (2656) और जसप्रीत बुमराह (2832) को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवाया।

**सबसे तेज 150 आईपीएल विकेट (गेंदों के हिसाब से)**

हर्षल पटेल-2381 गेंदों
लसिथ मलिंगा-2444 गेंदें
युजवेंद्र चहल-2543 गेंदें
ड्वेन ब्रावो-2656 गेंदें
जसप्रीत बुमराह-2832 गेंदें

**सबसे तेज 150 आईपीएल विकेट (इनिंग्स के हिसाब से)**

105 इनिंग्स-लसिथ मलिंगा
114 इनिंग्स-हर्षल पटेल
117 इनिंग्स-युजवेंद्र चहल
122 इनिंग्स-राशिद खान
124 इनिंग्स-जसप्रीत बुमराह

**तेज गेंदबाजों द्वारा सर्वाधिक आईपीएल विकेट**

193-भुवनेश्वर (186 इनिंग्स)
183-ड्वेन ब्रावो (158 इनिंग्स)
178-जसप्रीत बुमराह (141 इनिंग्स)
170-लसिथ मलिंगा (122 इनिंग्स)
150*-हर्षल पटेल (114 इनिंग्स)

# ऋषभ पंत की अगुवाई वाली LSG IPL 2025 से बाहर

## भावुक टीम मालिक ने शेयर किया दिल का दर्द



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने IPL 2025 के 61वें मैच में अभिषेक शर्मा के अर्धशतक और हेनरिक क्लासेन की 47 रनों की पारी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने सोशल मीडिया पर एक भावुक नोट साझा किया। लखनऊ को खिताबी मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की दरकार थी लेकिन अभिषेक और क्लासेन ने इस पर पानी फेर दिया। लखनऊ ने मिशेल मार्श (65) और एडेन मार्करम (61) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत 205/7 का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास में पहली बार एकाना स्टेडियम में 200 से ज्यादा रनों का लक्ष्य हासिल किया जिसमें अभिषेक शर्मा ने महज 20 गेंदों पर 59 रनों की शानदार पारी (18 गेंदों पर अर्धशतक) खेली। क्लासेन की धमाकेदार पारी की बदौलत टीम ने 18.2 ओवर में 206/4 का स्कोर बनाते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने पर LSG के मालिक संजीव गोयनका ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सीजन का दूसरा भाग चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन इसमें बहुत कुछ है जिससे हम हिम्मत रख सकते हैं। जोश, प्रयास और उत्कृष्टता के क्षण हमें आगे बढ़ने के लिए बहुत कुछ देते हैं। दो मैच बचे हैं। आइए गर्व के साथ खेलें और मजबूती से खत्म करें।' गौर हो कि लखनऊ हार के बाद 12 मैचों में 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर खिसक गई जबकि सनराइजर्स ने सीजन की चौथी जीत दर्ज करते हुए 9 अंक हासिल किए।

# टी-20 टीम में जगह बनाने के लिए गंवा दिया महत्वपूर्ण अवसर : आकाश चोपड़ा



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऋषभ पंत को टी20 क्रिकेट में अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्य क ता है क्योंकि उन्होंने आईपीएल के 'दुःस्वप्न' सत्र में भारत के टी20 सेट-अप में जगह बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर गंवा दिया। भारत की टी-20 टीम में नियमित रूप से शामिल नहीं होने वाले पंत से इस सत्र में अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद थी। हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के कप्तान ने 27 करोड़ रुपS की भारी भरकम कीमत में खरीदे जाने के बाद 12 मैचों में केवल 135 रन बनाए। LSG सोम वा र रात सनराइज र्स हैदराबाद से हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। चोपड़ा ने कहा, 'सफलता आपको कुछ चीजें सिखा सकती है। हालांकि असफलताएं वास्तव में आपकी मानसिकता को बदल देती हैं और अक्सर अच्छे के लिए। वह भारतीय टी-20 टीम में नियमित नहीं है, इसलिए यह सीजन महत्वपूर्ण था। अपनी छाप छोड़ने और एक मजबूत इकाई बनाने का मौका। यह उस तरह नहीं हुआ। उनका खुद का फॉर्म असंगत रहा है, अपने आप में एक और सबक।' पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'क्या वह टी-20 में इसी दृष्टिकोण पर टिके रहते हैं या अनुकूलन करते हैं? जब आप खराब दौर से गुजरते हैं, तो ऐसा लगता है कि कुछ भी काम नहीं करता। रातें लंबी लगती हैं, दिन और भी लंबे।

# दिग्वेश राठी और अभिषेक शर्मा पर गिरी गाज

## एक पर बैन तो दूसरे पर भारी जुर्माना | चलते मैच में हाथापाई करने चले थे

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को सोमवार को IPL 2025 के मैच के दौरान हुई तीखी नोकझोंक के लिए सजा मिली है। दोनों खिलाड़ियों के बीच नोकझोंक इस कदर बढ़ गई थी कि हाथापाई तक पहुंच गए थे। लेकिन साथी खिलाड़ी बीच बचाव में आ गए और स्थिति संभल गई। आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत LSG स्पिनर का तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उनके दो डिमिट पॉइंट मिले जिसके परिणामस्वरूप उन पर एक मैच का बैन लग गया। लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम,



लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। IPL के मुताबिक, 'यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत उनका तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उन्हें दो डिमेरिट अंक मिले हैं, इसके अलावा उन्होंने पहले तीन डिमेरिट अंक जमा किए थे 01 अप्रैल 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और 04 अप्रैल 2025 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक। चूंकि अब उनके पास इस सीजन में पांच डिमेरिट अंक हैं जिसके परिणामस्वरूप एक गेम का निलंबन बनता है, दिग्वेश अब LSG के 22 मई 2025 को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए निलंबित रहेंगे।' इस बीच, SRH के बल्लेबाज पर मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक दिया गया है, यह आईपीएल आचार संहिता के तहत उनका पहला अपराध था।

## BCCI ने घोषित किया प्लेऑफ का कार्यक्रम

# अहमदाबाद में खेला जाएगा आईपीएल का फाइनल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2025 के प्लेऑफ का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके अनुसार, अब इस सीजन का खिताबी मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डेंस की जगह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते आईपीएल का मौजूदा सीजन एक सप्ताह के लिए स्थगित हुआ था जो 17 मई से दोबारा शुरू हुआ था। बीसीसीआई ने शेष मुकाबलों के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कर दी थी, लेकिन फाइनल और प्लेऑफ के वेन्यू नहीं बताए थे। माना जा रहा था कि कोलकाता ने फाइनल की मेजबानी छीन सकती है और मंगलवार को आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर भी लग गई। बीसीसीआई के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, न्यू चंडीगढ़ का पीसीए स्टेडियम 29 मई को क्वालिफायर-1 और 30 मई को एलिमिनेटर मुकाबले की मेजबानी करेगा।

**किस कारण हुआ बदलाव?**

वहीं, दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक जून को क्वालिफायर-2 और तीन जून को फाइनल मुकाबले की मेजबानी करेगा। पुराने कार्यक्रम के मुताबिक, हैदराबाद और कोलकाता को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी करनी थी। आईपीएल ने अपने बयान में बताया कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने मौसम और अन्य कारणों के चलते प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू में बदलाव किया है।

**तीन टीमें कर चुकी हैं क्वालिफाई**

आईपीएल 2025 का सीजन अब




अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अब तक पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है और मुंबई इंडियंस तथा दिल्ली कैपिटल्स के बीच चौथे स्थान की जंग बरकरार है। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), लखनऊ सुपर जाएंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया है।

**आरसीबी-सनराइजर्स के मैच के वेन्यू में हुआ बदलाव**

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बंगलूरू में खेला जाने वाले मुकाबले के वेन्यू में भी बदलाव किया है। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। इससे पहले आरसीबी और केकेआर के बीच 17 मई को खेला जाने वाला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था और इसमें टॉस भी नहीं हो सका था। भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार तक के लिए बंगलूरू में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। यही कारण है कि बोर्ड को अंतिम समय में इस मुकाबले के लिए वेन्यू में बदलाव करना पड़ रहा है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने इसके अलावा प्लेऑफ के साथ ही 20 मई से ग्रुप चरण के शेष मुकाबलों के लिए अतिरिक्त एक घंटा जोड़ा है। इसका मतलब यह है कि अगर किसी कारण मैच में देरी होती है तो खेलने के लिए एक अतिरिक्त घंटा उपलब्ध रहेगा। आईपीएल 2025 में अब तक तीन मुकाबले बारिश के कारण रद्द करने पड़े हैं।

# श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में बनाई जगह

**कुआलालंपुर।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। श्रीकांत के लिए अच्छी खबर है क्योंकि इस बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 500 सीरीज में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी हैं। इतना ही नहीं यह टूर्नामेंट विश्व रैंकिंग की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। श्रीकांत भले ही मुख्य ड्रॉ में पहुंचने में सफल रहे, लेकिन क्वालिफाइंग में अन्य भारतीय खिलाड़ी एकल वर्ग में चुनौती पार नहीं कर सके। वापसी की राह पर चल रहे श्रीकांत ने अपने दूसरे क्वालिफाइंग पुरुष एकल मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे



के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के इस रजत पदक विजेता खिलाड़ी ने इससे पहले शुरुआती दौर में चीनी ताइपे के एक अन्य खिलाड़ी कुओ कुआन लिन को 21-8, 21-13 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत अब मुख्य ड्रॉ में छठी वरीयता प्राप्त चीन के खिलाड़ी लू गुआंग जु के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करेंगे। अन्य मैचों में थारुन मन्नेपल्ली को थाईलैंड के पनिचाफोन तीरात्साकुल के हाथों 13-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन को चीन के झू झुआन चेन से दोनों करीबी गेम वाले मुकाबले में 20-22, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।

# गलवान की घटना पर बन रही फिल्म में दिखेंगें सलमान



**सलमान खान बॉक्स ऑफिस पर हिट दे या फ्लॉप, उनकी फिल्मों का इंतजार फैंस को बड़ी ही बेसब्री के साथ रहता है। सिकंदर की असफलता के बाद अब तक दबंग खान ने अपनी अगली फिल्म की आधिकारिक घोषणा तो नहीं की है, लेकिन उनकी वॉर ड्रामा को लेकर एक के बाद एक जानकारी सामने आ रही है।**

अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बन रही सलमान खान की अगली फिल्म गलवान घाटी पर भारत-चीन सीमा पर साल 2020 में सैनिकों के बीच हुई झड़प की घटना पर आधारित होगी। ये अपडेट तो पहले ही सामने आ चुका था कि मूवी में दबंग खान एक फौजी बने हैं, लेकिन अब ये भी पता चल गया है कि वह किस रियल लाइफ वीर बहादुर सैनिक का किरदार अदा करेंगे।

### आर्मी ऑफिसर का किरदार

सलमान खान पर्दे पर रॉ एजेंट से लेकर फिल्म गर्व और दबंग में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा चुके हैं, जिसमें उन्हें काफी पसंद भी किया गया है। वह पहले भी बॉबी देओल के साथ फिल्म हीरोज में फौजी बनकर आए थे। इसके अलावा जय हो में उन्होंने एक्स आर्मी ऑफिसर का किरदार निभाया था। हांलाकि, ये पहली बार है, जब भाईजान को किसी रियल लाइफ फौजी के किरदार को निभाने का मौका मिल रहा है। इस मूवी में सलमान खान बलिदानी कर्नल बी संतोष बाबू की भूमिका निभाएंगे। दोनों देशों के बीच सैनिक झड़प के दौरान वह अपनी आखिरी सांस तक चीनी सैनिकों से लड़े और शहीद हो गए। उन्हें दूसरे सबसे बड़े युद्ध के दौरान उनकी वीरता के लिए मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। अब इस किरदार में सलमान खान ढलने जा रहे हैं, जिसकी तैयारियों में अभिनेता जुट चुके हैं।

# कौन हैं साई धनशिका ?

## 12 साल बड़े इस तमिल एक्टर से जल्द रचाएंगी शादी



तमिल अभिनेता विशाल कृष्णा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। विशाल की शादी को लेकर पिछले काफी वक्त से अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो अब खुद अभिनेता ने ये कंफर्म कर दिया है कि वो जल्द ही अभिनेत्री साई धनशिका के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। एक इवेंट में दोनों ने इस बात की जानकारी देते हुए शादी की डेट भी बता दी है, जिसके मुताबिक दोनों 29 अगस्त को हमेशा के लिए एक-दूसरे के बन जाएंगे। हालांकि, दोनों के बीच में उम्र का फासला भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जानते हैं आखिर कौन हैं अभिनेत्री साई धनशिका।

### दो फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं धनशिका

धनशिका अपने अभिनय के लिए कई अवॉर्ड्स भी हासिल कर चुकी हैं। धनशिका साउथ के दो फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। उन्होंने अपने अलग-अलग किरदारों से अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। उनकी आगामी फिल्मों में सबसे चर्चित 'योगी दा' है। जो अपनी रिलीज से पहले ही चर्चाओं में बनी हुई है।

### धनशिका से 12 साल बड़े हैं विशाल

विशाल और साई धनशिका की शादी की खबर सामने आने के बाद से ही इनके बीच का उम्र का फासला भी लगातार चर्चा में बना हुआ है। 47 साल के विशाल 29 अगस्त को अपने जन्मदिन पर 48 वर्ष के हो जाएंगे। अपने जन्मदिन के दिन ही वो शादी के बंधन में बंधेंगे। जबकि 20 नवंबर 1989 को जन्मीं साई धनशिका की उम्र अभी 35 साल ही है। इस हिसाब से विशाल और धनशिका के बीच 12 साल से भी ऊपर का फासला है। लेकिन दोनों के बीच प्यार है।



## दीपिका के फुट स्टेप फॉलो करती दिखीं

# कियारा आडवाणी

**फाइनली फैंस का लंबा इंतजार खत्म हो गया और जूनियर एनटीआर के जन्मदिन के मौके पर उनकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'वॉर 2' का टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर विलेन और ऋतिक रोशन एक बार फिर से रॉ एजेंट कबीर धारीवाल का किरदार अदा कर रहे हैं। टीजर में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर को मेकर्स ने ज्यादा स्क्रीन टाइम दिया है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इस छोटे से टीजर में महज 15 सेकंड नजर आईं, लेकिन चंद सेकंड में उन्होंने जो धमाल मचाया है, उसकी सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। कियारा आडवाणी मूवी में दीपिका पादुकोण के नक्शे कदम पर चलती हुई दिखाई दीं।**

### कियारा आडवाणी के बोल्ड लुक ने खींचा लोगों का ध्यान

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वॉर 2 में कियारा आडवाणी ने वाणी कपूर को रिप्लेस किया है। इस टीजर में उनकी छोटी सी झलक देखने को मिली, जिसमें वह ग्रीन रंग की बिकिनी में अपने परफेक्ट फिगर और कातिलाना लुक से फैंस को मदहोश करने में कामयाब रहीं। हालांकि, इस बीच ही कुछ लोगों को कियारा आडवाणी का वॉर 2 ये लुक देखने के बाद दीपिका पादुकोण की याद आ गई। दीपिका पादुकोण ने इससे पहले यशराज बैनर तले बनी स्पाई थ्रिलर फिल्म 'पठान' में ऐसा ही बोल्ड लुक अपनाया था। इसके अलावा वह फिल्म फाइटर में भी बिकिनी बेब के रूप में नजर आई थीं।

### कियारा आडवाणी का लुक देखकर यूजर्स ने दिए ऐसे रिएक्शन

कियारा आडवाणी का मूवी से ये बोल्ड लुक जहां कई फैंस को पसंद आ रहा है, तो वहीं कुछ लोग उनके बिकिनी पहनने पर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सिद्धार्थ मल्होत्रा किसी कॉर्नर में बैठकर इस वक्त रो रहा होगाड़। दूसरे यूजर ने लिखा, इस पोस्ट को देखने के बाद तो सिद्धार्थ मल्होत्रा को बहुत ही जलन हो रही होगी।

# इन फिल्मों के लिए हुई खुशी कपूर की आलोचना

**अभिनेत्री खुशी कपूर अकसर लोगों की आलोचनाओं का शिकार होती हैं। उनकी पहली फिल्म 'द आर्चीज' को अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। उनकी दूसरी फिल्म 'नादानियां' भी लोगों को पसंद नहीं आई। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने कहा कि हर फिल्म उनके लिए सीखने का मौका है।**



### फिल्मों में काम करके हुई सहज

टाइम ऑफ इंडिया के साथ बातचीत में 'लवयापा' अभिनेत्री ने माना कि उन्हें हमेशा से फिल्मों से प्यार रहा है। तीन फिल्मों के बाद वह अपने लिए एक मुकाम पाने में बहुत सहज हो गई हैं। उन्होंने कहा 'अभिनय के प्रति मेरा प्यार हमेशा से रहा है क्योंकि मैं फिल्म सेट के आस-पास ही पली-बढ़ी हूं। अगर आप खुद कोई विकल्प चुनते हैं तो यह बहुत आसान होता है। मुझे लगता है कि मेरे पास कहने के लिए कुछ है क्योंकि मैंने तीन फिल्में की हैं। मैं अपने विचारों और सोच को थोड़ा और व्यक्त कर सकती हूं।

### आलोचनाओं को स्वीकार करना सीख लिया

खुशी ने कहा 'मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तो मैं बस चुप रहती थी और सुनती थी। इसलिए अब मुझे लगता है कि जब मैं लोगों के साथ काम करती हूं तो मैं अपने विचार व्यक्त कर सकती हूं।' 24 साल की खुशी को अब तक फिल्मों के लिए बहुत अच्छी समीक्षा नहीं मिली है, लेकिन खुशी जोर देकर कहती हैं कि उन्होंने बाकी आलोचनाओं को छोड़ते हुए रचनात्मक आलोचना को स्वीकार करना सीख लिया है।

खुशी कपूर ने बताया 'जब आप कुछ पढ़ते हैं या किसी से बात करते हैं तो आप बता सकते हैं कि वे जो कह रहे हैं उसका क्या मतलब है। मुझे लगता है कि रचनात्मक आलोचना को स्वीकार करना जरूरी है। अगर कोई आलोचना वास्तव में आपकी मदद नहीं कर रही है, तो मुझे नहीं लगता कि इसे सुनने का कोई मतलब है।'

# 'मैंने कुछ गैरकानूनी नहीं किया'

## पाकिस्तानी एक्टर के साथ काम करने पर ट्रोलिंग के बाद बोलीं रिद्धि

**फिल्म 'अबीर गुलाल' के जरिए पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान करीब नौ साल बाद बॉलीवुड में वापसी कर रहे थे। इस फिल्म में वाणी कपूर के अलावा रिद्धि डोगरा भी अहम भूमिका में थीं। पहलगाम आतंकी हमले की घटना के बाद फिल्म की रिलीज पर भारत में बैन लग चुका है। इतना ही नहीं, पहलगाम आतंकी घटना के बाद रिद्धि डोगरा को पाकिस्तानी एक्टर फवाद के साथ काम करने को लेकर काफी ट्रोल किया गया। रिद्धि ने इस बारे में चुप्पी तोड़ी है।**



### सोशल मीडिया पर किया जाने लगा ट्रोल

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच हुए एक खराब अनुभव के बारे में बात की। रिद्धि ने बताया कि इस घटना ने उन्हें भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। वह काफी दुखी हुईं। इस बीच उन्हें सोशल मीडिया पर भी ट्रोल किया गया।

### मजबूती से डटी रहीं रिद्धि


रिद्धि ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की घटना की उन्होंने जब निंदा की और आतंक के खिलाफ अपने देश की सेना के समर्थन में सामने आई तो अचानक उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। रिद्धि ने हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत में कहा कि लोग अचानक ट्रोल करने लगे कि 'अरे, लेकिन इसने तो फवाद खान के साथ काम किया है'। रिद्धि ने आगे कहा कि लेकिन, इसके बावजूद मैं मजबूती से डटी रही। रिद्धि के मुताबिक, मैंने कहा, 'मुझे परेशान मत करो। मैं भी इस देश की उतनी ही नागरिक हूं, जितने आप हैं। जब मैंने वह काम किया तो मैं अपने देश के कानूनों के प्रति बहुत सजग थी। मैंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया और आज, जब हम इस स्थिति में हैं, तो मुझे लगता है कि मैं अपने देश, अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ी होना चाहती हूं।

# रेड मिनी ड्रेस में मौनी रॉय का हॉट लुक

**मौनी रॉय ने आज कुछ ही देर पहले सोशल मीडिया पर अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया है। इस लुक में मौनी रेड ग्लिटर ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ एक खास कैप्शन भी लिखा है। मौनी की इस पोस्ट के बाद फैंस जमक अपनी राय साझा कर रहे हैं।**

### मौनी का लुक

मौनी ने आज इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया है, जिसमें वह रेड मिनी चमचमाती ड्रेस में नजर आ रही हैं। मौनी ने ऑफ शोल्डर ड्रेस के साथ कई सिजलिंग पोज दिए। उन्होंने इस लुक के साथ ज्वेलरी में सिर्फ एक नेक पीस और एक हार्ट शेप अंगूठी कैरी की है। लाइट वेवी हेयर स्टाइल के साथ मिनिमल मेकअप में मौनी का यह लुक उनके फैंस को बेहद खास लग रहा है।



मौनी ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'कैरोलीन के ब्रह्मांड का जश्न मनाना'। मौनी का यह लुक उनके अब तक के सभी लुक में सबसे अलग है। उन्होंने इस लुक में रंगीन के साथ ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें भी शेयर की हैं। मौनी का यह लेटेस्ट लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, जिस पर वह लगातार अपनी राय शेयर कर रहे हैं।

### फैंस की प्रतिक्रिया

मौनी के इस लेटेस्ट लुक पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'क्रश', एक और फैन ने लिखा, 'हॉट', एक और फैन ने लिखा, 'शानदार', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारा', एक और फैन ने लिखा, 'आप बहुत खूबसूरत हैं', एक और फैन ने लिखा, 'सबसे हॉट।'

# War 2 का बॉक्स ऑफिस पर बिगड़ जाएगा गणित!

## इन तीन फिल्मों से क्लेश कहीं पड़ न जाए भारी

**यशराज बैनर की स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म का नाम वॉर 2 है। सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर इस मूवी का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। एनटीआर के जन्मदिन के खास मौके पर 20 मई को वॉर 2 का धमाकेदार टीजर और रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। लेकिन अब वॉर 2 के मेकर्स के लिए चिंता की बात ये है कि 14 अगस्त 2025 रिलीज होने वाली उनकी मूवी का बॉक्स ऑफिस क्लैश एक नहीं बल्कि तीन-तीन मूवीज के साथ होने वाला है। आइए जानते हैं कि वो कौन सी तीन फिल्में हैं, जो वॉर 2 का गणित बिगाड़ सकती हैं।**



### कुली (Coolie)

बॉक्स ऑफिस पर वॉर पार्ट 2 का भिड़ंत साउथ सिनेमा के मेगा सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड मूवी कुली के साथ होगा। 14 अगस्त को रजनीकांत की कुली को भी दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। ऐसे में इन दोनों मूवीज का बॉक्स ऑफिस क्लैश देखने लायक रहेगा। क्योंकि दोनों ही अगस्त की बड़ी रिलीज हैं, जिनके लिए फैंस में भारी एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है।

### द दिल्ली फाइल्स (The Delhi Files)

साल 2022 में द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्म से सिनेमा जगत में सनसनी मचाने वाले निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने 15 अगस्त 2025 की डेट पहले से ही बुक कर रखी है। उनकी बहुचर्चित फिल्म द दिल्ली फाइल्स इसी दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर देखकर फैंस का उत्साह बढ़ा हुआ है, ऐसे में कहीं न कहीं ये फिल्म भी वॉर 2 के लिए चिंता का विषय बन सकती है।

### द इंडिया स्टोरी (The India Story)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमेशा सिनेमाघरों में एक साथ कई फिल्में रिलीज की जाती हैं। बीते साल 15 अगस्त के मौके पर हॉरर कॉमेडी स्त्री 2, वेदा और खेल खेल में जैसी फिल्में रिलीज हुई थीं। इस बार भी ऐसा ही कुछ देखने को मिलेगा। वॉर 2, कुली, द फाइल्स के अलावा 15 अगस्त 2025 को श्रेयस तलपडे और काजल अग्रवाल की आपने वाली फिल्म द इंडिया स्टोरी भी रिलीज किया जाएगा। हालांकि, इसका आधिकारिक एलान होना अभी बाकी है। इस तरह से वॉर 2 के लिए बॉक्स ऑफिस की राह आसान नहीं रहने वाली। लेकिन जिस तरह से ऋतिक रोशन की इस एक्शन थ्रिलर को लेकर बज बना हुआ है, उसके आधार पर वॉर का सीक्वल सबपर भारी पड़ता नजर आ सकता है।

# एक्ट्रेस ने पार कर दी सारी हदें, 16 की उम्र में बनी स्टार

## दोस्त के पति से ही रचाई शादी, अब कर रहीं ये काम

**आज हम आपको सिनेमा की उस एक्ट्रेस के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपने बचपन में ही काफी नाम का कमाया. आज भी एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस और खूबसूरत लगती हैं. अपने अबतक के करियर में एक्ट्रेस कई स्टार्स के साथ काम कर चुकी हैं. आज उनकी इंडस्ट्री में एक खास पहचान है. चलिए एक्ट्रेस के बारे में जानते हैं.**

जी हम बात कर रहे हैं हंसिका मोटवानी की, जिन्होंने अपनी एक्टिंग से सबका दिल जीत लिया है. हंसिका कई हिंदी, तेलुगु और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं. बचपन से ही सिनेमा की दुनिया में शुमार हंसिका आज भी लाखों दिलों पर राज करती हैं. वो साउथ की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं. बचपन से ही वो काफी फेमस हो गई थीं. एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी. आज इंडस्ट्री में हर जगह नाम कमाने वाली हंसिका सिर्फ 16 साल की उम्र में ही वह स्टार हीरोइन बन गई थीं. टीवी सीरियल 'शाकालाका बूम बूम', 'हम दो हैं' से हंसिका घर-घर मशहूर हो गई थीं. आज हंसिका तेलुगु फिल्मों की सबसे बड़ी सुपरस्टार एक्ट्रेस में से एक मानी जाती हैं. एक्ट्रेस ने अपने डेब्यू से ही सबको दीवाना बना लिया था. लोगों को हंसिका का काम काफी पसंद आया था. हंसिका साउथ के कई सुपरस्टार्स के साथ काम कर चुकी हैं. एक्ट्रेस जूनियर एनटीआर, राम और प्रभास जैसे स्टार्स के साथ शानदार फिल्में की हैं. बता दें कि फिल्मों में अपना जादू चलाने वाली हंसिका ने 4 दिसंबर 2022 को अपने दोस्त के एक्स-हसबैंड सोहेल खटूरिया से शादी कर ली. एक्ट्रेस अभी भी फिल्मों से लगातार जुड़ी हुई हैं.

